स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
3 अगस्त, 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 5
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 342 पृष्ठ 16
संस्करण : नगर
मूल्य : 4 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

श्रीलंका दौरे से पहले भारत को बड़ा झटका, बुमराह टेस्ट सीरीज से बाहर



# नशे का व्यापार दुश्मन देशों के आतंकी एजेंडे का हिस्सा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 28 हजार से ज्यादा जगहों से जुड़े मेरे एक करोड़ से ज्यादा युवा साथियों का अभिनंदन करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मन देश भारत में ड्रग्स भेजकर और युवाओं को निशाना बनाकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।





उन्होंने अवैध ड्रग्स के कारोबार को दुश्मन के 'आतंकवादी एजेंडे' का हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने कहा, 'आज जब देश ने विकसित भारत का लक्ष्य तय किया है, तो इसके लिए जरूरी है देश का युवा तन-मन से स्वस्थ हो और आत्मविश्वास से भरपूर हो। इसके साथ ही ड्रग्स जैसी घातक आदत से हमेशा दूर ही रहे। यही इस अभियान का उद्देश्य है। हम सबको ये संकल्प लेना है कि हमारे युवा नशे और ड्रग्स के खतरों को समझें और हर तरह से जागरूक रहें।' प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'कुछ काम ऐसे होते हैं, जो व्यक्तिगत रूप से कोई प्रयास करे तो कभी-कभी निराश हो जाता है, थकान महसूस करता है, लंबी दूरी चलने में मन तैयार नहीं होता है, लेकिन जब सामूहिक अभियान बन जाता है और कंधे से कंधा मिलाकर करोड़ों लोग चल पड़ते हैं तो ऐसे सभी जो व्यक्तिगत रूप से अपने आप नहीं कर पाते हैं, उनको भी एक ऊर्जा मिल जाती है। आज उस ताकत को लेकर ये अभियान हर युवा मन को छूने वाला है।' उन्होंने कहा, 'आने वाले 100 रविवार 'नशा मुक्त भारत' की दिशा में 100 मजबूत कदम होंगे। आज हजारों स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लाखों विद्यार्थी इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े हैं। समाज का सहयोग, योग और ध्यान की ताकत, ये नशे के खिलाफ हमारे अन्तर्मन को ताकत देते हैं। और आज तो हमारे पास नशा छोड़ने के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर जैसी सुविधाएं भी हैं।' पीएम ने कहा, 'ड्रग्स के खिलाफ अभियान में आज सरकार भी मजबूती से युवाओं के साथ खड़ी है। देश में नशे के कारोबारियों और नशे पर सख्ती से कार्रवाई हो रही है, पहले की तुलना में कई गुना ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं, हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई हैं। ये दिखाता है कि ड्रग्स के खिलाफ हमारी सरकार कितनी सख्त है।'

# सीडब्ल्यूजी : भारत चौथे नंबर पर

**ग्लासगो।** ग्लास्गो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने इतिहास रचते हुए पदक तालिका में चौथे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। 10वें दिन मुक्केबाजी, जूडो, एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 16 मेडल जीते। अब भारत के खाते में अब 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य सहित कुल 39 पदक हो गए हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि इस बार भारत ने कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसे अपने मजबूत खेलों के बिना भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुक्केबाजी में रिकॉर्ड सात स्वर्ण, जूडो में पहली बार दो स्वर्ण और एथलेटिक्स में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों ने भारत के अभियान को यादगार बना दिया। भारत की सबसे बड़ी सफलता मुक्केबाजी में रही। महिला वर्ग में प्रीति पवार (54 किग्रा), जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी चौधरी (51 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और प्रिया घंघास (60 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और अंकुश (70 किग्रा) ने भी गोल्ड अपने नाम किया। लवलीना बोरगोहेन, जादूमणि सिंह और नरेंद्र बेरवाल ने रजत पदक जीतकर भारत का कुल मुक्केबाजी प्रदर्शन 10 पदकों तक पहुंचाया। जूडो में अस्मिता डे और हर्ष सिंह भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता बने। यामिनी मौर्य ने रजत और उन्नति शर्मा ने कांस्य जीतकर भारत को इस खेल में रिकॉर्ड चार पदक दिलाए। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर में कांस्य जीतकर इतिहास रचा।







## मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अलग-अलग अभियानों में पिछले 24 घंटों के दौरान प्रतिबंधित विद्रोही संगठनों से जुड़े नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। उनसे हथियार, गोला-बारूद व अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। रविवार को पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मणिपुर पुलिस और दूसरी सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में थोउबल, तामेंगलोंग, काकचिंग, चंदेल, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों से नौ उग्रवादियों को पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए उग्रवादी कई तरह की आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे, जिनमें अपहरण और जबरदस्ती चंदा वसूलना शामिल है। उग्रवादी संगठन रंगदारी के लिए अक्सर चंदा शब्द का इस्तेमाल करते हैं।सुरक्षाकर्मियों ने पकड़े गए उग्रवादियों के पास से कई आपत्तिजनक दस्तावेज, चंदे की रसीदें, कैश, प्रतिबंधित संगठनों की मुहरें और लेटरहेड, बाओफेंग कम्युनिकेशन हैंडसेट और कई अन्य चीजें बरामद की। पकड़े गए उग्रवादी प्रतिबंधित संगठनों में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और उसके पॉलिटिकल विंग रिवोल्यूशनरी पीपल्स फ्रंट (आरपीएफ) नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग और पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक से जुड़े हैं।

■ हथियार और छह आईईडी बरामद

यूपी विधानमंडल सत्र कल से

## सदन के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सर्वदलीय बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में सोमवार से शुरू हो रहे विधानमंडल के सत्र को लेकर रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सभी दलों के साथ सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से चलाने के लिए सहमति बनाने का प्रयास किया गया। बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर सत्ता पक्ष की तरफ से मौजूद रहे। वहीं, विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, लोकदल के नेता राजपाल बालियान, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना, जनसत्ता दल से कुंवर रघुराज प्रताप सिंह मौजूद रहे। बैठक में सभी विपक्षी दलों से विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को सुचारुरूप ढंग से चलाने की अपील की। वहीं, कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विधानसभा के संचालन की रूपरेखा बनी। चार दिन चलने वाले विधानमंडल सत्र में कई विधायी कार्य पूरे किए जाएंगे।

सत्र में विपक्ष द्वारा राम मंदिर चढ़ावा चोरी समेत की कई मुद्दे उठाए जाने की उम्मीद है।

■ सीएम योगी रहे मौजूद





## नीट यूजी 2026 काउंसलिंग का शेड्यूल जारी


**नई दिल्ली।** मेडिकल की पढ़ाई का सपना देख रहे नीट-यूजी 2026 अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने एमबीबीएस और अन्य स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए काउंसलिंग का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके अनुसार ऑल इंडिया कोटा की पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी, जबकि 2026-27 का नया शैक्षणिक सत्र 8 सितंबर से आरंभ होगा। एमसीसी के अनुसार, डीम्ड और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के लिए पहले चरण की काउंसलिंग 4 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगी। इस राउंड में सीट आवंटित होने वाले अभ्यर्थियों को 22 अगस्त तक संबंधित संस्थान में रिपोर्ट कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद दूसरे चरण की काउंसलिंग 24 अगस्त से 2 सितंबर तक, तीसरे चरण की काउंसलिंग 10 सितंबर से 18 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वहीं, स्ट्रे वैकेंसी राउंड 28 सितंबर से 3 अक्टूबर तक चलेगा। इस राउंड के बाद प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

■ चार अगस्त से शुरू होगी प्रक्रिया

■ आठ सितंबर से नए सत्र की शुरुआत

## पाकिस्तान बिकता नहीं, किराए पर चलता है : रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान की दोहरी विदेश नीति और आतंकवाद को लेकर उसके रवैये पर अमेरिका में फिर सवाल उठे हैं। अमेरिकी पत्रिका



'द नेशनल इंटरेस्ट' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका वर्षों से यह गलती करता रहा कि वह पाकिस्तान को 'खरीद' सकता है, जबकि वास्तविकता यह है कि इस्लामाबाद किसी एक पक्ष का स्थायी सहयोगी नहीं, बल्कि अपने हितों के अनुसार किराए पर उपलब्ध रहने वाली शक्ति की तरह व्यवहार करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के लिए पाकिस्तान की यही नीति कभी-कभी रणनीतिक फायदा भी देती है, जबकि चीन को इस स्थिति से मजबूरी में समझौता करना पड़ रहा है। रिपोर्ट में ईरान-अमेरिका संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा गया कि पाकिस्तान ने दोनों देशों से रिश्ते बनाए रखते हुए युद्धविराम कराने में भूमिका निभाई, जिससे कुछ समय के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुल सका। रिपोर्ट का दावा है कि फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे अमेरिका के पारंपरिक सहयोगी यह भूमिका नहीं निभा सकते थे और यह काम केवल संतुलन साधने वाला देश ही कर सकता था। रिपोर्ट में पाकिस्तान की

■ अमेरिका को बेवकूफ बना रहा पाक

इसी रणनीति का दूसरा उदाहरण जून 2025 में अजरबैजान के साथ हुए करीब 4.6 अरब डॉलर के रक्षा समझौते को बताया गया। इसके तहत पाकिस्तान 40 जेएफ-17 लड़ाकू विमान अजरबैजान को देगा। रिपोर्ट के अनुसार, यह विमान चीनी डिजाइन, रूसी इंजन और पाकिस्तानी निर्माण का मिश्रण है, जिससे इस्लामाबाद चीन के साथ अपने संबंधों का आर्थिक लाभ भी उठा रहा है।

सांसद पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा, सांसद ने कहा-

## चाकू से हमले की कोशिश की गई

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामे की खबर सामने आ रही है। सांसद पप्पू यादव के साथ कथित तौर पर धक्कामुक्की और मारपीट की गई। इसके बाद पप्पू यादव के समर्थकों ने भी कथित तौर पर उस व्यक्ति की पिटाई की, जिसने दिल्ली स्थित उनके आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हमला करने की कोशिश की थी। सांसद पप्पू यादव ने कहा, मेरे घर में किसी ने घुसकर हमला किया। क्या अब लोग हमसे मिलने भी नहीं आ सकते? चाकू लेकर मारने आया। पप्पू यादव ने दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। लेकिन वह बच गए। उन्होंने कहा कि कुछ बाबा लगातार धमकी दे रहे थे कि 'मुझे मार दो, जला दो, हम 51 लाख रुपये देंगे।' उन्होंने कहा कि उन्होंने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।



## कॉलेजियम : जस्टिस भुइयां ने पारदर्शिता पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** उच्च अदालतों में जजों की नियुक्ति करने वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की प्रणाली पर शीर्ष अदालत के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस उज्जल भुइयां ने ही सवाल उठाए हैं। जस्टिस भुइयां ने कहा कि कॉलेजियम की सिफारिशों में जज के चयन का कारण नहीं बताना, अच्छा काम करने वाले जजों के साथ अन्याय है। यह प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी को भी दर्शाता है। जस्टिस भुइयां ने कानूनी थिंक टैंक विधि की रिपोर्ट के विमोचन पर चर्चा के दौरान कहा, मैंने देखा है कि पिछले तीन कॉलेजियम प्रस्तावों में सिफारिशों के पीछे के कारण नहीं बताए गए। उन्होंने पूछा, क्या कारण न बताना पारदर्शिता के सिद्धांत से पीछे हटने जैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियों व पदोन्नति के कारण उजागर न करने से अयोग्य उम्मीदवारों को न्यायपालिका में प्रवेश करने का मौका मिलता है। कॉलेजियम की पिछली कुछ सिफारिशें एक ही ढर्रे पर नजर आती हैं। जस्टिस भुइयां ने कहा, न्यायपालिका में जनता का विश्वास बनाए रखने और असांविधानिक सोच वाले लोगों को सिस्टम में आने से रोकने के लिए जरूरी है कि सिफारिशों पर खुली चर्चा हो। कारण न बताकर कॉलेजियम उन कई जजों के साथ अन्याय करती है जो वास्तव में उत्कृष्ट हैं। जस्टिस भुइयां ने कोर्ट कार्यवाही के सीधे प्रसारण का समर्थन किया। उन्होंने इसे बीते दशक का सबसे पारदर्शी विकास करार दिया। उन्होंने कहा कि अदालतों का जनता के लिए खुला होना जरूरी है। इससे न्याय प्रणाली में लोगों का विश्वास मजबूत होता है।

■ कहा- जज को क्यों चुना, नहीं बताना बाकी के लिए अन्याय

### 12 अगस्त को लगेगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष की दुनिया में दिलचस्पी रखने वालों के लिए इस साल अगस्त का महीना बेहद रोमांचक होने वाला है। आसमान में एक ऐसी खगोलीय घटना घटने जा रही है, जिसका इंतजार दुनिया भर के वैज्ञानिक और खगोल प्रेमी बेसब्री से कर रहे हैं। 12 अगस्त को सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा कुछ इस तरह आएगा कि तेज धूप वाले दिन में ही अचानक रात जैसा घना अंधेरा छा जाएगा। सबसे खास बात यह है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में प्रकृति का यह दुर्लभ और अद्भुत नजारा पूरे एक सदी यानी 100 साल बाद देखने को मिलेगा। इस पूर्ण सूर्य ग्रहण को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह स्पेन में देखा जा रहा है।

### बारामूला में ओवर ग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षाबलों ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एमपी-5 पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, मैगजीन, मोबाइल फोन और बैग बरामद हुआ है। मामले में शिरी थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। सुरक्षाबलों ने रविवार को जंदफरन-गोरिवान क्रॉसिंग पर नाकेबंदी की थी। इसमें 46 राष्ट्रीय राइफल्स, एसओजी बारामूला, सीआरपीएफ की 53वीं बटालियन और बीएसएफ की 112वीं बटालियन शामिल थी। जांच के दौरान गोरिवान की ओर से आ रहा एक संदिग्ध नाकेबंदी देखकर भागने लगा। जवानों ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

### मेरठ में पकड़ी गई अवैध पुलिस चौकी

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी पुलिस ने टीपीनगर थाना क्षेत्र के मोहकमपुर में कार्यालय की आड़ में अवैध पुलिस चौकी चलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। इससे जुड़े लोग खुद को सीओ, एसएचओ और दरोगा बताकर लोगों को हनी ट्रैप में फंसाकर वसूली कर रहे थे। इतना ही नहीं उस कार्यालय को पुलिस चौकी साबित करने के लिए वहां वॉकी टॉकी, नेम प्लेट और वर्दी भी रखी जाती थी। इस मामले में फर्जी एसएचओ और दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।एक डेयरी संचालक की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। आरोपियों के गिरोह में शामिल शशांक शर्मा ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर डेयरी संचालक को जाल में फंसाया।






## 'अब न रहे वे पीनेवाले, अब न रही वह मधुशाला!'

सोच, विचार, मानसिकता, संस्कार और संस्कृति के मामले में पीढ़ियों के बीच अंतर्द्वन्द्व, खींचतान और असहिष्णुता की ओर इशारा करते हुए हरिवंशराय बच्चन साहब ने अपनी कालजयी रचना 'मधुशाला' में लिखा है कि– 'अपने युग में सबको अनुपम ज्ञात हुई अपनी हाला / अपने युग में सबको अदभुत ज्ञात हुआ अपना प्याला / फिर भी वृद्धों से जब पूछा एक यही उत्तर पाया / अब न रहे वे पीनेवाले, अब न रही वह मधुशाला!'
शायद तभी जेन–ज़ी यानी जूमर्स कहलाने वाले आधुनिक युग के युवाओं की भाषा-शैली और शब्दावली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'कल्चरल शॉक' का नाम देते हुए इसमें बदलाव और सुधार की आवश्यकता जताई है। लेकिन क्या उन्हें पता नहीं है कि उनके ही निर्वाचन क्षेत्र काशी में होली से पूर्व आयोजित होने वाले सार्वजनिक 'सांस्कृतिक' कवि सम्मेलन में देश के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ और वरिष्ठ-गरिष्ठ कविवृंद भी किन शब्दों, उपमाओं और भावों वाली कविताएं प्रस्तुत करते रहे हैं? उसमें नेताओं, नौकरशाहों, गणमान्यों और संस्थाओं-विभागों के लिए हास्य–व्यंग्य के नाम पर जिस भाषा-शैली का प्रयोग किया जाता है उसके सामने जंतर–मंतर पर जूमर्स द्वारा इस्तेमाल की गई शब्दावली तो कुछ भी नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि हिंदी पट्टी के तमाम प्रदेशों में त्योहारों और शुभ अवसरों पर परिवार–समाज में गाए जानेवाले कई लोकगीतों के बोलों और भावों के सामने भी जूमर्स की भाषा-शैली वाकई बच्चों जैसी ही लगती हैं। यहां तक कि मौजूदा दौर की फिल्मों और ओटीटी सीरीज में धड़ल्ले से जिन शब्दों का इस्तेमाल हो रहा है उसकी तुलना में भी जूमर्स द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्द बेहद साधारण और सामान्य ही हैं। अलबत्ता जूमर्स द्वारा प्रयुक्त 'अस्वीकार्य' शब्दावली से कहीं अधिक अश्लील और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल तो समाज में यत्र-तत्र-सर्वत्र हो रहा है। लिहाजा ऐसा लगता है कि जूमर्स की भाषा-शैली या शब्दावली से कहीं अधिक खीझ इस बात की है कि जिन्हें डोनाल्ड ट्रंप भी 'फादर ऑफ इंडिया' बता चुके हैं उनकी शान में गुस्ताखी करने की किसी की हिम्मत कैसे हुई और ऐसा करने वालों में कच्ची उम्र की बच्चियां भी कैसे बढ़–चढ़कर शामिल हो गईं?
वैसे अब इस पूरे प्रकरण पर सामने आ रही रूढ़िवादियों और परंपरावादियों की प्रतिक्रियाओं ने समाज के उस पाखंड को सामने ला दिया है जिसके तहत हर हाल में तमाम संस्कार, संस्कृति, मर्यादा और शुचिता की अपेक्षाएं महिलाओं और युवाओं पर लादकर उसके अनुपालन के अनुपात में ही उनके व्यक्तित्व और चरित्र का निर्धारण किया जाता रहा है। हालांकि जूमर्स ने बाकायदा सड़क पर उतर कर पूर्ववर्ती पीढ़ियों की सांस्कृतिक अपेक्षाओं के प्रति जिस उच्छृंखलता और बेबाकी के साथ घोर उपेक्षा का भाव दर्शाया है वह किसी भी सभ्य, सुसंस्कृत और मर्यादित समाज में कतई अनुकरणीय या स्वीकार्य नहीं हो सकता है। लेकिन इसके लिए सिर्फ जूमर्स पर ही दोषारोपण करते हुए कुछ गिने–चुने चिन्हित चेहरों को कठोरतापूर्वक शालीनता और मर्यादा का पाठ पढ़ाने के बजाय आवश्यक है कि मूल्यों के स्खलन पर हर स्तर पर चिंतन एवं आत्मावलोकन हो और हर व्यक्ति, हर परिवार, हर संस्था और पूरा समाज इसके लिए आचार, विचार और व्यवहार में सुधार और आवश्यक प्रतिकार की सामूहिक जिम्मेदारी स्वीकार करे।
अलबत्ता, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई पूरे मामले पर मिट्टी डालकर आगे बढ़ने की अपील को अनसुना करते हुए जूमर्स की बातों और हरकतों को नाकाबिले बर्दाश्त करार देकर कानूनी, सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के हिमायतियों को बादशाह अकबर के नवरत्नों में शामिल अब्दुर्रहीम ख़ान-ए-ख़ाना की यह समझाइश नहीं भूलनी चाहिए कि– 'क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात। कह रहीम हरि को घट्यो, जो भृगु मारी लात॥ जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।



नजर और नजरिया - नवकांत ठाकुर





# सावन का पहला सोमवार आज, सजेगा आस्था का रंग

## मंदिरों में विशेष सजावट, शिवालयों में दर्शन व्यवस्था के इंतजाम पूरे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सावन के पहले सोमवार को लेकर राजधानी के शिव मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए शहर के प्रमुख शिवालयों में विशेष सजावट, सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर, कोनेश्वर महादेव, सिद्धनाथ मंदिर, चंद्रिका देवी परिसर स्थित शिव मंदिर, खाटू श्याम परिसर के शिवालय समेत शहर के अन्य प्राचीन शिव मंदिरों में फूलों और रोशनी से विशेष सजावट की गई है। मंदिरों को आकर्षक रूप देने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग दर्शन लाइन, बैरिकेडिंग, पेयजल और मेडिकल सहायता की व्यवस्था की गई है। सावन सोमवार के अवसर पर कई मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के लिए पहुंचने की संभावना है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर समितियों ने स्वयंसेवकों की तैनाती की है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी प्रमुख मंदिर क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारी की है। मनकामेश्वर, बुद्धेश्वर, सिद्धनाथ और कोनेश्वर मंदिरों के आसपास विशेष ट्रैफिक प्लान लागू रहेगा। सावन के दौरान कांवड़ियों की आवाजाही को देखते हुए भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर और स्थानीय घाटों से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों के लिए मार्गों पर निगरानी और सेवा शिविरों की व्यवस्था की जा रही है। इधर, सावन शुरू होते ही बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। फूल, बेलपत्र, धतूरा, रुद्राक्ष, पूजा सामग्री और मिट्टी के पात्रों की दुकानों पर श्रद्धालुओं की खरीदारी बढ़ी है। मनकामेश्वर, चौक और हजरतगंज सहित कई इलाकों में पूजा सामग्री की दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है। सावन के पहले सोमवार को लेकर मंदिरों में भक्ति और उत्साह का माहौल है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन करने और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।



# लखनऊ पूर्वी विधानसभा में विकास का नया अध्याय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ पूर्वी विधानसभा के इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड सहित अनेक क्षेत्रों की कॉलोनियां वर्षों से सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग एवं साइड पटरी जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रही थीं। कच्चे रास्तों, जलभराव एवं बदहाल आवागमन के कारण क्षेत्रवासियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन क्षेत्रों का समग्र विकास केवल विधायक निधि अथवा पार्षद निधि से संभव नहीं था। ऐसी परिस्थितियों में क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लखनऊ पूर्वी विधानसभा के विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इन अविकसित क्षेत्रों के व्यापक विकास का विषय प्रमुखता से रखा। मुख्यमंत्री की प्रेरणा रक्षा मंत्री व लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन से लखनऊ विकास प्राधिकरण के माध्यम से इन क्षेत्रों में सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत विकास कार्यों को स्वीकृति मिली। साथ ही विधायक निधि से भी विभिन्न वार्डों में जनहित के विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं। 1 और 2 अगस्त 2026 को विधायक ने विधायक निधि एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण के माध्यम से स्वीकृत 7 महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 181.19 लाख है।1 अगस्त 2026 को विधायक निधि से स्वीकृत 4 विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इनमें इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के विमल नगर



■ **विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्राथमिकता**

में अनिल कुमार के मकान से श्रवण कुमार गुप्ता के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य (लागत 6.24 लाख), लोहिया नगर वार्ड के सेक्टर-1, विकास नगर स्थित मकान संख्या 1/62 के सामने आनंद बोध पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य (लागत10.34 लाख), शंकरपुरवा प्रथम वार्ड के नेहरू विहार, कल्याणपुर में सन टावर के पीछे अरसद अली के मकान से रमाशंकर गुप्ता के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य (लागत13.80 लाख) तथा विवेकानंदपुरी वार्ड के विज्ञानपुरी, महानगर विस्तार में मकान संख्या-1 से-2 पार्क की ओर साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य (लागत12.58 लाख) शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में पार्षद प्रतिनिधि सुनील शंखधर, पार्षद राकेश मिश्रा, नामित पार्षद अखिलेश गिरी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह देवड़ी, मंडल महामंत्री नीलिमा त्रिपाठी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। 2 अगस्त 2026 को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें बाबू जगजीवन राम वार्ड के सेक्टर-11 स्थित विरासत समिति पार्क में पाथ-वे के पुनर्निर्माण एवं ओपन जिम की स्थापना (लागत 9.97 लाख), इंदिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के स्वर्ण विहार, गली नं. 3 में अंकित वर्मा के आवास से हनुमान त्रिपाठी के आवास तक सड़क निर्माण कार्य (लागत 63.18 लाख) तथा जरहरा स्थित शगुन इन्क्लेव के आगे प्रभु रेजीडेंसी कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य (लागत 59.08 लाख) शामिल हैं।

## खबर एक नजर

### मित्रता दिवस पर स्नेह मिलन, दोस्तों ने साझा किए पुराने अनुभव



**स्वतंत्र भारत निलमथा।** मेदांता अस्पताल के सामने मित्रता दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मित्रों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और चाय की चुस्कियों के बीच सामाजिक व समसामयिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान वक्ताओं ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि सच्ची मित्रता प्रेम, विश्वास और सम्मान पर आधारित होती है। वरिष्ठ पत्रकार राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि मित्रों का साथ जीवन की बड़ी पूंजी है, जो हर परिस्थिति में संबल देता है। कार्यक्रम में लल्लन यादव, बिजेंद्र यादव, राजू मोहन पांडे, मोहम्मद इजहार, शिवराज यादव, जीत बहादुर सिंह, जे.पी. सिंह, एस.वी. सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने आपसी भाईचारे और मित्रता को मजबूत बनाए रखने का संकल्प लिया।

### नई कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित डॉ. शिव सिंह चौहान बने अध्यक्ष



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्रताप परिषद उत्तर प्रदेश के द्विवार्षिक कार्यकाल 2026-2028 के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी श्री अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि सभी 21 पदों पर एक-एक वैध नामांकन मिलने के कारण मतदान की जरूरत नहीं पड़ी। नई कार्यकारिणी में डॉ. शिव सिंह चौहान अध्यक्ष, श्री राज शेखर सिंह उपाध्यक्ष (प्रथम), राम नगीना सिंह उपाध्यक्ष (द्वितीय) और वीरेन्द्र प्रताप सिंह महामंत्री निर्वाचित हुए। ओम प्रकाश सिंह व ओंकार सिंह संयुक्त मंत्री, हनुमन्त सिंह संगठन मंत्री, बाबू सिंह सिसोदिया कोषाध्यक्ष, विष्णु सिंह प्रचार मंत्री और कमल सिंह कार्यालय मंत्री चुने गए। इसके अलावा 11 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन हुआ। चुनाव अधिकारी ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई।

### इंदिरा नगर में कूड़ा उठान और फॉगिंग की मांग तेज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति की बैठक अध्यक्ष देवी शरण त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कॉलोनियों में नियमित कूड़ा उठान, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए फॉगिंग और अन्य मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की गई। महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि 23 जुलाई को जोन-7 के जोनल अधिकारी विकास सिंह के साथ समस्याओं के समाधान को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन अभी तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। इसे लेकर महासमिति ने नगर आयुक्त से मिलने का समय मांगा है। बैठक में अरविंद पार्क और मुंशी पुलिया क्षेत्र में अतिक्रमण, दीनदयालपुरम में सड़क पर लग रही अवैध सब्जी मंडी, नाला-नालियों की सफाई, पटेल नगर योजना में जलभराव और नियमित कूड़ा उठान जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में कार्यकारिणी अध्यक्ष पी.के. जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, अच्छे लाल वर्मा, सुरेश पांडे, कैलाश जैन, अशोक वर्मा, महेश वाल्मीकि और आर.के. उमराव सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### संत रविदास के सम्मान में निकली कलश वंदन यात्रा



**स्वतंत्र भारत, काकोरी।** संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर काकोरी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने कलश वंदन यात्रा निकाली। भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ जिला की ओर से आयोजित समरसता संकल्प अभियान के तहत मलिहाबाद विधानसभा के काकोरी मंडल में कार्यक्रम हुआ। यात्रा का शुभारंभ बरगद तला मंदिर, काकोरी से भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य और मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल ने विधि-विधान से किया। विजय मौर्य ने कहा कि संत रविदास के विचार सामाजिक समरसता, समानता और मानव कल्याण का संदेश देते हैं। कलश वंदन यात्रा रविदास मंदिर, राम जानकी मंदिर और शीतला माता मंदिर होते हुए प्राचीन शिव मंदिर, वेतवा टिकैतगंज पहुंची, जहां समापन हुआ। कार्यक्रम में विधायक जय देवी कौशल, ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव, काकोरी ब्लॉक चेयरमैन रोहित साहू, विधानसभा संयोजक एवं जिला मंत्री धीरेंद्र मौर्य 'धीरू', जिला कार्यालय मंत्री रविराज लोधी, मीडिया प्रभारी चिंतामणि पांडेय, मंडल अध्यक्ष विपिन सिंह राजपूत, शिशिर यादव, दिवाकर लोधी, राजकुमार कश्यप, जीतू, विनय निगम, शिवमोहन शर्मा, प्रमोद गुप्ता और राम सेवक साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को बांटी गई राहत सामग्री

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साईं माँ के शिष्यों ने शक्तिधाम आश्रम और अस्मिता ट्रस्ट के साथ मिलकर दो सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रमों में आध्यात्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सेवा कार्य शामिल रहे। पहला कार्यक्रम भोजूबीर स्थित शिवाजी मिशन स्कूल में हुआ, जहां शिक्षकों और विद्यार्थियों ने साईं माँ की आरती की। इस अवसर पर स्कूल परिसर में साईं माँ के नाम पर दस फलदार पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, प्रतिनिधि और सोशल एक्शन एंड रिसर्च सेंटर की रंजना गौर मौजूद रहीं। शक्तिधाम आश्रम की ओर से देवेश्वर दास शामिल हुए।वाराणसी में दूसरा कार्यक्रम

■ **कार्यक्रमों में आध्यात्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सेवा कार्य शामिल रहे।**

सिगरा स्थित अस्मिता सेंटर में आयोजित हुआ। यहां आरती और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद जरूरतमंद परिवारों को चावल, दाल, आटा, तेल, नमक और मसाले सहित 100 खाद्य पार्सल वितरित किए गए। सभी प्रतिभागियों को स्नैक बॉक्स भी दिए गए। कार्यक्रम में ड्रीम्स टू डिग्रीज छात्रवृत्ति कार्यक्रम से जुड़ी युवतियां अपने मेंटर अलका और पुष्पा के साथ शामिल हुईं। आयोजन के माध्यम से गुरु पूर्णिमा पर भक्ति के साथ शिक्षा और सेवा के संदेश को आगे बढ़ाया गया।

### मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अभियान का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत नगराम।** पशुपालन विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा नगराम में खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग नियंत्रण अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने अभियान की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण कार्य में तेजी लाने, शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने तथा पशुपालकों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौवंश, भैंस, बकरी समेत अन्य दुधारू पशुओं को समय पर टीकाकरण कराना जरूरी है, जिससे संक्रामक रोगों की रोकथाम हो सके। साथ ही सभी कर्मचारियों को रिकॉर्ड अद्यतन रखने और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पशु चिकित्सालय नगराम के चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी तथा विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# बागवानी के क्षेत्र में लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रहा उत्तर प्रदेश : उद्यान मंत्री

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बागवानी क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उत्तर प्रदेश ने मशरूम उत्पादन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने वर्ष 2024-25 में 51 हजार मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन कर राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। देश के कुल 4.27 लाख मीट्रिक टन मशरूम उत्पादन में उत्तर प्रदेश की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, आधुनिक तकनीकों के उपयोग तथा राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों का परिणाम है। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वैल्यू एडेड फसलों को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इसी दिशा में सफल पहल के रूप में मशरूम उत्पादन भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों की उपज का संरक्षण, मूल्य संवर्धन तथा बेहतर विपणन सुनिश्चित करना है, जिससे उन्हें उनकी उपज का अधिकतम

■ **यूपी के खाते में एक और उपलब्धि, मशरूम उत्पादन में शीर्ष पर**

लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। कम भूमि, कम लागत और मात्र तीन से चार सप्ताह में तैयार होने वाली यह फसल किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उद्यान मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मशरूम उत्पादन, कंपोस्ट मेकिंग एवं स्पान मेकिंग की लगभग 30 इकाइयों को 40 प्रतिशत अनुदान पर स्वीकृत किया गया है। वहीं 200 वर्ग फुट की छप्पर विधि पर आधारित मशरूम इकाइयों के लिए 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये) अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके तहत लगभग 80 इकाइयों की स्थापना की गई है। विभाग द्वारा एक लाभार्थी को अधिकतम पांच इकाइयों तक अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है। यह खेती किसानों के साथ-साथ महिलाओं के लिए भी स्वरोजगार और उद्यमिता का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। लखनऊ, प्रयागराज, सहारनपुर, मीरजापुर, जौनपुर, हरदोई, बस्ती, मेरठ, प्रतापगढ़, रायबरेली, सोनभद्र सहित अनेक जनपदों में मशरूम की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। विभाग किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन से जोड़कर उत्पादन और आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है।

### एकेटीयू : दिलायी नशा मुक्ति की शपथ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री के नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के शुभारंभ का ऑनलाइन प्रसारण किया गया। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में कुलसचिव रीना सिंह, आईईटी एवं कैस के निदेशक प्रो वीरेंद्र पाठक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह सहित अन्य अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों सहित छात्रों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के नशा मुक्ति से संबंधित प्रेरणादायी भाषण को सुना। इस दौरान नशा मुक्त भारत का प्रो वीरेंद्र पाठक से शपथ भी दिलाया। इस मौके पर एसो डीन इनोवेशन डॉ अनुज कुमार शर्मा, उपकुलसचिव डॉ आयुष श्रीवास्तव, उप परीक्षा नियंत्रक नेहा श्रीवास्तव मौजूद थे।

# नशा मुक्त भारत बनाने का युवाओं ने लिया संकल्प

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** माई भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया और मानव श्रृंखला बनाकर समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। प्रतिभागियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है तथा इसके उन्मूलन में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित करना और नशा मुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह, कुलसचिव डॉ. गिरीश छिमवाल, उप कुलसचिव डॉ. राजेश सिंह तथा डीन अकादमिक डॉ. नीरज जैन, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. विकास शुक्ल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सपन अस्थाना, डॉ. आर. पी. दीक्षित, डॉ. सुगत शुक्ल व डॉ. वेद प्रकाश मौजूद थे।

### आईईटी में बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) के अपाला महिला छात्रावास में पहले एक्रलिक फ्लोर्ड कोर्ट का कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने उद्घाटन किया। परिसर के चारों महिला छात्रावास को समर्पित इस बैडमिंटन कोर्ट से छात्राओं में बैडमिंटन के जरिये स्वास्थ्य एवं टीम भावना को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने कहा कि छात्रावास में इस नये एवं पहले बैडमिंटन कोर्ट का फायदा छात्राओं को मिलेगा। पढ़ाई के साथ ही खेल के लिए समय निकालना बेहद जरूरी है। ताकि तन और मन दोनों स्वस्थ हो सकें। इस दौरान आईईटी के निदेशक प्रो वीरेंद्र पाठक, प्रो सुबोध बैरिया, चीफ वार्डन प्रो अरूणिमा वर्मा, प्रो सीतालक्ष्मी, डॉ प्रगति शुक्ला, डॉ अनुज कुमार शर्मा सहित छात्राएं मौजूद थीं।

# लोक संस्कृति शोध संस्थान की पहल

## नई पीढ़ी को भक्ति परंपरा से जोड़ने का प्रयास

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर सात दिवसीय ऑनलाइन श्रावण प्रसंग संगीत कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का निर्देशन वरिष्ठ संगीतज्ञ श्रीमती आशा श्रीवास्तव कर रही हैं। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने बताया कि दो अगस्त से आठ अगस्त तक चलने वाली इस कार्यशाला में तुलसी भजनों के साथ श्रावण मास से जुड़े लोक गीतों का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रतिभागियों को गीतों के भाव, उच्चारण और प्रस्तुति की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला के पहले दिन गोस्वामी तुलसीदास कृत गीतावली के पद 'तू देखि देखि री पथिक परम सुन्दर दोऊ' का अभ्यास कराया गया। इसमें श्रीराम, सीता और लक्ष्मण के वनगमन प्रसंग से जुड़े भावों को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में दो दर्जन से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा ले रहे हैं। तैयार किए गए गीतों की प्रस्तुति तुलसी जयंती पखवाड़े के तहत आयोजित लोक चौपाल में की जाएगी। समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

# जैन मंदिर में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, 42 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आशियाना स्थित दिगंबर जैन मंदिर में उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर मुनिराज के सान्निध्य में जैन मिलन संस्था, लखनऊ की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम आनंदमय वर्षायोग समिति के तत्वावधान में हुआ। समारोह में कक्षा 10 और 12 में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10 में गिनीशा जैन, अरिहंत जैन, आराध्या जैन और अनुभव जैन को तथा कक्षा 12 में गरिमा जैन, श्रेया जैन और राशि जैन को सम्मान मिला। ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखर जैन, आकाश जैन, दिव्य जैन, रूबल जैन, कृतिका जैन, सक्षम शाह और प्रियूष जैन सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में



सफलता पाने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर मुनिराज ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में करीब 42 मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। आयोजन में डॉ. अरुण कुमार जैन, श्री संजय जैन, श्री सुकुमाल जैन, श्री पियूष जैन सहित आदिश कुमार जैन, अजय जैन, चंद्रप्रकाश जैन, सुभचंद जैन और बंटी जैन समेत कई लोग मौजूद रहे।

### सीएमएस में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स शुरू, 200 छात्र ले रहे हिस्सा


**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स (एमयूएन) का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कम्पनी सेक्रेटरी एवं पूर्व चेयरमैन एनआईआरसी ऑफ आईसीएसआई लखनऊ चैप्टर श्री अतुल कुमार रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री रावत ने कहा कि एमयूएन छात्रों में नेतृत्व क्षमता, कूटनीतिक समझ और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने का मंच है। सीएमएस एमडी प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों और समसामयिक विषयों की जानकारी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, मानवाधिकार परिषद, लोकसभा, नाटो, काउंसिल ऑफ यूरोप और इंटरनेशनल प्रेस जैसी समितियों में छात्रों ने वैश्विक मुद्दों पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एमयूएन संयोजिका एवं स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या सुश्री जुनू ठाकुर बिष्ट के मार्गदर्शन में हो रहा है। सम्मेलन में अक्षत प्रताप सिंह, उर्वशी सिंह, अर्थ प्रताप सिंह, प्रखर राज सिंह, संस्कार श्रीवास्तव, मुकुंद नंद द्विवेदी और हार्दिक कृष्णा सहित छात्रों ने विभिन्न जिम्मेदारियां संभालीं।

# कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत करने का किया आह्वान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से दलित चौपाल और सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सर्वजीत कोरी ने की। कार्यक्रम में जमुई सांसद एवं उत्तर



प्रदेश प्रभारी अरुण भारती मुख्य अतिथि, जबकि राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेन्द्र कुमार मुन्ना, प्रदेश अध्यक्ष (मध्य) अरविन्द पासवान और प्रदेश अध्यक्ष (पूर्वी) राजीव पासी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अयोध्या रोड बारून बाजार चौराहा स्थित प्रिया रिसोर्ट एवं लॉन में अयोध्या मंडल प्रभारी सुनील सिंह और विधानसभा प्रभारी पतिराज भारती ने कार्यक्रम के संचालन में भूमिका निभाई। इस दौरान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद सिंह, पंकज शर्मा, प्रदेश महासचिव एवं मीडिया प्रभारी लोकेश कुमार श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहित कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार त्रिपाठी, कमला कुमारी, वेद प्रकाश, अमेठी जिलाध्यक्ष धर्मराज पासवान और कानपुर जिलाध्यक्ष विपिन यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अरुण भारती ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और युवाओं व महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और स्थानीय समस्याओं को नेताओं के सामने रखा।





# मानसून सत्र : विधानसभा की सुरक्षा चाक-चौबंद

## 4 जोन और 10 सेक्टर में बांटा गया पूरा क्षेत्र, 3 से 6 अगस्त तक चलेगा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र-2026 को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक खाका तैयार किया है। विधानसभा सत्र

- एटीएस कमांडो, पीएसी और भारी पुलिस बल रहेगा तैनात
- एंटी सैबोटाज और बम निरोधक टीमें रहेंगी सक्रिय,सीसीटीवी और सोशल मीडिया पर रहेगी नजर

3 अगस्त से शुरू होकर 6 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सुरक्षा के साथ-साथ सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने के लिए विधानसभा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा और विधान परिषद परिसर की गरिमा बनाए रखना तथा किसी भी



अनधिकृत धरना-प्रदर्शन को रोकना प्राथमिकता होगी। इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से पूरे विधान भवन और आसपास के क्षेत्र को 4 जोन और 10 सेक्टर में विभाजित किया गया है। कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था संभालने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर सुरक्षा इकाइयों तक की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था में 3 अपर पुलिस उपायुक्त और 11 सहायक पुलिस आयुक्त लगाए गए हैं। इसके अलावा 6 कंपनियां पीएसी/आरआरएफ और एटीएस की 3 विशेष कमांडो टीमें तैनात रहेंगी। सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में कुल 30 निरीक्षक, 268 उपनिरीक्षक, 617 मुख्य आरक्षी व आरक्षी, 162 महिला आरक्षी और 67 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। इसके अलावा यातायात व्यवस्था संभालने के लिए 13 निरीक्षक, 61 उपनिरीक्षक, 191 मुख्य आरक्षी व आरक्षी तथा 67 होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। विधान भवन की सुरक्षा के लिए एलआईयू की टीमों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया है। महत्वपूर्ण स्थानों और प्रवेश द्वारों पर एंटी सैबोटाज चेकिंग, एंटी माइन टीम और बम निरोधक दस्ते जांच करेंगे।सुरक्षा व्यवस्था में 18 डीएफएमडी, 2 बम निरोधक दस्ते, 1 एंटी माइन टीम और 4 एंटी सैबोटाज चेक टीमें भी सक्रिय रहेंगी। विधान भवन परिसर और आसपास के क्षेत्र की निगरानी के लिए सीसीटीवी कंट्रोल रूम बनाया गया है। पूरे क्षेत्र में 24 घंटे रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एटीएस कमांडो, अग्निशमन दल और मेडिकल टीम को भी अलर्ट रखा गया है। सुरक्षा के लिए चार क्विक रिस्पॉन्स टीम भी तैनात की गई हैं। विधानमंडल सत्र के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए प्रमुख चौराहों और मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। बंदरियाबाग चौराहा, डीएसओ चौराहा, रॉयल होटल चौराहा, परिवर्तन चौक, सिकंदरबाग चौराहा और केकेसी तिराहा सहित कई मार्गों पर विशेष यातायात योजना लागू रहेगी। जनसामान्य की सुविधा के लिए यातायात एडवाइजरी भी जारी की जाएगी। ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को साफ वर्दी, बॉडी वार्न कैमरा, वैध परिचय पत्र और ड्यूटी कार्ड के साथ तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। सभी पुलिस, प्रशासनिक और सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त ब्रीफिंग कर ड्यूटी पॉइंट, रूट प्लानिंग और वीवीआईपी प्रोटोकॉल की जानकारी दी गई है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# सदन के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग अपेक्षित : सतीश महाना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार से शुरु हो रहे 18वीं विधानसभा के वर्ष 2026 के तृतीय सत्र के सफल, गरिमापूर्ण एवं सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सकारात्मक सहयोग का

- सदन लोकतांत्रिक विमर्श का सर्वोच्च मंच

अनुरोध किया है। रविवार को विधान भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सदन लोकतांत्रिक विमर्श का सर्वोच्च मंच है। सभी दलों के सहयोग से सदन की कार्यवाही निर्बाध रूप से संचालित होने से सभी सदस्यों को अपनी बात कहने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यों को अपनी बात रखते समय लोकतांत्रिक मूल्यों एवं विधानसभा के नियमों के अनुरूप संयमित, मर्यादित एवं गरिमापूर्ण भाषा का प्रयोग करना चाहिए, जिससे सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित हो सके। महाना ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान सभी दलों के सहयोग से विधानसभा की कार्यवाही सफलतापूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती रही है। उन्हें विश्वास है कि इस बार भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के सहयोग से सदन की कार्यवाही उसी गरिमा, सौहार्द एवं सकारात्मक वातावरण में संचालित होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ संसदीय परंपराओं का निर्वहन करते हुए पक्ष और विपक्ष, दोनों की समान भागीदारी लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करते हुए सदन की गरिमा बनाए रखेंगे। चार दिवसीय इस विधानमंडल सत्र के दौरान अनेक महत्वपूर्ण विधायी एवं वित्तीय कार्य संपन्न किए जाएंगे। साथ ही, इस सत्र में पहली बार सदन में 'वन्दे मातरम का पूर्ण गायन किया जाएगा। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन का सुचारू संचालन सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने कहा कि सभी दलों द्वारा सदन की कार्यवाही के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन का आश्वासन देना लोकतांत्रिक परंपराओं को और सुदृढ़ करेगा।

# सत्र के चलते कई प्रमुख मार्गों पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र-2026 की शुरुआत 3 अगस्त से होने जा रही है। सत्र के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने व्यापक डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था 3 अगस्त से विधानसभा सत्र समाप्त होने तक प्रभावी रहेगी।ट्रैफिक पुलिस के अनुसार विधानसभा, हजरतगंज, जीपीओ, राजभवन और आसपास के इलाकों में सामान्य वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इन मार्गों पर आने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचना होगा। **प्रमुख डायवर्जन-** बंदरियाबाग चौराहा से राजभवन, डीएसओ, हजरतगंज, जीपीओ और विधानसभा की ओर सामान्य वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहनों को लालबत्ती चौराहा, कैंट, गोल्फ क्लब या 1090 चौराहे के रास्ते भेजा जाएगा।डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क और विधानसभा की ओर जाने वाला यातायात पार्क रोड और




मेफेयर तिराहे से होकर गुजरेगा। रॉयल होटल चौराहा से विधानसभा के सामने होकर हजरतगंज जाने पर रोक रहेगी। वाहन कैसरबाग, परिवर्तन चौक, चिरैयाझील या बर्लिंग्टन चौराहा एवं कैंट के रास्ते जा सकेंगे। महानगर की ओर से आने वाली रोडवेज और सिटी बसें सिकंदरबाग, हजरतगंज और विधानसभा मार्ग पर नहीं जाएंगी। इनके लिए बैकुंठ धाम, 1090 चौराहा, बंदरियाबाग और कैंट होकर वैकल्पिक मार्ग तय किया गया है। चारबाग की ओर से आने वाली बसों को केकेसी तिराहे से हुसैनगंज और विधानसभा की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा। ये बसें लोको चौराहा, कैंट या बर्लिंग्टन होकर कैसरबाग जाएंगी। गोमतीनगर से आने वाली रोडवेज और सिटी बसें भी विधानसभा और हजरतगंज मार्ग पर नहीं जा सकेंगी। इनके लिए बैकुंठ धाम, संकल्प वाटिका, चिरैयाझील, कैसरबाग अथवा 1090 चौराहा, बंदरियाबाग और कैंट का मार्ग निर्धारित किया गया है। सिकंदरबाग चौराहा से हजरतगंज और विधानसभा की ओर जाने वाले सामान्य वाहनों को दैनिक जागरण चौराहा, बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील के रास्ते भेजा जाएगा। परिवर्तन चौक और हिंदी संस्थान तिराहा से विधानसभा जाने वाले वाहनों को कैसरबाग, चिरैयाझील, संकल्प वाटिका, सिकंदरबाग, 1090 चौराहा, गोल्फ क्लब और कैंट के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा।

### आपातकालीन सेवा वाहनों को मिलेगी छूट

ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा सत्र के दौरान एम्बुलेंस, शव वाहन, फायर सर्विस और स्कूली वाहनों को चिकित्सकीय या आवश्यक परिस्थितियों में प्रतिबंधित मार्गों से भी जाने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए यातायात नियंत्रण कक्ष के 9454405155 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले डायवर्जन व्यवस्था की जानकारी लेकर ही घर से निकलें, ताकि अनावश्यक जाम और असुविधा से बचा जा सके।

# सारनाथ को मिली वैश्विक पहचान

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया गया है। इस उपलब्धि के साथ सारनाथ देश का 45वां और उत्तर प्रदेश का चौथा विश्व धरोहर स्थल बन गया है। पर्यटन विभाग का मानना है कि इससे प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलेगी, विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 48वें सत्र में 25 जुलाई 2026 को यह घोषणा की गई। इससे पहले उत्तर प्रदेश के ताजमहल, आगरा किला और फतेहपुर सीकरी को विश्व धरोहर सूची में स्थान मिल चुका है। सारनाथ के शामिल होने से प्रदेश की वैश्विक विरासत की पहचान अब पूर्वांचल तक विस्तारित हो गई है।

# मुख्यमंत्री ने विधानभवन में अनेक कार्यों का किया शुभारंभ

## डिजिटल लाइब्रेरी, विधान परिषद मंडप के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वदलीय बैठक से पहले रविवार को विधान भवन में अनेक विकास व सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद मंडप के सौंदर्यीकरण कार्य, विधान भवन भूतल स्थित नवीनीकृत कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इसके पश्चात विधानसभा के नवनिर्मित पॉडकास्ट स्टूडियो समेत अनेक कार्यों का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर जैसे बने मॉडल के भीतर बैठकर उत्तर प्रदेश के इतिहास व विरासत को संजोती धार्मिक तस्वीरों को देखा। यूपी की आध्यात्मिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य की झलक भी देखी। उन्होंने पॉडकास्ट स्टूडियो का अवलोकन किया। सदन



के भीतर जाकर भी वहां की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इसके पहले विधानसभा पहुंचने पर अध्यक्ष सतीश महाना ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, ओमप्रकाश राजभर, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह मौजूद रहे।

# अनाथ, असहाय बच्चों के भविष्य की मजबूत आधारशिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) माता-पिता को खो चुके और असहाय परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के लिए बड़ा सहारा है। संवेदनशील शासन

- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना

और सामाजिक सुरक्षा की सोच के साथ शुरू की गई यह योजना ऐसे बच्चों को आर्थिक मदद देने के साथ उनकी शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित करने का काम कर रही है। योगी सरकार का उद्देश्य है कि उत्तर प्रदेश में किसी भी बच्चे की पढ़ाई आर्थिक अभाव के कारण बाधित न हो। यही कारण है कि योजना के माध्यम से बचपन से लेकर उच्च शिक्षा तक आर्थिक सहायता की व्यवस्था की गई है।इस योजना को केवल बचपन तक सीमित नहीं रखा गया है। ऐसे छात्र-छात्राएं, जिन्होंने माता-पिता दोनों अथवा उनमें से किसी एक को खो दिया है और कक्षा 12 के बाद स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है, उन्हें 18 से 23 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह सहायता 23 वर्ष की आयु पूरी होने अथवा पाठ्यक्रम समाप्त होने तक, जो पहले हो, जारी रहती है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) का दायरा लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश के 1,09,539 बच्चे इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार जरूरतमंद बच्चों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। नियमित आर्थिक सहायता मिलने से बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, पोषण और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल रही है। साथ ही उनके संरक्षक परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ भी कम हुआ है।

# विधान मंडल सत्र में जनता से जुड़े सभी मुद्दों को उठाएगा विपक्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल की बैठक रविवार को समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया सभागार में हुई। विधानमंडल दल की बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की। बैठक में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों-नौजवानों, छात्रों के साथ धोखा किया है। छात्रों, नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। किसानों को खाद-बीज नहीं मिल रहा है। खाद की बोरी से चोरी हो रही है। डीजल-पेट्रोल की बढ़ती महंगाई से खेती की लागत बढ गयी है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। नौजवानों को नौकरी-आरक्षण नहीं मिल रही है। नीट पेपर लीक हुआ। यूपी में भर्ती परीक्षाओं के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए। समाजवादी पार्टी इन सभी मुद्दों को विधानसभा में उठायेगी। विधान मंडल सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक



जनता से जुड़े सभी मुद्दों को उठाएंगे। समाजवादी पार्टी विधान मंडल दल की बैठक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर पेट्रोल में एथनाल मिलाने से, ई-20 से इफेसियंसी बढ़ती है, माइलेज बढ़ता है। मेन्टीनेंस जीरो हो जाता है तो आटोमोबाइल कम्पनियों को विज्ञापन देना चाहिए। लोगों को जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बर्बाद कर दी है। शिक्षा विभाग की भर्तियों में भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा छात्रों को नौकरी-आरक्षण नहीं दे रही है। एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार है। अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी, चंदा चोरी हो गया। रामपुर के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को लेकर पहले दिन से भाजपा सरकार की नीयत ठीक नहीं थी। भाजपा सरकार शिक्षा संस्थानों को बढ़ता हुआ नहीं देख पाती है। यह सरकार अपने कार्यकाल में खुद कोई विश्वविद्यालय नहीं बना पायी, लेकिन जौहर विश्वविद्यालय पर हथौड़ा चलाना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के 10 साल में 26386 स्कूल बंद हो गये। प्राथमिक स्कूलों में छात्रों की संख्या घट गयी है। प्रदेश में कुल 28 लाख छात्रों का नामांकन घटा है।

# दिव्यांग सशक्तिकरण अभियान शुरू 10 अगस्त तक विशेष रोजगार मेले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) द्वारा रविवार से प्रदेशव्यापी 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' का शुभारंभ किया गया। यह विशेष अभियान 10 अगस्त 2026 तक चलेगा, जिसके तहत प्रदेश के सभी जनपदों में विशेष रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0 उसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का मानना है कि दिव्यांगजन में असीम क्षमता है, जरूरत है उन्हें सही कौशल, सही अवसर और सम्मानजनक मंच देने की। यह अभियान दिव्यांग युवाओं को केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नई पहचान देगा।यूपीएसडीएम द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष रोजगार मेलों में निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों को जोड़ा गया है ताकि हमारे दिव्यांग युवा अपनी योग्यता के अनुसार बेहतर नौकरी पा सकें। जो युवा खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उन्हें सरकार ऋण और उद्यमिता योजनाओं के माध्यम से हर संभव मदद देगी। अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पहले और दूसरे चरण में लाभान्वित हुए दिव्यांगजनों का भौतिक सत्यापन भी कराया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे आज भी स्थायी रूप से रोजगार से जुड़े हैं। यह पारदर्शिता और परिणामोन्मुख शासन का प्रतीक है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इस अभियान में कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित दिव्यांग युवाओं के साथ-साथ अन्य योग्य एवं इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# विधान सभा चुनाव से पहले कई बड़े लक्ष्यों को साधने की कोशिश

## बजट में अगले साल होने वाले चुनाव की तैयारियां देखने को मिलेंगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** मंगलवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश किए जाने वाले अनुपूरक बजट में अगले साल होने वाले विधान सभा चुनाव की तैयारियां देखने को मिलेंगी। 25 हजार करोड़ रुपये से

- मंगलवार को पेश होगा अनुपूरक बजट

अधिक के इस बजट में प्रदेश सरकार एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास, धार्मिक पर्यटन पर खास मेहरबान नजर आ सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा के बाद रविवार को बजट की तैयारी के लिए वित्त विभाग खुला रहा, शाम तक विभागों से प्रस्ताव लिए गए। सोमवार को बजट को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बजट के माध्यम से सरकार कुछ



और लोक-लुभावनी योजनाओं-परियोजनाओं को बजट का हिस्सा बना सकती है। मंगलवार चार अगस्त को विधान मंडल के दोनों सदनों में इस वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले अनुपूरक बजट को पेश किया जाना है। 9.12 लाख करोड़ रुपये के मूल बजट के बाद अब अनुपूरक बजट के जरिए भी सरकार चुनाव से पहले कई बड़े लक्ष्यों को साधने की कोशिश करती नजर आएगी।सूत्रों के अनुसार, अनुपूरक बजट में सरकार चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ाने की कोशिश में कई बड़े लक्ष्यों को साधने की कोशिश करती नजर आएगी। सड़क परियोजनाओं खासकर नये लिंक एक्सप्रेसवे और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठीकठाक धन की व्यवस्था दिख सकती है। राज्य मार्गों के लिए भी बड़ी धनराशि जारी होने की उम्मीद है। गंगा और अन्य एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ हरियाली के साथ ही औद्योगिक विकास के लिए भी बहुत कुछ नजर आएगा।

# 9 अगस्त को सीएम आवास से विधानसभा तक निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में आगामी 9 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास से विधानसभा तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने सभी राष्ट्रभक्तों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं से आह्वान किया कि वे क्यूआर कोड के माध्यम से अपना पंजीकरण कर इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रप्रेम, एकता, अखंडता तथा मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना का प्रतीक है। यह यात्रा राष्ट्रध्वज के सम्मान, देशभक्ति और गौरव के प्रति जन-जन में जागरूकता का संदेश देगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास से विधानसभा तक आयोजित होने वाली यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति समर्पण, एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। इसमें समाज के सभी वर्गों, विशेषकर युवाओं की सक्रिय सहभागिता राष्ट्र के प्रति उनके दायित्व और प्रतिबद्धता का परिचायक होगी। इस तिरंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, विधान परिषद सदस्यगण, महापौर, समस्त जनप्रतिनिधिगण, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा लखनऊ के बड़ी संख्या में राष्ट्रभक्त युवा एवं नागरिक सहभागी होंगे।

# महिला कावड़ियों के लिए विशेष प्रबंध जलाभिषेक करने उमड़ पड़ी नारीशक्ति

## संगम और गंगा के प्रमुख घाटों पर चेंजिंग रूम, महिला सहायता केंद्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा, उत्तर प्रदेश की सरकार की प्राथमिकता है। इसका असर श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा पर भी दिख रहा है। कांवड़ यात्रा कर रहे शिवभक्तों में महिला शिवभक्तों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। इन महिला शिव भक्तों की सुरक्षा और सुविधाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है। पवित्र श्रावण मास में शिवभक्त कावड़ियों की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सकुशल संपन्न कराने के योगी सरकार के निर्देश के क्रम में प्रयागराज में भी यात्रा मार्ग, कांवड शिविरों, भंडारों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्था की गई है। संगम नगरी प्रयागराज में कांवड़ लेकर चलने वाली शिवभक्त महिला कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने महिला शिवभक्तों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। प्रयागराज में दशाश्वमेध और संगम घाट से सबसे अधिक महिला कांवड़ियां जल लेकर काशी के लिए निकलती हैं। डीएम प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा बताते हैं कि महिला शिव भक्तों के लिए संगम और गंगा नदी के प्रमुख घाटों पर चेंजिंग रूम और महिला सहायता केंद्र बनाए गए हैं। घाटों पर महिला पुलिस कर्मियों के दस्ते तैनात हैं। आजीविका मिशन की 44 आपदा सखियां भी महिला कांवड़ियों की मदद के लिए मुस्तैद हैं। इसके अलावा प्रयागराज से वाराणसी के बीच बनाए गए कांवड़ पथ में भी प्रमुख स्थानों में जगह-जगह महिला पुलिस एवं वॉलिंटियर्स मुस्तैद हैं। मनकामेश्वर, सोमेश्वर महादेव , ब्रह्मेश्वर महादेव सहित शहर के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में महिला सुरक्षा कर्मी मुस्तैद हैं।भगवान शंकर की आराधना के लिए श्रावण मास में महिलाओं की जितनी लंबी कतारें शिवालयों में लगती थीं, अब उतनी ही उनकी भागीदारी अब कांवड़ यात्रा में भी दिख रही है। छोटे कस्बों और गांवों से बड़ी संख्या में महिला शिवभक्त घरों से निकल कर कांवड़ यात्रा पर जा रही हैं। प्रयागराज के दारागंज के दशाश्वमेध घाट में गंगा जी से जल लेकर काशी के लिए कांवड़ यात्रा पर निकली ज्योति कहती हैं कि अब महिलाएं रास्ते में सुरक्षित हैं, किसी तरह का भय नहीं है इसलिए उनके कस्बे भरवारी से कई महिलाएं कांवड़ यात्रा में जा रही हैं। सदियापुर की मीरा देवी भी परिवार के आठ सदस्यों के साथ प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट से जल लेकर बैजनाथ धाम कांवड़ यात्रा के लिए निकली हैं। मीरा देवी बताती हैं कि उनके साथ उनकी तीन पीढ़ियां इस बार यात्रा में जा रही है। उनके साथ उनकी दो बहुएं, एक बेटी और तीन नातिन भी जा रहीं हैं। इसके अलावा उनका बेटा भी साथ है। मीरा बताती हैं कि अब कांवड़ मार्गों में किसी तरह की असुरक्षा और असुविधा नहीं दिखती। योगी जी की सरकार आने के बाद महिला शिवभक्त हर स्थान पर सुरक्षित हैं।



# संविदा कर्मियों की समस्याओं का तत्काल समाधान हो : संघर्ष समिति

## सुरक्षित एवं मानवीय कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित की जाएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बिजली निगमों में कार्यरत संविदा कर्मियों की लगातार बिगड़ती कार्य परिस्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश सरकार एवं ऊर्जा निगम प्रबंधन से उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। संघर्ष समिति ने कहा है कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुचारू एवं निर्बाध बनाए रखने में संविदा कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन उनकी कार्य परिस्थितियों, सुरक्षा और सेवा संबंधी समस्याओं की लगातार अनदेखी किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

संघर्ष समिति ने कहा कि जमीनी परिस्थितियों से यह स्पष्ट है कि बिजली निगमों में पर्याप्त मानव संसाधन



उपलब्ध न होने के कारण संविदा कर्मियों पर लगातार कार्य का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। अनेक स्थानों पर संविदा कर्मियों से प्रतिदिन 8 घंटे से अधिक तथा सप्ताह के सातों दिन कार्य लिया जा रहा है। यह स्थिति न केवल श्रम नियमों की भावना के विपरीत है, बल्कि इससे कर्मियों के स्वास्थ्य, कार्यक्षमता और सुरक्षा पर भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि विद्युत कार्य अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं संवेदनशील प्रकृति का होता है। लाइन पर फाल्ट ठीक करने, ट्रांसफार्मर एवं उपकेंद्रों पर कार्य करने तथा विद्युत आपूर्ति बहाल करने के दौरान जरा-सी असावधानी भी जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में प्रत्येक संविदा कर्मी को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा उपकरण, आवश्यक प्रशिक्षण, पर्याप्त मानव संसाधन और सुरक्षित कार्य के लिए जरूरी सभी संसाधन उपलब्ध कराना प्रबंधन की अनिवार्य जिम्मेदारी है। इसके बावजूद सुरक्षा उपायों और संसाधनों की कमी के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में अनेक संविदा कर्मियों की जान जा चुकी है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है।

संघर्ष समिति ने कहा कि जो संविदा कर्मी विपरीत परिस्थितियों में दिन-रात मेहनत कर प्रदेश की जनता तक बिजली पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्हें केवल कार्यबल के रूप में नहीं, बल्कि विद्युत व्यवस्था के महत्वपूर्ण मानव संसाधन के रूप में सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए।

संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार एवं ऊर्जा निगम प्रबंधन के समक्ष अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें निजीकरण के नाम पर हटाए गए 25,000 से अधिक संविदा कर्मियों को तत्काल सेवा में वापस लिया जाए, किसी भी संविदा कर्मी से प्रतिदिन अधिकतम 8 घंटे से अधिक कार्य न लिया जाए, प्रत्येक संविदा कर्मी को सप्ताह में एक दिन सवेतन साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जाए, निर्धारित कार्य अवधि अथवा अवकाश के दिन अतिरिक्त कार्य लेने पर नियमानुसार ओवरटाइम का भुगतान किया जाए, सभी संविदा कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा उपकरण, आवश्यक प्रशिक्षण एवं पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर प्रभावित कर्मी तथा उसके परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता, मुआवजा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए तथा संविदा कर्मियों के मानदेय, सेवा सुरक्षा, भुगतान, कार्य की शर्तों एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित लंबित समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

संघर्ष समिति ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते विद्युत उपभोक्ताओं और विद्युत मांग के अनुरूप पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। कर्मियों की संख्या घटाकर और उपलब्ध कर्मचारियों पर लगातार अतिरिक्त कार्यभार डालकर सुरक्षित एवं विश्वसनीय विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती। इसके लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित एवं सुरक्षित कार्यबल की आवश्यकता है।

# तकनीक और पारदर्शिता को बढ़ावा देने पर चर्चा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर और उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी मौजूद रहीं। कुलपति कार्यालय सेकंड कैंपस के डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समारोह में विश्वविद्यालय ने तकनीक और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत की। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी के नेतृत्व में आयोजित समारोह में 1,25,239 विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से उपाधियां दी गईं। 111 मेधावी छात्र-छात्राओं को 204 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत भी की गई। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा और वित्त अधिकारी हिमानी चौधर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम और बजरंग बली वेशधारी कलाकारों को अखिलेश ने किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में रविवार को बजरंग बली (राहुल गुप्ता) और प्रभु श्रीराम (आदित्य वाल्मीकि) वेशधारी कलाकारों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सम्मानित किया और उन्हें 51 हजार रूपए की धनराशि भी प्रदान की। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमने प्रभु श्रीराम जी और प्रभु हनुमान जी का आशीर्वाद लिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस प्रकार एक मजबूर और बेबस कलाकार की प्रतिभा का दुरुपयोग अपना राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए किया वो बेहद निंदनीय है। सबको मालूम है कि कुछ दिनों पहले, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लखनऊ आगमन पर, उनके रथ के आगे एक कलाकार हनुमान जी के रूप में नृत्य करवाया गया था। संपूर्ण विश्व के बजरंगबली के उपासकों में आज तक इससे गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी गरीब कलाकार का कोई दोष नहीं है, क्योंकि भाजपा सरकार में कलाकारों के लिए कोई स्थान नहीं है, इसीलिए वो अपने परिवार को चलाने के लिए विवश हैं। नकारात्मक भाजपाई सदैव सृजनात्मकता के विरोधी रहे हैं क्योंकि सृजनात्मकता रूढ़ियों और रूढ़िवादिता के विरुद्ध ही अपना नया रास्ता निकालती है, जो भाजपा की पुरातनपंथी-दकियानूसी सोच को तनिक भी रास नहीं आता है क्योंकि उनके अंदर रचनात्मकता की अभिव्यक्ति से 'सत्ता विरोधी लहर' के और भी बलवती होने का डर समाया रहता है। इसीलिए चाहे साहित्यकार हो, ईमानदार पत्रकार हो या कोई भी कलाकार, ये भाजपाई और उनके संगी-साथी चाहते ही नहीं हैं कि वो मुखर हो या उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मंच मिले। अगर भाजपाई कलाकारों को कभी मौका देते भी हैं तो अपने सम्मान के लिए, न कि कलाकारों के सम्मान के लिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज हम सबने मिलकर आर्थिक तंगी झेल रहे कलाकार की सहायता की और आगे भी करेंगे, जिससे वो अपने परिवार में चल रही बीमारी और बदहाली का सामना कर सके। उन्होंने कहा कि 'कलात्मकता' मानवता का परिष्कार करती है। कला सहिष्णुता, सद्भाव, सौहार्द, समानता बढ़ाती है, इसीलिए जो लोग बंटवारे की नकारात्मक राजनीति करते हैं वो कलाकारों के विरोधी होते हैं। उन्होंने कहा कि हम हर कलाकार से वादा करते हैं कि जिस प्रकार हमने अपनी सरकार के दौरान कलाकारों को हर तरह से मान-सम्मान और आर्थिक सहयोग किया था, नई सरकार के आने पर भी रचनात्मकता की उस स्वस्थ परंपरा को और भी आगे बढ़ाएंगे और उत्तर प्रदेश से संबद्ध विशेष प्रतिभावानों के सामाजिक योगदान को 'यश भारती सम्मान' व 1 लाख रूपये प्रतिमाह देकर उनका आजीवन अभिनंदन करेंगे। अखिलेश यादव ने याद दिलाया कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक विरासत है। समाजवादी सरकार में रामायण मेला का आयोजन चित्रकूट में किया गया था। वर्षों से भगवान श्रीराम, हनुमान और अन्य पात्रों का जीवंत अभिनय हमें प्रेरणा देता रहा है।

# स्वास्थ्य सुविधा को मिला विस्तार



**स्वतंत्र भारत निलमथा।** कान, नाक और गले से संबंधित रोगों की जांच व उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी डॉ. आस्था के ट्राईसेंस क्लिनिक में। इस अवसर पर क्षेत्र के चिकित्सक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह (रिटायर्ड डीएफओ), डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. आदर्श सिंह और शीला सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। जानकीपुरम में डॉ. आस्था के साथ कार्यक्रम में डॉ. आदर्श द्वारा संचालित जेनेक्स पैथोलॉजी लैब की सेवाओं की भी जानकारी दी गई। आयोजन के अंत में अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

# मायावती ने आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को फिर दिखाया बाहर का रास्ता

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बेहद गंभीर फैसला बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर लिया है। विधानसभा चुनाव के लिए 18 प्रत्याशी फाइनल कर चुकीं मायावती ने पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अनुशासनहीनता के बेहद खिलाफ मायावती ने पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर अपने भतीजे आकाश आनंद के ससुर को अशोक सिद्धार्थ को पहले भी पार्टी से निष्कासित किया था, लेकिन उनके सार्वजनिक रूप से माफी मांग लेने पर उनको वापस ले लिया था।

मायावती ने अशोक सिद्धार्थ के बाद आकाश आनंद को भी पार्टी से बाहर किया था, लेकिन उनकी भी वापसी कराकर नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया है। मायावती ने शनिवार को स्वयं ही टिकट फाइनल करने को लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया था



मायावती ने रविवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि अशोक सिद्धार्थ, पूर्व सांसद को महाराष्ट्र के चुनाव में खासकर पार्टी टिकट के बंटवारे को लेकर बीएसपी महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष आदि के साथ सही से तालमेल करके नहीं चलने की वजह से अनुशासनहीनता व दिशा-निर्देश का उल्लंघन करने पर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था और उन्हें दोबारा पार्टी में इस शर्त के साथ वापस लिया गया था कि वे दोबारा ऐसी गलती नहीं करेंगे। साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश में कहीं पर भी नहीं, बल्कि केवल दूसरे राज्यों में ही पार्टी के जनाधार को बढ़ाने की जिम्मेदारी दी जायेगी।बसपा मुखिया ने आगे लिखा कि उसके बाद भी अशोक सिद्धार्थ को जिन भी राज्यों की जिम्मेदारी बीएसपी कोआर्डिनेटर के रूप में दी गयी वहां इन्होंने अपनी जिम्मेदारी को सही से नहीं निभाया। केवल कर्नाटक ही नहीं बल्कि उड़ीसा व पश्चिम बंगाल इन राज्यों से भी इनकी अनुशासनहीनता अर्थात पार्टी के दिशा-निर्देश के उल्लंघन की खबरें लगातार आते रहने के फलस्वरूप इनको बार-बार चेतावनी देने के बावजूद भी इनमें सुधार नहीं आने की वजह से अशोक सिद्धार्थ को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था। मायावती ने कहा कि इसके बाद भी यूपी में इनके वापस लौटने की खबरें जानबूझकर पार्टी में भ्रम की स्थिति फैलाकर आगामी यूपी विधानसभा आमचुनाव के सघन अभियान को प्रभावित करने का षडयंत्र है। अतः पार्टी व मूवमेंट के हित में अशोक सिद्धार्थ को आज तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है और अब इन्हें पार्टी में आगे कतई भी वापस नहीं लिया जायेगा।

### रणधीर सिंह बेनीवाल को दिखाया बाहर का रास्ता

बसपा अध्यक्ष ने सिद्धार्थ के साथ रणधीर सिंह बेनीवाल (निवासी जिला सहारनपुर) को बीएसपी. कोआर्डिनेटर के रूप में पंजाब सहित हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कशमीर की भी कुछ जिम्मेदारी दी गयी थी। उनके विरुद्ध भी अनुशासनहीनता व पार्टी दिशा-निर्देश का उल्लंघन करने की खबरें लगातार आती रही हैं और अब रणधीर सिंह बेनीवाल को भी पार्टी व मूवमेंट के हित के मद्देनजर आज इनको भी तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

### रामजी गौतम होंगे पंजाब प्रभारी

मायावती ने कहा कि यहां यह भी अवगत कराना है कि शनिवार को पार्टी संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर फेरबदल में राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को अन्य राज्यों के साथ ही पंजाब स्टेट का भी पुनः प्रभारी बनाया गया है। गौतम पंजाब के आगामी विधानसभा आमचुनाव तक ही नहीं बल्कि आगामी लोकसभा आमचुनाव तक भी अपनी इस जिम्मेदारी को निभाते रहेंगे।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

### सूचना

मैंने बमबहादुर के नाम से एल0आई0सी0 की एक पालिसी 215151201 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक में मेरा नाम ओम प्रकाश दर्ज है दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है। ओमप्रकाश पुत्र राम कृपाल, ग्रा0-जनकौरा, पो0-जानकीनगर, गोण्डा।

**सी.आर.- 908/D-28**

### सूचना

मेरा दो नाम मो0 जयुफ उर्फ जयुफ मोहम्मद है, दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हूं। मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाये। जयुफ मोहम्मद पुत्र मुस्तकीम ग्रा0 बल्लीडीह, रघवापुर बलरामपुर।

**सी.आर.- 908/D-25**

### सूचना

मेरा नाम मेरे पति रोहित गुप्ता के पासपोर्ट में त्रुटिवश अर्पिता गुप्ता अंकित हो गया है जबकि मेरे सरकारी व शैक्षिक अभिलेखों में अर्पिता बर्नवाल दर्ज है। अतः अर्पिता बर्नवाल ही सही नाम है। अर्पिता बर्नवाल पत्नी रोहित गुप्ता निवासी मोहल्ला ईदगाह, थाना कोतवाली लखीमपुर, तहसील लखीमपुर, जिला खीरी।

**सी.आर.- 910/D-40**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (RIJVAN रिजवान) जो अपना नाम बदल कर (MOHAMMAD RIZWAN मोहम्मद रिजवान) कर रहा है। और मेरे पिता का सही नाम MOHD USMAN है। इसी नाम को मेरे सरकारी व अन्य सरकारी अभिलेखों में दर्ज किया जाए तथा इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHAMMAD RIZWAN मोहम्मद रिजवान काज़ीपुरा उत्तरी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच।

**सी.आर.- 911/D-50**

### गुमशुदा



सर्वविदित को कि मेरे बड़े भाई रामसजीवन पुत्र जगपाल अरसा 08 मई, 1995 को घर से बाहर गए और आज तक लौटकर नहीं आये न किसी द्वारा कहीं देखे गए। **मैं/ राममूर्ति पुत्र जगपाल नि. पिण्डौली, वि. खंड व थाना व शिवगढ़, प. कुम्हरावां, महराजगंज, रायबरेली।**

**सी.आर.- 912/D**

**माता वैष्णों शैल्यावाला हरिप्रकाश इण्टर कालेज, रघुनाथपुर-खण्डहर परशुरामपुरी (जलालाबाद) जनपद शाहजहाँपुर पिन कोड 242221**

**आवश्यकता है**

**प्रधानाचार्य-** 01 पद
(हिन्दी एवं अंग्रेजी वार्तालाप में दक्षता एवं 5 वर्ष का अनुभव) (एवं TGT-PGT अध्यापकों की)
**अंग्रेजी** 01 पद
**रसायन विज्ञान-** 01 पद
**जीव विज्ञान-** 01 पद
**हिन्दी-** 01 पद
**गणित-** 01 पद
**संस्कृत-** 01 पद
**कम्प्यूटर आपरेटर-** 01 पद
**म्यूजिक टीचर-** 01 पद
**क्रीड़ा अध्यापक-** 01 पद
**सहायक अध्यापक (प्राइमरी सेक्शन)-** 02 पद

इच्छुक व्यक्ति तीन कार्य दिवस के अन्दर अपना बायोडाटा mail पर भेजे।

**सम्पर्क सूत्र**
**विकास कुमार सक्सेना**
**(प्रबन्धक)**
**मोबा-9670366667**
email-mvsh30may2015@gmail.com

**सी.आर.- 913/D**



**ROSA POWER SUPPLY COMPANY LIMITED (RPSCL)**
(A Wholly owned subsidiary of Reliance Power Limited)
( 4x300 MW Rosa Thermal Power Project (Rosa TPP)
Hardoi Road, Post Office Rausar Kothi,
District Shahjahanpur, 242406, Uttar Pradesh

## NOTICE INVITING TENDER

**NIT No: RPSCL/RPOWER/NON-TORREFIED BIOMASS PELLETS 26-27/ Dated:03.08.2026**

ROSA POWER SUPPLY COMPANY LIMITED (RPSCL) is operating 1200 MW (4*300 MW) Rosa Thermal Power Project (Rosa TPP) at Shahjahanpur district of Uttar Pradesh.

RPSCL invites bids (techno-commercial and price bid) from prospective bidders for supply of 3,10,000 Metric Tonne (MT) of Agriculture residue based Non-Torrefied Biomass Pellets on Long Term basis for FY 2026-27 on Delivered at Place Unloaded (DPU) basis at Rosa TPP, Shahjahanpur district of Uttar Pradesh required for co-firing in the Thermal Power Plant as per the scope & terms and conditions specified in the tender document. Tender No. RPSCL/RPOWER/NON-TORREFIED BIOMASS PELLETS 26-27 / is available on the Company's website https://www.reliancepower.co.in/web/reliance-power/tenders. Interested Parties/Bidders are requested to download the bid document free of cost and submit their bid before the due date. All information pertaining to corrigendums, addendums, amendments etc. including time extensions, if any, will be placed on the website mentioned above and no corrigendum will be published in the press.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start date to download the tender documents from RPower website | 03/08/2026 from 12:00 Hrs. |
| 2. | Date & Time for submission of queries at RPSCL's Email-id rpscl.biomass@reliancegroupindia.com | Upto 07/08/2026 till 18:00 Hrs |
| 3. | Date & time of Pre-Bid Conference through video conferencing<br>Meeting link:<br>https://reliancepowerlimitedin.webex.com/reliancepowerlimitedin/j.php?MTID=mfb1fe2460a3a0a6aa2e1697699bbc6e5<br>Meeting number: 2511 175 2384<br>Meeting password: vyHRNPfj739 | 11/08/2026 at 15:30 Hrs. |
| 4. | Last date and time for submission of the bids at RPSCL's Email-id rpscl.biomass@reliancegroupindia.com | 17/08/2026 till 23:59:59 Hrs |
| 5. | Date and time for opening of the techno-commercial bids | 19/08/2026 at 15:30 Hrs |

Interested agencies/parties may contact at Mobile-7498078947/8855024580, email-Interested agencies/parties may contact at Mobile rpscl.biomass@reliancegroupindia.com, in case of any assistance.

Sd/-**Head - Procurement; ROSA POWER SUPPLY COMPANY LIMITED.**


# बिजली कंपनियों में कार्मिकों की नियमित भर्ती शुरू कराने की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बिजली कंपनियों में कार्मिकों की नियमित भर्ती शुरू कराए जाने की मांग की है। कहा है कि पिछले छह वर्षों से बिजली कंपनियों में नियमित भर्तियां बंद हैं, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 3.80 करोड़ पहुंच गई है। वर्मा ने कहा है कि 27 मई को राज्य सलाहकार समिति की बैठक में भी उनके द्वारा नियमित भर्ती किए जाने का मुद्दा उठाया गया था लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। बिजली आवश्यक सेवा है और इसमें पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित नियमित कर्मचारी होने चाहिए। प्रदेश की बिजली कंपनियों में लगभग 26 हजार नियमित कार्मिक हैं, जो 3.80 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं की सेवा का भार संभाल रहे हैं। अत्यधिक दबाव के कारण उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर भड़के शिक्षक नेता : महेंद्र सिंह

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने एक आदेश जारी कर शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों तथा प्रतिनिधियों के कार्यालय आने-जाने पर अनेक प्रकार के प्रतिबंध लगाए गए हैं, जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों और कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों के विपरीत है। आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने इस आदेश पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शिक्षक संगठन कोई अपराधी संगठन नहीं हैं, बल्कि शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने का संवैधानिक माध्यम हैं। यदि संगठन के प्रतिनिधियों को अपनी बात रखने के लिए भी अनुमति लेनी पड़े, सामूहिक रूप से मिलने पर रोक लगे और बिना पूर्व अनुमति कार्यालय में प्रवेश से रोका जाए, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक का दायित्व शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना है, न कि संवाद के रास्ते बंद करना। इस प्रकार के आदेश से शिक्षकों में भय और असंतोष का वातावरण पैदा होगा तथा प्रशासन और शिक्षक समाज के बीच दूरी बढ़ेगी। आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने सरकार से मांग की है कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी इस आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों से नियमित संवाद स्थापित किया जाए। शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध व्यवस्था लागू की जाए। भविष्य में ऐसा कोई आदेश जारी न किया जाए जिससे कर्मचारियों के संगठन बनाने और अपनी बात रखने के संवैधानिक अधिकार प्रभावित हों। उन्होंने कहा है कि यदि यह आदेश वापस नहीं लिया जाता है, तो आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से शिक्षकों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# एसटीएफ ने अवैध असलहा तस्कर को 21 तमंचों के साथ दबोचा

## बीएसएनएल ऑफिस के पास से हुई गिरफ्तारी, हथियार बनाने के उपकरण बरामद



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अवैध तमंचे बनाकर सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर के 21 अवैध तमंचे और शस्त्र बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। एसटीएफ उत्तर प्रदेश को यह सफलता 1 अगस्त 2026 को जनपद मेरठ के थाना लालकुर्ती क्षेत्र में मिली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तजम्मुल पुत्र नसीम, निवासी खैरनगर, डॉ. सैन वाली गली, थाना देहलीगेट, जनपद मेरठ के रूप में हुई है। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि पश्चिमी यूपी में अवैध असलहा सप्लाई करने वाले गिरोह का एक सदस्य भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ थाना लालकुर्ती क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर बीएसएनएल ऑफिस से माल रोड जाने वाले रास्ते पर कुड़ाघर के पास घेराबंदी की। मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति मिला, जिसके हाथ में एक बैग और वेल्डिंग मशीन थी। तलाशी लेने पर उसके बैग से 315 बोर के 21 अवैध तमंचे और हथियार बनाने के उपकरण बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से बरामद सामान 21 अवैध तमंचे 315 बोर, 1 हथौड़ी, 11 आरी के पत्ते, 2 रेती, 23 वेल्डिंग रॉड, 1 शिकंजा, 1 वेल्डिंग मशीन, 1 मोबाइल फोन आदि शामिल है। पूछताछ में आरोपी तजम्मुल ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले करीब पांच वर्षों से अवैध शस्त्र बनाने और सप्लाई करने का काम कर रहा था। गिरोह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध तमंचों की सप्लाई करता था। आरोपी ने बताया कि एक 315 बोर का तमंचा वह लोग करीब 4 से 5 हजार रुपये में बेचते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी जेल से बाहर आने के बाद दोबारा इस अवैध कारोबार में सक्रिय हो गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि तजम्मुल को वर्ष 2022 में भी एसटीएफ टीम ने 37 अवैध तमंचों के साथ थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ पहले से भी अवैध हथियार और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना लालकुर्ती, जनपद मेरठ में मुकदमा संख्या 136/2026 के तहत धारा 5/7/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी के अन्य साथियों और गिरोह से जुड़े लोगों की जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में एसटीएफ मेरठ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी जोशी राना, विवेक पंवार, प्रताप सिंह और विनय कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# अवैध स्टैंड के खिलाफ कार्रवाई के दौरान चालक और पुलिस में विवाद, वाहन सीज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित उत्तरेठिया चौराहे पर बीते शनिवार सुबह अवैध रूप से निजी वाहनों में सवारी भरने के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान चालक और पुलिस के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर उसकी बलेनो कार सीज कर दी। जानकारी के अनुसार, रायबरेली निवासी इमरान अपनी निजी बलेनो कार में व्यावसायिक रूप से सवारियां बैठा रहा था। ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस के सिपाही अजय पटेल ने उसे निजी वाहन में सवारी बैठाने से रोका। आरोप है कि इस बात से नाराज चालक ने अभद्रता करते हुए सिपाही से हाथापाई शुरू कर दी। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे टीएसआई विकास कुमार ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन चालक उनसे भी उलझ गया। इसके बाद मौके पर मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने चालक को काबू में लेकर उसकी कार सीज कर दी और उसे पीजीआई पुलिस के सुपुर्द कर दिया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सक्सेना ने बताया कि उत्तरेठिया चौराहे के पास लंबे समय से निजी वाहनों से अवैध रूप से सवारी भरने का काम चल रहा है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों ने इस पर नियमित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीजीआई इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नज़र

### कुएं में गिरी किशोरी की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में विंध्याचल थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव के बैशपुर मजरा में रविवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है। यहां पुराने कुएं में गिरने से 12 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के प्रयास में कुएं में कूदी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। धौरहरा गांव निवासी बसंत लाल गुप्ता की पुत्री सुचिता (12)अपनी मां शकुंतला देवी के साथ घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में निराई-गुड़ाई करने गई थी। करीब 11 बजे प्यास लगने पर किशोरी सुचिता पास स्थित पुराने कुएं पर पानी लेने पहुंची। रस्सी-बाल्टी से पानी निकालते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरी। बेटी की चीख सुनते ही मां शकुंतला देवी बिना देर किए उसे बचाने के लिए कुएं में कूद गई। आसपास मौजूद चरवाहों ने घटना की सूचना गांव में दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को कुएं से बाहर निकाला गया और दोनों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोंई ले जाया गया, जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पुनीत अग्रवाल ने किशोरी सुचिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं शकुंतला देवी का उपचार जारी है।मृत किशोरी सुचिता गांव के कंपोजिट विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा थी। वह तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसकी असामयिक मौत से परिवार सहित पूरे गांव में शोक का माहौल है।घटना को लेकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुरेश दुबे ने बताया कि किशोरी के शव का पंचनामा भरने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पीएसी बैरक में सिपाही का शव फंदे से लटका मिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बाराबंकी जिले की 10वीं वाहिनी पीएसी परिसर स्थित बैरक में रविवार तड़के 2021 बैच के सिपाही का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पीएसी अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान 10वीं वाहिनी पीएसी में तैनात सिपाही दीपक सिंह (30) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मेरठ जिले के रोहटा थाना क्षेत्र का निवासी था। रविवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर साथी जवानों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलने पर दीपक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि सिपाही द्वारा यह कदम उठाने के पीछे के वास्तविक कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच के दौरान ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े पहलू की भी पड़ताल की जा रही है, लेकिन फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सब इंस्पेक्टर रशीद खान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा परिजनों को सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कमांडिंग ऑफिसर ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** श्रावण मास के दौरान काशी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन तथा गंगा घाटों एवं जल क्षेत्रों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रविवार को 11वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) वाराणसी ने आपातकालीन स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अतिरिक्त बाढ़ एवं जल-राहत टीम की तैनाती कर दिया। 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के कमांडिंग ऑफिसर अनूप सिंह बिष्ट ने रविवार को गंगा नदी के किनारे एनडीआरएफ की अतिरिक्त टीम के तैनाती स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि टीम के बचाव कर्मियों के पास अत्याधुनिक बचाव उपकरणों, मोटरबोट, वाटर एम्बुलेंस तथा अन्य जीवनरक्षक संसाधनों को उपलब्ध कराया गया है। सावन मेला अवधि के दौरान पूर्ण सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया रखने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रभावी समन्वय एवं उच्च स्तर की पेशेवर दक्षता बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

# प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी की हत्या



**स्वतंत्र भारत संवादाता लखनऊ।** रहीमाबाद क्षेत्र में पत्नी की हत्या कर शव गोमती नदी में फेंकने के मामले में पुलिस ने पति और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने मिलकर महिला का गला और मुंह दबाकर हत्या की की थी। वारदात के बाद पति ने पुलिस को गुमराह करने के लिए खुद ही पत्नी की गुमशुदगी

■ **शव गोमती में फेंका गुमशुदगी भी खुद दर्ज कराई**

दर्ज करा दी, ताकि मामला घर छोड़कर जाने का लगे। पुलिस के मुताबिक, सहिजना गांव निवासी उमेन्द्र प्रताप सिंह ने 30-31 जुलाई की रात पत्नी अंजली सिंह के लापता होने की सूचना रहीमाबाद थाने में दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। इसी बीच 31 जुलाई को इटौंजा क्षेत्र में गोमती नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान परिजनों ने अंजली सिंह के रूप में की। मृतका के भाई की तहरीर पर रहीमाबाद थाने में हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने शनिवार रात अदौरा मोड़ के पास से पति उमेन्द्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसकी प्रेमिका आरती वर्मा से संबंधों की जानकारी पत्नी अंजली को हो गई थी। वह इसका लगातार विरोध करती थी। इसी बात से परेशान होकर उसने आरती के साथ मिलकर अंजली का मुंह और गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों शव को कार से इटौंजा क्षेत्र ले गए और गोमती नदी में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार, उमेन्द्र ने पत्नी के 32 जेवर घर से हटाकर प्रेमिका आरती को दे दिए, ताकि ऐसा लगे कि अंजली जेवर लेकर घर छोड़कर चली गई है। अगले दिन उसने खुद थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपी प्रेमिका आरती वर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मृतका के 32 जेवर, दो मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी उमेन्द्र प्रताप सिंह के खिलाफ साल 2020 में हरदोई जिले के लोनार थाने में मारपीट, गाली-गलौज और धमकी का मुकदमा दर्ज है। अन्य जिलों में आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

## महिला ने की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक 45 वर्षीय महिला अपने घर में फंदे से लटकी मिली। परिजनों ने उसे तत्काल ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से उन्नाव जिले के सोहरामऊ निवासी मुकेश आर्य अपनी पत्नी रेनू (45) और बेटे हर्ष के साथ सरोजनी नगर के शांति नगर में रहते हैं। मुकेश कपड़े धोने और प्रेस करने का काम करते हैं। शनिवार को मुकेश अपने पैतृक घर सोहरामऊ गए हुए थे। शाम को बेटा हर्ष भी किसी काम से बाहर चला गया था। रात करीब 10 बजे जब हर्ष घर लौटा, तो दरवाजा खुला मिला। अंदर कमरे में पहुंचने पर उसने अपनी मां रेनू को पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ पाया। यह दृश्य देखकर हर्ष के होश उड़ गए।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रदेश में हाई अलर्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कांवड़ यात्रा और आतंकी हमले की आशंका जताते हुए उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री आवास, विधानसभा और रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार देर रात को बैठक कर पुलिस अफसरों को निर्देश दिए है कि प्रदेश में कांवड़ यात्राओं पर सावधानी और सतर्कता बरतने के साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात करने के निर्देश दिए है।इस पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने लखनऊ स्थित विधान भवन, पुलिस मुख्यालय, रेलवे स्टेशन समेत बस अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त रखने के निर्देश दिए है। कावंड यात्रा में विशेष नजर रखते हुए उन्हें सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने के साथ सीसीटीवी कैमरे से नजर रखने को कहा गया है। यूपी एटीएस, एसटीएफ समेत तमाम एजेंसियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

**मेरठ डीआईजी रेंज सतर्क** मेरठ, हापुड़ और बुलंदशहर में बनाई गई अस्थायी थाना और पुलिस चौकियां जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर 12 अगस्त तक जिले के सभी विभागों के अवकाश रद्द कर दिए हैं। विशेष जरूरतों पर वरिष्ठ अधिकारियों से छुट्टी ली जा सकती है। वहीं, सभी शिक्षण संस्थानों में तीन से 12 अगस्त तक छुट्टी घोषित किया है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कांवड़ मार्गों और मेला क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले में एक अस्थायी थाना, नौ चौकियां बनायी गई है। इबुलंदशहर में एक थाना, 17 चौकियां, बागपत में एक थाना 11 चौकियां और हापुड़ जिले में एक थाना और 21 पुलिस चौकियां स्थापित की गई है। यूपी पुलिस को मिला खुफिया इनपुटसूत्रों की माने तो केंद्रीय जांच एजेंसियों से पुलिस को इनपुट मिला है कि पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के इशारे में आतंकी राज्य में किसी भी जिले में बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। आतंकियों के निशाने पर मुख्यमंत्री आवास, विधान भवन, सरकारी इमारतें कावड़ यात्रा और भीड़भाड़ वाले इलाके होने की संभावनाएं है।जम्मू कश्मीर में एक आतंकी घटना हुई है।

# सर्राफा कर्मचारी की पिटाई करने वाले मैनेजर समेत पांच गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के चौक स्थित सर्राफा बाजार में एक ज्वेलरी दुकान के कर्मचारी को दुकान के अंदर बंद कर मारपीट और अपमानित करने के मामले में चौक पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मालिक, मैनेजर समेत पांच आरोपियों को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई 2026 को सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के अफसरिया निवासी गोपाल अवस्थी ने चौक थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका भाई शिवबिहारी सर्राफा बाजार स्थित दिल्ली चैन हाउस में नौकरी करता है। आरोप है कि दुकान के मैनेजर गौरव, मालिक शनि और अन्य कर्मचारियों ने मिलकर उसे दुकान के अंदर बंद कर बेरहमी से मारपीट की तथा अपमानित किया। शिकायत के आधार पर थाना चौक में मु0अ0सं0-166/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(2), 115(2), 352 और 133 में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। विवेचना के दौरान घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर धारा 191(2) बीएनएस भी मुकदमे में बढ़ाई गई। इसके बाद पुलिस ने 1 अगस्त 2026 को सर्राफा बाजार क्षेत्र से सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में शनि सोनी, गौरव रस्तोगी, अमन यादव, सौरभ शर्मा और देवेन्द्र माझी शामिल हैं। सभी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। चौक पुलिस का कहना है कि कानून हाथ में लेने और कर्मचारियों के साथ हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बीबीए छात्र ने पिया कीटनाशक पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** कानपुर के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के एक निजी कॉलेज में बीबीए की पढ़ाई कर रहे छात्र की कथित रूप से कीटनाशक पीने के सात दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गोपाल नगर निवासी पवन शर्मा का बेटा अध्ययन शर्मा (22) निजी कॉलेज में बीबीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। परिजनों का आरोप है कि कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा से उसका करीब एक वर्ष से परिचय और प्रेम संबंध था। कुछ दिन पहले दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद छात्रा ने उसका मोबाइल नंबर और सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इससे वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। परिजनों का कहना है कि घर लौटने के बाद युवक ने कथित रूप से कीटनाशक पी लिया। कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उल्टियां होने पर उसने खुद परिजनों को पूरी बात बताई।

# नीलगाय से टकराई कार, विधायक इंद्राणी वर्मा बाल-बाल बचीं

## घायल नीलगाय के उपचार के लिए वन विभाग की टीम पहुंची



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले की भिनगा विधायक इंद्राणी वर्मा रविवार सुबह लखनऊ जाते समय सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं। उनकी कार कैसरगंज स्थित एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के समीप अचानक सड़क पर आए एक नीलगाय से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि विधायक समेत वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। सभी को मामूली चोटें आई, किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के पास अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। चालक ने वाहन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन नीलगाय के अचानक सामने आने से टक्कर हो गई। वाहन की रफ्तार नियंत्रित होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक मशकूर हबीब मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल दूसरी कार की व्यवस्था कर विधायक इंद्राणी वर्मा को सुरक्षित लखनऊ के लिए रवाना कराया। स्थानीय लोगों ने उनकी तत्परता और सहयोग की सराहना की।हादसे में नीलगाय का एक पैर टूट गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल वन्यजीव का उपचार कर उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई शुरू की। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर नीलगाय समेत अन्य वन्यजीव अक्सर सड़क पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से संवेदनशील क्षेत्रों में चेतावनी संकेतक, सुरक्षा उपाय और वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही के लिए प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की है।

# भगौली तीर्थ जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, कई घायल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सावन माह में जलाभिषेक के लिए भगौली तीर्थ जा रहे शिव भक्तों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रविवार को बड्डूपुर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में उतर गई। हादसे में कई कांवरिए घायल हो गए, जिनमें अभिषेक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। क्षेत्राधिकारी जगत नारायण के अनुसार सीतापुर जिले के महमूदाबाद थाना क्षेत्र के शहरा गांव से करीब 30 श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर बड्डूपुर थाना क्षेत्र स्थित भगौली तीर्थ में जल भरने जा रहे थे। सुरजना भारी मोड़ के पास तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खेत में उतर गई, जिससे उसमें सवार श्रद्धालु गिरकर घायल हो गए। हादसे में अभिषेक पुत्र रामनरेश, उत्तम, उमाशंकर, सचिन और अमित समेत कई कांवरिए घायल हुए। गंभीर रूप से घायल अभिषेक को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य घायलों का भी उपचार कराया गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और पुलिस के साथ मिलकर राहत कार्य में जुट गए। क्षेत्राधिकारी जगत नारायण ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। प्रथम दृष्टया दुर्घटना तेज रफ्तार और वाहन के अनियंत्रित होने के कारण हुई प्रतीत होती है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है

# एटीएस जवान कर रहे कांवड़ यात्रा की निगरानी

## सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर, मठ मंदिर और शिवालयों में सादी वर्दी में तैनात पुलिस



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जम्मू कश्मीर में आतंकी घटना के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। लखनऊ, वाराणसी, मथुरा, अयोध्या समेत जिलों के कई बड़े प्रमुख मठ, मंदिर और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई गई हैं। कांवड़ यात्राओं पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। एटीएस एसटीएफ और स्थानीय एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने राज्य में हाई अलर्ट जारी करते हुए संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जिलों में अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। सोशल मीडिया के सभी प्लेट फार्मों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और कमिश्नरेट पुलिस को अपने-अपने इलाकों में पैदल गश्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोकल इंटलीजेंस को भी सक्रिय किया गया है। जिन जिलों से कांवड़ यात्रा निकलेगी, वहां की पुलिस को भी सतर्क रखा गया है।

### वाराणसी को जोन में बांटा गया



श्रावण मास में काशी विश्वनाथ के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक होती है। इसको देखते हुए शहर को पांच जोन और 13 सेक्टर में बांटा गया है, जहां लगभग आठ हजार पुलिस कर्मियों, पीएसी एनडीआरएफ और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। काशी विश्वनाथ समेत कई प्रमुख घाटों पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सादी वर्दी में पुलिस बल को तैनात किया गया है। कांवड़ यात्रा पर विशेष नजर, एटीएस की तैनाती कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। आशंका है कि कांवड यात्रा में शामिल होकर आराजकत्वों लोग माहैल बिगाड़ सकते है। इसको देखते हुए यात्रा में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से नजर रखी जा रही हैं। इसके अलावा मेरठ, मुजफ्फरनगर और सहारनुपर जैसे जनपद में कावड़ यात्रा मार्ग पर एटीएस के साथ पीएसी की तैनाती की गई है। मुजफ्फरनगर के शिव चौक पर आधुनिक हथियारों से लैस एटीएस के 36 जवानों को तैनात किया गया है। यात्रा मार्ग पर सीसीटीवी, ड्रोन के जरिए 24 घंटे नजर रखी जा रही है। मुजफ्फरनगर डीएम ने तीन से 10 अगस्त तक सभी स्कूलों अवकाश घोषित किया है।



# चारबाग रेलवे स्टेशन पर पकड़ी गई 30 लाख की हेरोइन

## आरपीएफ की अपराध शाखा ने लखनऊ से बेंगलुरु भेजी जा रही थी खेप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन से आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने 30 लाख रुपए हेरोइन बरामद की है। इसकी तस्करी करते पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसे लखनऊ से ट्रेन के माध्यम से बेंगलुरु ले जाकर खपाने की साजिश थी। इनपुट के बाद आरपीएफ क्राइम ब्रांच की टीम ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर शनिवार को एक्शन लिया। प्लेटफार्म नंबर-2 पर हुई चेकिंग के दौरान आरोपी पकड़ा गया। उसके पास से 137 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी गुरमेज सिंह पीलीभीत का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने



बताया कि वह इस हेरोइन को लखनऊ से यशवंतपुर (बेंगलुरु) ले जा रहा था। इसके बाद नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है। आरपीएफ क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा। ताकि, रेलवे क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध आवाजाही पर रोक लगे। ऑपरेशन नारकोश लगातार चलाया जाता रहेगा। कार्रवाई में क्राइम ब्रांच उत्तर रेलवे, ऋक्क्ष क्राइम ब्रांच पूर्वोत्तर रेलवे और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, लखनऊ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है।

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति : योगेंद्र उपाध्याय

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत-संकल्प अभियान' के राष्ट्रीय शुभारंभ के अवसर पर रविवार को उत्तर प्रदेश के सभी राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में उनके प्रेरक संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं माय भारत के सहयोग से देशभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करते हुए नशामुक्त भारत की शपथ ली। साथ ही स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार, समाज और अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, संवाद कार्यक्रम, शपथ ग्रहण एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।'हम सबका एक ही नारा-नशा मुक्त हो देश हमारा ', 'युवा होंगे



नशा मुक्त, भारत बनेगा विकसित' तथा 'नशा छोड़ो, परिवार से नाता जोड़ो' जैसे नारों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। पूरे प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में अभियान को लेकर उत्साह, जनभागीदारी और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उत्तर प्रदेश का प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय राष्ट्र निर्माण का सशक्त केंद्र बनेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), वॉलंटियर्स, शिक्षक और विद्यार्थी इस अभियान के अग्रदूत बनकर गांव-गांव और शहर-शहर तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि अगले 100 सप्ताह तक चलने वाला जन-आंदोलन है। प्रत्येक रविवार विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, एनएसएस, वॉलंटियर्स, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों तथा नागरिक समाज की सहभागिता से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से नशे से प्रभावित युवाओं को परामर्श, उपचार, पुनर्वास और मुख्यधारा से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रदेश के सभी कुलपतियों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक युवाओं का माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कराने का आह्वान करते हुए कहा कि जब समाज, शिक्षण संस्थान और युवा शक्ति एक साथ संकल्प लेते हैं तो परिवर्तन निश्चित होता है। उन्होंने सभी से अगले 100 सप्ताह तक इस अभियान को जन-जन का आंदोलन बनाने और नशामुक्त, स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

# ऑपरेशन मुस्कान: पुलिस ने गुमशुदा युवक को सकुशल किया बरामद, परिजनों से मिलाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस आयुक्त तरूण गावा के निर्देशन में कमिश्नरेट लखनऊ ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत विकासनगर पुलिस ने त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करते हुए घर से लापता हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बेटे के सुरक्षित मिलने पर परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को लगभग 50 वर्षीय एक महिला ने सब्जी मंडी चौकी पर सूचना दी कि उनका 19 वर्षीय पुत्र, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ है, सुबह करीब 11 बजे बिना किसी को बताए घर से चला गया है। युवक के अचानक लापता होने से परिजन काफी चिंतित थे।सूचना मिलते ही चौकी सब्जी मंडी पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने क्षेत्र में व्यापक स्तर पर खोजबीन, सुरागरसी और संभावित स्थानों पर तलाश अभियान चलाया। लगातार प्रयासों के



बाद पुलिस ने युवक को सकुशल बरामद कर लिया।बरामद युवक को उसकी माता और बहन के सुपुर्द कर दिया गया। बेटे को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने खुशी जताई और विकासनगर पुलिस तथा पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की मानवीय, संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। इस अभियान में चौकी प्रभारी सब्जी मंडी उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आनंद कुमार यादव तथा मुख्य आरक्षी अनुज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश और उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाने का अभियान लगातार जारी है तथा आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# फरार चल रहे पांच वारंटी गिरफ्तार, नगराम पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत नगराम।** न्यायालय में लंबे समय से पेशी पर गैरहाजिर चल रहे अलग-अलग गांवों के पांच वारंटियों को नगराम पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में की गई। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि बहरौली गांव निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू के विरुद्ध सन् 2024 में दर्ज मारपीट का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं करोरा गांव निवासी अनिल कुमार रैदास के विरुद्ध सन् 2009 में आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज हुआ था। सन् 2014 में कुबहरा गांव निवासी लक्ष्मी प्रसाद व करोरा गांव निवासी सत्य नरायन के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। जबकि देवती गांव निवासी राम नरायन उर्फ भुल्लू के विरुद्ध सन् 2022 में बलवा समेत जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पांचो आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद लगातार न्यायालय में पेशी पर अनुपस्थित चल रहे थे। कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद हाजिर न होने पर न्यायालय द्वारा सभी के विरुद्ध गिरफ्तारी अधिपत्र जारी किया गया था। माननीय न्यायालय के आदेश व एन बी डब्ल्यू वारंटी अभियान के अंतर्गत रविवार सुबह दबिश देकर पांचों वारंटियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से पांचों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है और लंबे समय से फरार अथवा गैरहाजिर चल रहे वारंटियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# गोसंरक्षण नीति का असर, करोड़ों कमा रहे युवा, बढ़ रहा रोजगार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोसंरक्षण नीति अब केवल देशी नस्लों के संरक्षण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार का मजबूत आधार भी बनती जा रही है। प्रदेश में पंचगव्य आधारित आयुर्वेदिक उत्पादों के जरिए युवा उद्यमी करोड़ों रुपये का कारोबार कर रहे हैं। प्रदेश में देसी गायों के संरक्षण के साथ आयुर्वेदिक फार्मेसी भी संचालित की जा रही हैं। अब परंपरागत भारतीय चिकित्सा पद्धति और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का समन्वय करते हुए आयुर्वेदिक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।बुलंदशहर के एनवायरमेंट इंजीनियर पराग गौड़ ने प्राकृतिक उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचगव्य आधारित 40 से अधिक आयुर्वेदिक उत्पाद विकसित किए हैं। इन उत्पादों में मोटापे के लिए गोमूत्र अर्क, लिवर और किडनी के लिए पुनर्नवादि अर्क, थायरॉइड के लिए कचनारादि अर्क, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए देसी गाय के घी से तैयार च्यवनप्राश, श्वसन संबंधी समस्याओं और कैंसर की बीमारी में कारगर गोमूत्र कैप्सूल, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए फल घृत, बच्चों के विकास के लिए अश्वगंधा घृत, शरीर की मजबूती के लिए शतावरी घृत, आंखों के लिए त्रिफला घृत तथा पेट संबंधी रोगों, बवासीर, आईबीएस और गैस की समस्या में उपयोगी तक्रारिष्ट प्रमुख हैं। इन उत्पादों के माध्यम से स्वदेशी चिकित्सा पद्धति को भी नई पहचान मिल रही है। इसके जरिए उनका सालाना कारोबार सवा करोड़ से ऊपर पहुंच गया है।वर्ष 2017 से प्रदेश में साहीवाल और थारपारकर जैसी देसी नस्लों की गाय के संरक्षण का अभियान निरंतर चल रहा है। इन नस्लों के संरक्षण के साथ गोआधारित उत्पादों के निर्माण ने गोपालन को आर्थिक रूप से भी लाभकारी बनाया है। इससे गोसंरक्षण को नई दिशा मिली है और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।पराग गौड़ ने बताया कि गोसदन में बैल-कोल्हू तेल परियोजना भी संचालित की जा रही है। इसके लिए बैलों को कोल्हू चलाने के योग्य बनाया गया है। इस पहल से न केवल बैलों का संरक्षण सुनिश्चित हुआ है, बल्कि उनका बेहतर सदुपयोग भी हो रहा है। इस पारंपरिक विधि से निकाला गया शुद्ध तेल 550 से 650 रुपये प्रति लीटर तक उपलब्ध कराया जा रहा है। कोल्हू से प्राप्त शुद्ध खल का प्रयोग गायों के चारे के रूप में उपयोगी होता है, जिससे उनके दूध उत्पादन में भी वृद्धि हो रही है।

## 43 लाख की जमीन हड़पने वाला शातिर भू-माफिया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी में जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर करोड़ों के फर्जीवाड़े पर कार्रवाई करते हुए निगोहां पुलिस ने 43 लाख रुपये की जमीन धोखाधड़ी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों और तथ्यों को छिपाकर पहले से दर्ज भूमि का बैनामा कर लाखों रुपये हड़प लिए थे। पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह कूटरचना कर जमीनों की खरीद-बिक्री करता था और उससे मिलने वाले पैसों से ऐशो-आराम की जिंदगी जीता था।पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता सुनीता यादव ने वर्ष 2025 में निगोहां थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि ग्राम उतरांव स्थित एक भूमि 43 लाख रुपये में अमर बहादुर सिंह से खरीदी थी। विक्रेता ने परिवार की सहमति से बैनामा कराया और पूरी रकम भी ले ली। बाद में दाखिल-खारिज की प्रक्रिया के दौरान पता चला कि संबंधित भूमि वर्ष 2008 की वसीयत के आधार पर पहले से ही आरोपी की पत्नी और पुत्रों के नाम दर्ज थी।

# एडवेंचर टूरिज्म से बदलेगी प्रदेश के अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों की तस्वीर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को नई पहचान देने और प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों से आगे बढ़कर राज्य के ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता दिलाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने महत्वाकांक्षी पहल की है। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को 'द राइडिंग चैप्टर्स : विजिट माय स्टेट' के प्रथम संस्करण का शुभारंभ करते हुए 65 बाइक राइडर्स के दल को लखनऊ के 1090 चौराहे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का उद्देश्य एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कम चर्चित विरासत, प्राकृतिक स्थलों और धरोहरों को नए पर्यटन अनुभव के रूप में देश-दुनिया के यात्रियों के सामने प्रस्तुत करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यटन नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से 65 सदस्यीय बाइक राइडर्स के दल को कालिंजर किले की रोमांचक यात्रा के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लखनऊ से कालिंजर तक की इस यात्रा को सुरक्षित, सुगम और यादगार बनाने के लिए पर्यटन विभाग के साथ-साथ मार्ग में पड़ने वाले सभी संबंधित जिलों के जिलाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। मंत्री ने ये भी कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य पर्यटन विकास को जनभागीदारी से जोड़ना है। इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, एडवेंचर टूरिज्म और अल्पज्ञात स्थलों से जोड़कर उन्हें पर्यटन का सक्रिय दूत बनाना है।'अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने कहा कि 'पर्यटन विभाग राज्य के चर्चित स्थलों के साथ अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय स्थलों को उभारने पर भी ध्यान दे रहा है। बांदा जनपद स्थित कालिंजर का किला ऐसा ही स्थल है, जिसे पर्यटन परिदृश्य में लाने की आवश्यकता है। उत्साह से भरपूर 65 सदस्यीय बाइक सवारों का दल ऐसे स्थलों को प्रमोट करेंगे। उन्होंने कहा कि 'द राइडिंग चैप्टर्स' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो यात्रियों को उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत, ग्रामीण परिवेश और छिपी हुई पर्यटन संपदाओं से जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के प्राकृतिक परिवेश और मानसून के मौसम को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया गया है।'

# खाली प्लाट में मिला युवक का शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फुलवरिया मोड़ के पास स्थित एक प्लाटिंग साइड पर रविवार की सुबह एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा देख उधर से गुजरे लोंगो ने पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।प्रभारी निरीक्षक रामबाबू सिंह ने बताया कि रविवार सुबह 6 बजे के करीब क्षेत्र के फुलवरिया मोड़ के पास प्लाटिंग साइड पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे चौकी इंचार्ज राम सागर गुप्ता ने मृतक युवक के शव को



कब्जे में लेकर आस-पास के लोगो को बुलाकर पहचान कराने का प्रयास शुरू किया,लोगों के द्वारा शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची ज्योतिनगर की महिला मन्नू कुमारी मृतक की पहचान अपने पति 35 वर्षीय मनोज मांझी के रूप में पहचान करते हुये बताया कि पति अत्यधिक शराब पीने के आदी थे, पत्नी ने ही अत्यधिक शराब पीने से पति की मौत होने की आंशका जाहिर की, मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिये भेजा।

## दबंगों ने ठेकेदार को गन प्वाइंट पर लेकर वृद्ध समेत मजदूरों को पीटा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अतरौली क्रासिंग के पास शनिवार की रात एक प्लाटिंग साइड की खराब बिजली लाइन को ठीक कराने बुजुर्ग पिता व मजदूरों संग पहुंचे ठेकेदार पर मनबढ अज्ञात दबंगो ने 50हजार रूपये की रंगदारी ना देने पर ठेकेदार को गन प्लाइंट पर लेकर बुजुर्ग पिता व मजदूरों पर जानलेवा हमला कर दौड़ा दौड़ा कर पीटा। लखनऊ के आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एम निवासी श्वेतांक बाजपेयी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया कि बीते शनिवार की रात 11बजे के करीब मोहनलालगंज क्षेत्र के अतरौली रेलवे क्रासिंग साइड पर स्थित एक प्लाटिंग साइड की खराब विद्युत लाइन को ठीक कराने के लिये अपने बुजुर्ग पिता करूणा शंकर बाजपेयी व मजदूर सत्यप्रकाश,शत्रोन लाल के साथ आये थे तभी दो बाइक सवार चार अज्ञात युवक मौके पर आ धमके और मजदूरों को धमकाने लगे और जिसके बाद ठेकेदार ने पुलिस को सूचना दी।

# धोखाधड़ी के मामले में वांछित प्रॉपर्टी डीलर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी के बिजनौर थाना क्षेत्र में जमीन की फर्जी रजिस्ट्री और धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से वांछित एक प्रॉपर्टी डीलर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी था। पुलिस के अनुसार आरोपी प्लॉटिंग कर जमीन की हेराफेरी करता था और कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुका है।पुलिस आयुक्त तरुण गाबा और संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय अपर्णा कुमार के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस उपायुक्त रल्लापल्ली वसंथ कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर अभिषेक कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार 13 जुलाई 2025 को काकोरी क्षेत्र की रहने वाली जयश्री ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पति प्रेमशंकर के साथ धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकी भी दी। इस शिकायत के आधार पर बिजनौर थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।विवेचना के दौरान मामले में आरोपी अभिषेक शील श्रीवास्तव के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी हुआ। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 1 अगस्त 2026 को काकोरी स्थित आशीष डेवलपर्स के कार्यालय से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलर है और आशीष डेवलपर्स के नाम से कंपनी संचालित करता है।

## दो शातिर गिरफ्तार मोबाइल बरामद

**स्वतंत्र भारत सरोजनी नगर।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरोजनीनगर पुलिस एवं सर्विलांस सेल जोन-दक्षिणी की संयुक्त टीम ने मोबाइल चोरी की वारदात का महज 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस आयुक्त श्री तरुण गाबा एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय अपर्णा कुमार के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी मो. मुश्ताक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस उपायुक्त रल्लापल्ली वसंथ कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर अभिषेक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति के नेतृत्व में गठित टीम और सर्विलांस सेल ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# आईएएस के मकान में रह रहे एसीपी के घर चोरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी लखनऊ कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारियों के मकान सुरक्षित नहीं है तो आम जनता की सुरक्षा की बात करना नाइंसाफी होगी। जिसका बानगी मात्र तालकटोरा थाना क्षेत्र में शनिवार रात एसीपी रंजीत कुमार के घर चोरी हो गई। वर्तमान में उन्ही के सर्किल में आता है थारा मौके पर पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी से आरोपियों की तलाश में जुटी है। तालकटोरा के एमआईएस चौकी क्षेत्र में स्थित आईएएस अधिकारी के मकान में एसीपी बाजारखाला रंजीत कुमार किराए पर रहते हैं। घर से 300 मीटर पर एमआईएस पुलिस चौकी है। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जानकारी के मुताबिक हापुड़ सीडीओ हिमांशु गौतम का सेक्टर-सी में मकान में है। एसीपी रंजीत उन्हीं के मकान में ग्राउंड फ्लोर पर



किराए पर रहते थे। बताया जा रहा है करीब 25 दिन पहले ही शिफ्ट हुए थे। पिछले एक हफ्ते से घर पर नहीं थे। शनिवार देर रात वापस लौटे तब घर का सामान बिखरा देखा। इसके बाद थाने को सूचना दी गई। जानकारी के मुताबिक, मकान मालिक परिवार के साथ नोएडा में रहते हैं। लखनऊ में उनके मकान की देखभाल भाई करते हैं। उनसे ही एसीपी ने मकान किराए पर लिया था। पुलिस इलाके के सभी सीसीटीवी खंगाल रही है। संदिग्ध पर भी नजर बनाए है। हालांकि घटना के बारे में अभी आधिकारिक तौर पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है।

# चौराहे पर सड़क किनारे खड़ी बाहरी बसों के कारण लगा भीषण जाम

## वाहनों की लंबी कतारों में फंसे लोग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी के आलमबाग और मानक नगर क्षेत्र को जोड़ने वाला अवध चौराहा इन दिनों बाहरी जिलों से आने वाली बसों के कारण गंभीर यातायात समस्या का सामना कर रहा है। सड़क पर बसें रोककर सवारियां चढ़ाने और उतारने की वजह से प्रतिदिन सुबह और शाम के व्यस्त समय में भीषण जाम की स्थिति बन जाती है। इसके चलते हजारों वाहन चालक, स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और आम नागरिक घंटों तक जाम में फंसे रहने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई निजी और बाहरी जिलों की बसें निर्धारित बस अड्डों तक जाने के बजाय अवध चौराहे और उसके आसपास सड़क



किनारे ही बसें रोककर सवारियां भरती और उतारती हैं। बसों के अचानक रुकने से पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और कुछ ही देर में पूरा चौराहा जाम की चपेट में आ जाता है। कई बार स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि दोपहिया वाहन भी मुश्किल से निकल पाते हैं। राहगीरों और स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, जाम के कारण एंबुलेंस, स्कूल बसों और अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी प्रभावित होते हैं। लगातार लगने वाले जाम से ईंधन की खपत बढ़ने के साथ-साथ वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि जाम के कारण ग्राहकों का आना-जाना भी प्रभावित होता है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि समय-समय पर अभियान चलाए जाने के बावजूद सड़क पर बसें खड़ी कर सवारी भरने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। लोगों का कहना है कि यदि बाहरी बसों का संचालन केवल निर्धारित बस अड्डों से कराया जाए और सड़क पर बस रोकने वालों के विरुद्ध नियमित कार्रवाई हो, तो इस समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग से मांग की है कि अवध चौराहे पर विशेष अभियान चलाकर सड़क पर अवैध रूप से बसें रोकने वाले चालकों और संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चौराहे पर यातायात प्रबंधन को और प्रभावी बनाया जाए, ताकि राजधानी के इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवागमन सुचारु हो सके और आम जनता को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

# शादी का झांसा देकर दो नाबालिग बहनों को भगाने वाले दो किशोर पुलिस अभिरक्षा में

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र से शादी का झांसा देकर दो नाबालिग बहनों को भगा ले जाने के मामले का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दोनों किशोरों को अभिरक्षा में ले लिया है। पुलिस ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर सीतापुर से दोनों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया। मामले में दोनों किशोरों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।पुलिस के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को पीड़ित पिता ने थाना सुशांत गोल्फ सिटी में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी दो नाबालिग पुत्रियों को अज्ञात युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए दक्षिण जोन पुलिस ने दो विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस ने तकनीकी निगरानी, मोबाइल लोकेशन और अन्य साक्ष्यों के आधार पर लगातार तलाश अभियान चलाया। जांच के दौरान दोनों किशोरों का पता सीतापुर जनपद में चला, जहां गोपालपुर मोड़ से ग्राम पाकड़ नारायणपुर जाने वाले मार्ग पर ग्राम मिश्रपुर (बिसौली) के पास दोनों किशोरों को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में दोनों किशोरों ने पुलिस को बताया कि वे नाबालिग लड़कियों को लखनऊ से अपने साथ ले गए थे और कई दिनों तक विभिन्न रिश्तेदारों के यहां ठहरने की कोशिश करते रहे, लेकिन कहीं भी उन्हें सहारा नहीं मिला। इसके बाद वे लड़कियों को अपने एक रिश्तेदार के गांव ले जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# आशियाना में चला विशेष सफाई अभियान नालियों की सफाई कर हटाया गया कचरा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी के आशियाना क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़

**नगर निगम की टीम ने मुख्य मार्गों और गलियों में चलाया अभियान, स्वच्छता बनाए रखने की नागरिकों से की अपील**

बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने मुख्य सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों की व्यापक सफाई की। कई स्थानों पर जाम नालियों की सफाई कर उनमें जमा गाद और कचरा हटाया गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने का प्रयास किया गया। नगर निगम की टीम ने सड़क किनारे पड़े कूड़े-कचरे का भी निस्तारण कराया तथा क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने सफाई कर्मियों को नियमित रूप से सफाई कार्य करने और स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे घरेलू कूड़ा केवल निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचें। स्थानीय लोगों ने भी नियमित सफाई अभियान चलाने की मांग करते हुए कहा कि समय पर नालियों की सफाई और कूड़ा उठान होने से जलभराव, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम सर्वोच्च प्राथमिकता : डा. आशीष गोयल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) एवं उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम कॉरपोरेशन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक संविदाकर्मी को निर्धारित सुरक्षा उपकरण पहनकर ही मानकों के अनुरूप अनुरक्षण कार्य करना होगा। उन्होंने संविदा कर्मचारी संगठनों से भी अपील की कि वे अपने सदस्यों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करें, जिससे कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। शक्ति भवन में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा एवं संविदा कर्मचारी संघ, लखनऊ के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में अध्यक्ष डॉ. गोयल ने कहा कि प्रदेश के सभी डिस्कॉम में संविदा कर्मियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। यदि किसी कर्मचारी को सुरक्षा उपकरण प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो उसके त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक डिस्कॉम हेल्पलाइन नंबर जारी करेगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य संस्कृति विकसित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें कर्मचारी संगठनों की सक्रिय भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। बैठक में अध्यक्ष ने संविदा कर्मचारी संघ की विभिन्न मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि संविदा कर्मियों की न्यायोचित समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भुगतान, सुरक्षा उपकरण अथवा अन्य किसी प्रकार की समस्या है तो उसे तत्काल संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए, ताकि उसका शीघ्र समाधान कराया जा सके। डॉ. गोयल ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर एक से अधिक विद्युत लाइनें संचालित हैं, वहां अनुरक्षण कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से सभी संबंधित लाइनों का एक साथ शटडाउन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना समाप्त हो सके। बैठक में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक नितीश कुमार, प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) मयूर महेश्वरी, प्रबंध निदेशक (मध्यांचल) संदीप भागिया सहित कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी तथा संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक संपन्न, कई महत्वपूर्ण लिए गये फैसले

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (पूर्वी) उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी बैठक रविवार को प्रदेश अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव के निवास 5/240, विराम खंड, गोमती नगर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उमेश कुमार श्रीवास्तव ने की।

बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर ज्योत्सना श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रमोद निगम, महामंत्री ज्ञान प्रकाश अस्थाना, शमयूर निगम, डॉ. बीएस लाल, अशोक कुमार अस्थाना, गौरव निगम, कृष्णकांत श्रीवास्तव, अतुल निगम, शेखर श्रीवास्तव, अतुल जौहरी, मीडिया प्रभारी संजय निगम, जिला अध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव, विमल कुमार श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव एवं राजीव सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की गोमती नगर इकाई के गठन को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इकाई के अध्यक्ष पद पर संजय निगम एवं बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रवीण श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। नवगठित इकाई को अपनी कार्यकारिणी समिति गठित करने हेतु अधिकृत किया गया।



इसके साथ ही लखनऊ में भगवान चित्रगुप्त महाराज का एक विशाल एवं भव्य मंदिर निर्माण कराए जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इसके लिए एक ट्रस्ट के गठन का प्रावधान पारित किया गया तथा मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्टियों से सहयोग राशि संग्रह करने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। यही नहीं बैठक में हरदोई की एक निर्धन छात्रा द्वारा बीएड पाठ्यक्रम की फीस जमा करने में असमर्थता की स्थिति में महासभा को प्राप्त प्रार्थना पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि छात्रा की शिक्षा निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए आपसी सहयोग से फीस की राशि एकत्रित कर उसे उपलब्ध कराई जाएगी।

इसी तरह संस्था की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में भव्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय महासभा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए कार्यकारिणी के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न शहरों का दौरा किया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेश कार्यकारिणी की अगली बैठक गोमती नगर, विशेष खंड में राजीव श्रीवास्तव के अनुरोध पर आयोजित की जाएगी। अंत में प्रदेश अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# 24 घंटे में मोबाइल चोरी का खुलासा

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** राजधानी के सरोजनीनगर क्षेत्र में मोबाइल चोरी की लगातार हो रही घटनाओं का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के चार महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1.20 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी भीड़भाड़ वाले बाजारों में खरीदारी का बहाना बनाकर लोगों की जेब से मोबाइल चोरी करते थे और बाद में राह चलते लोगों को बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे।पुलिस के अनुसार, गौरी बाजार सब्जी मंडी से मोबाइल चोरी होने की दो अलग-अलग शिकायतें 1 अगस्त को सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई थीं। पहली शिकायत त्रिमूर्ति नगर फेस-1 निवासी राघवेन्द्र प्रताप शाही और दूसरी शिवपुरी हैडिल कॉलोनी निवासी रामप्रताप सिंह ने दर्ज कराई थी। दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।घटनाओं के शीघ्र खुलासे के लिए थाना सरोजनीनगर की दो विशेष टीमों और दक्षिणी जोन की सर्विलांस सेल को लगाया गया। पुलिस ने करीब 50 से 60 सीसीटीवी फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया। तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित होने के बाद रविवार को कैलाश विहार मोड़ के पास दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झारखंड के साहिबगंज निवासी संजय महतो और खदरा, लखनऊ निवासी ताजुद्दीन के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनमें एक आईफोन 11 प्रो, एक रियलमी, एक ओप्पो और एक वीवो कंपनी का मोबाइल शामिल है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनकी मुलाकात करीब दो महीने पहले चारबाग रेलवे स्टेशन पर हुई थी।

**दो शातिर चोर गिरफ्तार; चार महंगे मोबाइल बरामद**

# राम से बड़ा कोई मंत्र नहीं : शंकरदास

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** राम से बड़ा इस ब्रह्मांड में कोई मंत्र नहीं है। यह बात शंकरदास ने विराज खंड गोमती नगर में स्थित विराजेश्वर महादेव मंदिर में श्रीराम कथा के पहले दिन कहीं। उन्होंने कहा इसी कारण शंकर जी राम मंत्र को हमेशा जपते रहते हैं। शंकर दास ने कहा राम नाम है और मंत्र भी है। इस मंत्र का जाप कर भगत कितने भी संकट में हो उससे मुक्ति पा जाता है। यही नहीं इस मंत्र को जप कर भक्त संसार में जो भी चाहता है वह पा सकता है। राम मंत्र को जपने वाला व्यक्ति मरने के बाद भगवान के धाम जाता है। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम ने अयोध्या के सभी नागरिकों को बुलाया और उनसे मानव तन की महत्ता बताई। उन्होंने बताया कि इस मानव तन पाने के लिए देवता भी तरसते हैं। इस मानव तन के लिए स्वर्ग बहुत छोटी चीज है। मानव इस तन से ऐसा कार्य कर सकता है कि वह प्रभु के धाम जा सकता है, जहां से फिर उसे आना नहीं होता है। प्रभु के धाम में आनंद ही आनंद है। शंकर दास ने



कथा में गुरु व संत कृपा पर चर्चा करते हुए कहा यदि गुरु सक्षम हो तो हुआ शिष्य को प्रभु तक पहुंचा सकता है। इस कलयुग में सच्चा गुरु मिलना बहुत मुश्किल है। इस समय गुरु शिष्य का धन तो ले लेता है लेकिन उसे सत मार्ग ले जाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। आजकल अधिकतर लोग अपने कर्म सुधारने में नहीं बल्कि गुरु को ढूंढने में मेहनत कर रहा है जबकि यदि हम अपने कर्म सुधार ले तो गुरु अपने आप मिल जाएगा। उन्होंने कहा संत इस समाज में चलता फिरता तीर्थ है।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण को मिला नया बल

**स्वतंत्र भारत सरोजनी नगर ।** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित 'आपका विधायक, आपके द्वार' अभियान के 177वें सप्ताह के अंतर्गत रविवार को सरोजनीनगर दक्षिण द्वितीय मंडल के मुंशीखेड़ा (राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड) में स्टीमद्वराजेश्वर की ओर से जनसुनवाई शिविर के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल एवं युवा सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए।

जनसुनवाई शिविर में कुल 17 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। इनमें आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क निर्माण, जलभराव, तालाब सौंदर्यीकरण, आंगनबाड़ी सुविधाओं का विस्तार, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, खेल मैदान के विकास, सिलाई मशीन तथा साइकिल सहायता से संबंधित आवेदन शामिल रहे। इनमें से 3 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थी श्री कंधई लाल, श्री गोविन्द राम सोनकर एवं श्री तिलक राम के आयुष्मान भारत कार्ड तत्काल बनवाए गए, जबकि शेष प्रकरणों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया।

शिविर में विजन प्लस के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर भी लगाया गया, जिसमें 68 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के बाद 65 जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराने की घोषणा की गई, जिससे बुजुर्गों को बेहतर दृष्टि और स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

युवा प्रतिभाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 190वें बॉयज यूथ क्लब एवं 125वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर बॉयज यूथ क्लब को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल किट तथा गर्ल्स यूथ क्लब को बैडमिंटन, वॉलीबॉल एवं कैरम किट वितरित की गईं।

शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों इशिका मौर्या (70.6%), आकांक्षा मौर्या (69.4%), वंशिका यादव (63.2%) एवं आदित्य पाल (62.8%) को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कहा गया कि 'आपका विधायक, आपके द्वार' अभियान केवल जनसुनवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सतत प्रयास है। इसी लक्ष्य के साथ सरोजनी नगर को सशक्त, समृद्ध, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है।

# हरियाली का संकल्प: 10 पौधों को किया रोपित

**स्वतंत्र भारत सरोजिनी नगर ।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केशव नगर केशव कुंज कल्याण समिति द्वारा शांति नगर, सरोजिनी नगर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने मिलकर 10 पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत पोस्ट पाम, सफेद कनेर, आंवला और नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में अधिक से अधिक वृक्ष लगाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो क्षेत्र को हरा-भरा और स्वच्छ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक गोविन्द मणि तिवारी एवं संजय सिंह यादव, उपाध्यक्ष हिमांशू, भीतू सिंह, श्रीमती कामिनी चंद्रशेखर सिंह, श्रीमती ममता सिंह एवं मनीष तिवारी, महासचिव श्री अरविन्द कुमार पाल, सचिव श्री राम सिंह यादव, कोषाध्यक्ष श्री अंकित प्रजापति तथा विधिक सलाहकार श्री लक्ष्मी नारायण मिश्रा एवं श्री अक्षय तिवारी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी पदाधिकारियों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प लेते हुए क्षेत्रवासियों से भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि शुद्ध वायु, छाया और संतुलित जलवायु प्रदान कर मानव जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। इसलिए आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनका संरक्षण करना आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया तथा भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता एवं वृक्षारोपण अभियान नियमित रूप से चलाने का निर्णय लिया।

# सरकार आज भी बेटियों के साथ कर रही अन्याय

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश के लिए संकट है। भाजपा सत्ता से हटेगी तभी संकट दूर होगा। प्रदेश की समस्याओं का समाधान होगा। इस सरकार ने छात्रों, नौजवानों, बेटियों के साथ अत्याचार किया। पुलिस से बर्बरता करायी। यह सरकार आज भी बेटियों के साथ अन्याय कर रही है। समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार, मंत्रियों, नेताओं ने आन्दोलनकारी छात्रों के साथ समझौता किया। कहा गया कि छात्रों, नौजवानों के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं दर्ज होगा, उत्पीड़न नहीं होगा लेकिन अब छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिस तरह का व्यवहार हो रहा है, उससे सरकार की क्या क्रेडिबिलिटी रह गई है। आखिर लोकतंत्र में किस पर भरोसा किया जाए?



यादव ने कहा कि फतेहपुर में स्कूल के बच्चों की मांग पीने का पानी और पंखे लगाने की थी। जब मांग मान ली गयी तो बच्चो के साथ अन्याय नहीं करना चाहिए, लेकिन बच्चों और उनके परिवारों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के विधायक, पीड़ित छात्रों के परिवार से मिलेंगे और मदद करेंगे। छात्र और उसके परिवार पर अन्याय नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का दावा करते हैं, उन्हें सरकारी स्कूलों में बिजली, पानी और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। अखिलेश यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा के लोग सरकारी तालाबों, जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। 2017 के पहले जितने महत्वपूर्ण तालाब थे, सबको भाजपा के लोगों ने भूमाफियाओं से मिलकर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि जितने भ्रष्ट जुल्म और पाप करने वाले लोग है, सब भाजपा में है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। इस सरकार में जितने एक्सप्रेस-वे बने सब में भ्रष्टाचार हुआ। एक्सप्रेस-वे बनते ही कई जगह, धंस गये, टूट गये। कहने को माडर्न टेक्नालाजी के साथ लखनऊ-कानपुर सड़क बनायी। लेकिन उद्घाटन के 13 दिन में ही धंस गयी।

# मत्स्य पालन बना ग्रामीण युवाओं की आत्मनिर्भरता का नया आधार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। सरकार की पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्रामीण युवा रोजगार की तलाश में पलायन करने के बजाय अपने गांव में ही स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करें। इसी दिशा में मत्स्य पालन आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन योजनाओं ने आधुनिक तकनीक आधारित मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के साथ हजारों युवाओं के लिए सम्मानजनक स्वरोजगार का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

# विशाल बने सपा के राष्ट्रीय सचिव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद राजधानी निवासी अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव को समाजवादी लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने विशाल श्रीवास्तव को बधाई दी।



# पिकल डोम में हुआ समापन, अगस्त में होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** चिनहट स्थित पिकल डोम में आयोजित द्वितीय लखनऊ जिला पिकलबॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार तकनीक, बेहतर तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन एवं उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास, सदस्य विधान परिषद लखनऊ इंजीनियर अवनीश सिंह और उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव श्री अरविंद शर्मा मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आनंद किशोर पांडेय, सचिव-



लखनऊ पिकलबॉल एसोसिएशन एवं निदेशक-स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया ने की। पिकल डोम के डायरेक्टर एवं आयोजन सचिव श्री रणवीर सिंह ने प्रतियोगिता के सफल संचालन की जिम्मेदारी संभाली। मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में वैष्णवी लोधी और रौनक छाबड़ा की जोड़ी ने निखिल सिंह और जाह्नवी द्विवेदी को 15-3 से हराकर खिताब जीता। पुरुष एकल वर्ग में माधव ने पार्थ को 17-15 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। महिला एकल वर्ग में वैष्णवी लोधी ने जाह्नवी द्विवेदी को 15-0 से हराकर जीत दर्ज की। समारोह में राष्ट्रीय खिलाड़ी अर्जुन शर्मा, संदीप जोशी, साइकिलिस्ट डॉ. प्रभात रंजन सहित कई खेल पदाधिकारी, खिलाड़ी, प्रशिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि विराज सागर दास ने घोषणा की कि अगस्त में बीबीडी ग्रुप की मेजबानी में उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय पिकलबॉल चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## फिर आतंक

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाएं नई बात नहीं हैं। इनके उन्मूलन के लिए सेना एवं अन्य सुरक्षा बल लगातार सघन अभियान चलाते रहते हैं। परिणामस्वरूप कई दिनों तक शांति भी बनी रहती है। लेकिन इसी शांति के बीच फिर हत्या की वारदात फिर पुराने दिनों जैसे हालात पैदा कर देती है। इसका ताजा उदाहरण शनिवार को कुलगाम में हुई दुखद घटना है जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर दो मजदूरों की हत्या कर दी। कुछ ही दिनों पहले अनंतनाग के लाल चौक क्षेत्र में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों पर आतंकवादियों ने फायरिंग कर दी जिसमें एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। इन घटनाओं से साफ है कि राज्य में आतंकवादियों की सक्रियता अभी भी बनी हुई है। उनको केवल मौके का इंतजार रहता है। ये सही है कि पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा प्रबंध बेहद कड़े कर दिए गए थे जिनका असर यह रहा कि लंबे समय तक कोई वारदात होने का मौका नहीं आया। लेकिन अब यह भी साफ है कि इस अतंराल का इस्तेमाल आतंकियों ने नए सिरे से अपनी तैयारियां करने में किया। सुरक्षा इंतजामों में अपने लिए मौके तलाशे और मौका मिलते ही घटना को अंजाम दे दिया। इस मामले में अब यह बात उभर कर सामने आई है कि आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने और कई स्तरों पर सख्ती बरते जाने के बाद आतंकी अब घात लगाकर छोटे हमले करने लगे हैं। यह सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर राज्य में डर का माहौल बनाए रखने की कोशिश है। यह आतंकियों की नई रणनीति है। इसका सामना करने के लिए जरूरी है कि सुरक्षाबल नए तौर-तरीकों को अपनाएं। इसके लिए उन्हें राज्य में अपनी मौजूदगी को और विस्तार देना होगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी आतंकी हमले का मौके पर ही करारा जवाब दिया जाए। एक बात यह भी है कि आतंकी लंबा समय बीतने के बाद अपने पुराने हथकंडे अपनाते हैं। इनका विस्तृत अध्ययन कर इन्हें रोकने के लिए सख्त और सतर्क कदम उठाए जाने जरूरी हैं। इसके अलावा सीमापार स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने वाले आतंकी संगठनों के खिलाफ न केवल देश के भीतर मोर्चाबंदी आवश्यक है बल्कि स्थानीय स्तर पर कुछ बहके लोगों, खासकर युवाओं को उनकी मदद करने के रास्ते से हटाकर सही राह पर लाने की जरूरत है। ये तथ्य कई बार साबित हो चुका है कि आतंकियों के आका पाकिस्तान का केवल एक ही मकसद कश्मीर को अशांत बनाए रखना है।

## तकनीक का फायदा

ठगी, जालसाजी और फर्जीवाड़े के लिए तकनीक के इस्तेमाल की घटनाएं सामने जरूर आ रही हैं लेकिन इससे इसके फायदे कम नहीं हो जाते। भारत जैसे विशाल देश में व्यवस्था को सुचारु बनाने में इसका अपना महत्व है। केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट से पता चला है कि उत्तर प्रदेश में करीब अड़तीस लाख अपात्र लोग गलत तरीके से राशन ले रहे हैं। इस गोलमाल की जानकारी विभागीय ऐप के जरिए आधार कार्ड लिंक की पड़ताल में सामने आई है। यह सफलता तकनीक की मदद से ही संभव हो पाई। नतीजा यह है कि अब प्रदेश सरकार ऐसे अपात्र राशन कार्डधारकों की छानबीन में जुटी है ताकि उनके राशन कार्ड निरस्त किए जा सकें। यह विभागीय ऐप राशन कार्डधारकों की एक क्लिक में पहचान कर ले रहा है। आधार के बैंक खाते या पैन कार्ड से लिंक होने के कारण विभिन्न सेवाओं के ऑनलाइन होने से ऐसे अपात्रों की पहचान आसान हो गई है। यही नहीं, छोटी-मोटी गलतियों को भी ऐप आसानी से पकड़ ले रहा है। तकनीक के इसी लाभ के कारण जब प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र द्वारा चिन्हित सभी करीब सत्तावन हजार अपात्र राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन कराया गया तो पोर्टल पर करीब अड़तीस लाख लाभार्थियों को अपात्र अंकित किया गया। इनमें करीब साढ़े पैंतीस लाख लाभार्थियों का डाटा ही निरस्त कर दिया गया। स्पष्ट है कि इतनी बड़ी संख्या में अपात्र लोग सरकार की कल्याण योजना का अनुचित ढंग से लाभ उठा रहे थे जबकि इससे अन्य जरूरतमंदों को फायदा मिल सकता था। ये योजना का खुला दुरुपयोग तथा शासन की नेक मंशा का गलत ढंग से फायदा उठाने का मामला था। यह खुलासा एक चेतावनी भरी घंटी की तरह है। कल्याण योजनाओं के संचालन से जुड़े अन्य विभागों को भी इससे सबक लेकर अपने कार्यक्रमों की एहतियातन जांच करानी चाहिए ताकि उनमें कोई गड़बड़ी-अनियमितता हो रही हो तो वह सामने आ सके और पात्र लोग ही लाभान्वित हों। तकनीक का प्रयोग होने से दूध का दूध पानी का पानी तो होगा ही, सरकार की छवि भी निखरेगी।

## काँव-काँव

♦♦♦

**सनातन के अपमान का आरोप राहुल, पप्पू और अवधेश पर वाराणसी में एफआईआर**
चोरी का विरोध सनातन का सम्मान है!

**तिरंगे के सहारे बूथ साधेगी भाजपा**
लेकिन डंडों के सहारे यूथ नहीं सध पाएगा!

**बेटियों ने दिखाया दुनिया को मुक्कों का दम**
प्रधानमंत्री वीडियो संदेश से बेटियों को बधाई देने में देर नहीं करेंगे!

**ट्रंप ने फिर बड़े हमले का आदेश दिया**
भारत में नीला ड्रम और दुनिया में ट्रंप की दहशत कम नहीं हो रही!


**गोवंश ने मासूम को जमीन पर पटका, लोगों ने बचाया**
गोवंश को भी बचाना है और मासूम को भी!

**जिंदा विधवा, मृत रिकार्ड... तहसील में तकरार**
तकरार जिन्दा रहने का सुबूत है!

♦♦♦

# बंद करो राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र

दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले दिनों नीट पेपर लीक मामले के ख़िलाफ़ 36 दिनों तक चला छात्र आंदोलन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाप्त हुआ। इस आंदोलन के राष्ट्व्यापी होने से पहले ही सरकार



-तनवीर जाफ़री

ने आंदोलनकारियों की मुख्य मांगें स्वीकार करते हुये यह साबित कर दिया कि यदि छात्र व युवा संगठित हों और उनकी मांगें भी जायज़ हों तो बहुमत वाली सरकार को भी झुकाया जा सकता है और 'हमारी सरकार में इस्तीफ़े नहीं होते' जैसे सत्ता के अहंकारी मिथक को तोड़ा जा सकता है। परन्तु इस आंदोलन के दौरान और आंदोलन समाप्त होने के बाद भी मीडिया से लेकर सत्ता समर्थक नेताओं व तथाकथित सेलेब्रिटीज़ द्वारा आंदोलनकारी युवाओं के प्रति अत्यंत अभद्र व आपत्तिजनक भाषाओं का इस्तेमाल किया जाता रहा। निश्चित रूप से लगभग नेतृत्वविहीन से समझे जाने वाले इस आंदोलन में कुछ छात्र छात्राएं ऐसे भी थे जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कई ऐसी अभद्र बातें कीं जिन्हें शिक्षित छात्रों की भाषा क़तई नहीं कहा जा सकता। कुछ युवाओं द्वारा तो प्रधानमंत्री मोदी व उनकी दिवंगत माताजी के विरुद्ध आपत्तिजनक व अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। हालांकि नरेंद्र मोदी ने एक वीडिओ जारी कर उन्हें मुआफ़ भी कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कभी-कभी ग़ल्ती से दांतों के बीच जीभ आ जाती है और खून निकल आता है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ते क्योंकि दांत और जीभ दोनों हमारे अपने हैं।' परन्तु यह भी सच है कि गिनती के ऐसे युवाओं की गाली गलौज वाली भाषा के आधार पर पूरे आंदोलन,उसके विचारों व उसकी आत्मा का गला भी नहीं घोंटा जा सकता। उनके बहाने समस्त आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित नहीं किया जा सकता। परन्तु ऐसा ही किया जा रहा है।

भाजपा सांसद व अभिनेत्री कंगना रानावत जिन्होंने स्वयं अपने एक साक्षात्कार में अपने ही अतीत को लेकर कुछ ऐसे रहस्योद्घाटन किये थे जिन्हें सुनकर किसी भी व्यक्ति का सिर शर्म से झुक जाये,वही कंगना, छात्र आंदोलन में शामिल युवाओं के ख़िलाफ़ पहले तो अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर और बाद में संसद परिसर में मीडिया के सामने बेहद आपत्तिजनक बयान देती हैं? वे आंदोलनकारी छात्रों को 'गटर जनरेशन' और 'गटर छाप' 'गंदगी' और 'बदसूरत' कहकर संबोधित करती हैं। वे कहती हैं कि जंतर-मंतर आंदोलन के वायरल वीडियो को देखकर उन्हें 'उबकाई' आती है। वे इस पूरे प्रदर्शन को 'कचरा तथा भद्देपन का प्रदर्शन' बताती हैं। वे कहती हैं कि प्रदर्शन करने वाले युवाओं को नीट का फुल फ़ॉर्म भी नहीं पता होगा। गोया कंगना युवाओं की वैध नाराज़गी को समझने के बजाय चंद बेहूदगी दिखाने वाले छात्रों को सम्बोधित करने के बजाये उन्हीं की आड़ में पूरे आंदोलन व आंदोलनकारी युवाओं का तिरस्कार कर उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश करती हैं।


आंदोलनकारी युवाओं को अपमानित करने उन्हें धमकाने व नीचा दिखाने की ऐसी ही कोशिश टी. जी. मोहनदास नामक एक ऐसे व्यक्ति द्वारा की गयी जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा केरल का एक प्रमुख दक्षिणपंथी राजनीतिक विश्लेषक, हिंदुत्व विचारक और भारतीय जनता पार्टी का राज्य बौद्धिक सेल का पूर्व प्रमुख है। इस व्यक्ति ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के ख़िलाफ़ अपने यूट्यूब चैनल 'पत्रिका' पर एक अत्यंत आपत्तिजनक,विवादित और हिंसक बयान दिया था। इस ने अपने वीडियो में प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाते हुए कहा कि ÷अगर मैं ज़िम्मेदार (अधिकार) में होता, तो जंतर-मंतर के चार वर्ग किलोमीटर के इलाक़े में कर्फ्यू लगा देता। मैं लोगों से तीन बार वहां से हटने के लिए कहता और इसके बाद सीधे गोली चलवा देता। कुछ लोग भाग जाते, कुछ मर जाते, कुछ बच जाते और चार घंटे के भीतर स्थिति शांत हो जाती। इसी तरह उसने प्रदर्शन में शामिल छात्राओं व महिलाओं के ख़िलाफ़ भी बेहद शर्मनाक टिप्पणी करते हुए कहा कि ÷प्रदर्शनकारियों में ऐसी महिलाएं शामिल हैं जिन्हें बलात्कार पसंद है÷ उसने वामपंथी महिलाओं को निशाना बनाकर कई अभद्र बातें कहीं। उसने प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग और उन्हें पीटने का भी समर्थन किया। देश भर में भारी राजनीतिक और सामाजिक आक्रोश देखने के बाद केरल की तिरुवनंतपुरम साइबर पुलिस ने उसके ख़िलाफ़ भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 (दंगा भड़काने का इरादा) और 353(1)(b) (सार्वजनिक शांति भंग करना), आईटी एक्ट और केरल पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। उधर विवाद बढ़ने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आधिकारिक तौर पर उसके बयानों से यह कहकर दूरी बना ली कि 'यह मोहनदास के 'निजी विचार' हैं और संगठन इनकी कड़ी निंदा करता है'। विवादों से बचने के लिये भले ही संघ ऐसे व्यक्ति से दूरी क्यों न बनाये




परन्तु इसतरह के ज़हरीले विचार कहाँ से आये कहाँ पनपे और किन संस्कारों में फले फूले इस बात से संघ अपने को नहीं बचा सकता।

इसी तरह गोदी मीडिया के कई चैनल्स सत्ता के कई प्रवक्ता व सत्ता समर्थक लोगों द्वारा आंदोलन पर वामपंथी,पकिस्तान समर्थक,चीन द्वारा फ़ंडिंग प्राप्त यहाँ तक कि भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक तक को चीनी एजेंट बताने की कोशिश की गयी। यह वही जाना पहचाना पैटर्न था जोकि विवादित कृषि क़ानूनों के विरुद्ध हुये किसान आंदोलन के समय भी सत्ता पक्ष व उसके समर्थकों की ओर से देखा गया था। परन्तु जिस तरह किसान आंदोलन को ख़ालिस्तान समर्थक आंदोलन प्रचारित करने के बावजूद सरकार को किसानों के सामने घुटने टेकते हुये तीनों विवादित कृषि क़ानूनों वापस लेने पड़े थे ठीक उसी तरह युवाओं ने भी पिछले दिनों शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का त्यागपत्र लेने के बाद ही अपना आंदोलन समाप्त किया। गोया यहाँ भी सरकार को आंदोलन के सामने घुटने टेकने पड़े। सवाल उन सत्ता समर्थक मीडिया,नेताओं व चाटुकारों से है कि क्या स्वयं को मज़बूत बताने वाली सरकार ने शिक्षा मंत्री का इस्तीफ़ा लेकर एक बार फिर पाकिस्तानी,चीनी व राष्ट्रविरोधी मंसूबों पर चलने वाले छात्र आंदोलन के सामने समर्पण कर दिया ? संघ विचारक जिन्हें गोली मारने व बलात्कार का पात्र मानते हों, सांसद कंगना रानौत जिन्हें गटर, बदबूदार, उबकाई भरा, बदसूरत और न जाने क्या क्या बताती हो, क्या सरकार ने ऐसे लोगों के सामने घुटने टेक दिये? और क्या यह सरकार किसान आंदोलन के समय भी खालिस्तानी इरादों के सामने इसी तरह नतमस्तक हो गयी थी ? सत्ता से जुड़े लोगों,समर्थकों और सत्ता की चाटुकारिता को ही देशभक्ति समझने वालों को राष्ट्रवाद का प्रमाण पत्र बांटना बंद कर देना चाहिये अन्यथा जब जब सरकार आंदोलनकारियों के सामने नतमस्तक होगी तब तब यह सवाल भी पूछे जाते रहेंगे।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ पञ्चदशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

यहाँ कहते हैं-मैं भी वेदवित् हूँ। उन वेदविदों में अपनी भी गणना करते हैं। अतः श्रीकृष्ण भी यहाँ वेदवित् पुरुषोत्तम हैं, जिसे पाने का अधिकार मानवमात्र को है।

अन्त में उन्होंने बताया कि लोक में दो प्रकार के पुरुष हैं। भूतादिकों के सम्पूर्ण शरीर क्षर हैं। मन की कूटस्थ अवस्था में यही पुरुष अक्षर है; किन्तु है द्वन्द्वात्मक और इससे भी परे जो परमात्मा, परमेश्वर, अव्यक्त और अविनाशी कहा जाता है, वह वस्तुतः अन्य ही है। यह क्षर और अक्षर से परेवाली अवस्था है, यही परमस्थिति है। इससे संगत करते हुए कहते हैं कि मैं भी क्षर-अक्षर से परे वही हूँ, इसलिये लोग मुझे पुरुषोत्तम कहते हैं। इस प्रकार उत्तम पुरुष को जो जानते हैं वे ज्ञानी भक्तजन सदैव, सब ओर से मुझे ही भजते हैं। उनकी जानकारी में अन्तर नहीं है। अर्जुन ! यह अत्यन्त गोपनीय रहस्य मैंने तेरे प्रति कहा। प्राप्तिवाले महापुरुष सबके सामने नहीं कहते; किन्तु अधिकारी से दुराव भी नहीं रखते। अगर दुराव करेंगे तो वह पायेगा कैसे? इस अध्याय में आत्मा की तीन स्थितियों का चित्रण क्षर, अक्षर और अति उत्तम पुरुष के रूप में स्पष्ट किया गया, जैसा इससे पहले किसी अन्य अध्याय में नहीं है। अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'पुरुषोत्तमयोगो' नाम पञ्चदशोऽध्यायः ।।15।। इस प्रकार श्रीमद्भगवद् गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के सम्वाद में 'पुरुषोत्तम योग' नामक पन्द्रहवाँ अध्याय पूर्ण होता है। इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थ गीता' भाष्ये 'पुरुषोत्तमयोगो' नाम पञ्चदशोऽध्यायः ।।15।।

इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'पुरुषोत्तम योग' नामक पन्द्रहवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

।। हरिः ॐ तत्सत् ।।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।**

इस संसार में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए (ब्राह्मणों के सामने विनम्र)तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं (गर्वित रहते हैं), उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# कोविड का लौटता साया : आपकी इम्युनिटी ही आपका असली बचाव

विभिन्न क्षेत्रों में कोविड-19 के मामले पुनः सामने आ रहे हैं। ऐसे समय में एक चिकित्सा विशेषज्ञ बता रही हैं कि हमारी रक्षा प्रणाली कैसे कार्य करती है, स्वास्थ्य से जुड़े भ्रमों का निवारण करती है, और दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए प्रभावी



डॉ. के. सुधा राव

उपाय प्रस्तुत करती है। हैदराबाद, केरल और उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के मामले दोबारा सामने आने का समाचार पढ़ते ही मेरा मन महामारी के उन विकट दिनों में लौट गया, और वे दृश्य किसी चलचित्र की भांति सामने घूमने लगे। उस समय जो एक शब्द मेरे भीतर गहराई से गूंजा, वह था, 'रोग प्रतिरोधक क्षमता' (इम्यूनिटी)। मैंने इस बात पर विचार किया कि व्यक्तिगत और सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता कैसे विकसित होती है, इस आशा के साथ कि वैसा संकट फिर कभी न आए। लगभग प्रत्येक व्यक्ति ने अपने किसी पारिवारिक सदस्य, मित्र या प्रियजन को खोया है, और वह पीड़ा आज भी बनी हुई है। आज भी अनेक लोग हृदय और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित करने वाली कोविड-उत्तर (पोस्ट-कोविड) जटिलताओं से जूझ रहे हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता क्या है?

रोग प्रतिरोधक क्षमता शरीर की वह जन्मजात एवं अर्जित योग्यता है, जिसके द्वारा वह विषाणु (वायरस), जीवाणु (बैक्टीरिया) और अन्य बाह्य सूक्ष्मजीवों सहित हानिकारक रोगजनकों का विरोध करता है और स्वयं की रक्षा करता है। इसे मुख्य रूप से तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है - पहला, जन्मजात प्रतिरोधक क्षमता (इननेट इम्यूनिटी)- यह वह प्राकृतिक सुरक्षा प्रणाली है जिसके साथ हम जन्म लेते हैं। यह त्वचा, आंसू और पेट के अम्ल (एसिड) जैसे शारीरिक और रासायनिक अवरोधों के माध्यम से सुरक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करती है। यह बाह्य आक्रमणकारियों को रोकने के लिए तुरंत कार्य करती है, यद्यपि इसका दायरा सामान्य होता है। दूसरा अर्जित / सक्रिय प्रतिरोधक क्षमता (एडॉप्टिव / एक्टिव इम्यूनिटी)- यह वह विशेष सुरक्षा प्रणाली है जिसे हमारा शरीर समय के साथ विकसित करता है। जब शरीर किसी रोगजनक या टीके के संपर्क में आता है, तो प्रतिरक्षा प्रणाली उन जीवों को लक्षित करने के लिए विशेष प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) का निर्माण करती है, जिससे भविष्य में संपर्क होने पर तीव्र और अधिक प्रभावी प्रतिक्रिया मिलती है। सक्रिय प्रतिरोधक क्षमता दीर्घकालिक और प्रायः जीवनभर रहने वाली होती है। तीसरा, निष्क्रिय प्रतिरोधक क्षमता (पैसिव इम्यूनिटी)- यह बाहरी स्रोत से प्राप्त अल्पकालिक सुरक्षा है। उदाहरण के लिए, नवजात शिशु को गर्भनाल और स्तनपान के माध्यम से माता से एंटीबॉडी प्राप्त होते हैं। इसके अतिरिक्त, तत्काल सुरक्षा के लिए एंटीबॉडी युक्त रक्त उत्पादों (जैसे इम्युनोग्लोबुलिन) के माध्यम से भी निष्क्रिय प्रतिरोधक क्षमता दी जा सकती है। यद्यपि यह तुरंत कार्य करती है, परंतु इसकी सुरक्षा केवल कुछ सप्ताहों से महीनों तक ही रहती है।

हमारे शरीर की रक्षा प्रणाली अंगों, ऊतकों और विशेष कोशिकाओं के एक जटिल और परस्पर जुड़े नेटवर्क पर निर्भर करती है जो निरंतर मिलकर कार्य करते हैं-

लसीका ग्रंथियां और लसीका वाहिकाएं (लिम्फ नोड्स)- लसीका द्रव को छानती हैं और बाहरी आक्रमणकारियों को फंसाती हैं।

अस्थि मज्जा (बोन मैरो)- रक्त कोशिकाओं, विशेष रूप से श्वेत रक्त कोशिकाओं के उत्पादन का प्राथमिक स्थान।

थाइमस और प्लीहा (स्पलीन)- प्रतिरक्षा कोशिकाओं के परिपक्व होने और रक्त को छानने के लिए आवश्यक अंग।

टॉन्सिल, एडेनोइड्स, पेयर्ज़ पैच और अपेंडिक्स- शरीर में प्रवेश के मार्गों की रक्षा करने वाले मुख्य श्लेष्मा (म्यूकोसल) प्रहरी।

श्वेत रक्त कोशिकाएं (डब्ल्यू.बी.सी.) -पहली पंक्ति के कोशिकीय सैनिक जो रोगजनकों की पहचान करते हैं और उन्हें नष्ट करते हैं। इन अंगों का स्वास्थ्य बनाए रखना प्रतिरोधक क्षमता के स्तर को ऊंचा रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन अंगों को प्रभावित करने वाली कोई भी अंतर्निहित बीमारी या पुरानी स्थिति शरीर की रक्षा क्षमता को सीधे तौर पर कमजोर करती है।

प्रतिरक्षा प्रणाली की खराबी के 16 चेतावनी संकेत

प्रतिरक्षा प्रणाली के असंतुलन के शुरुआती संकेतों पहचानकर समय पर चिकित्सीय परामर्श और उपचार लिया जा सकता है-

1. एलर्जी संबंधी स्थितियां- दमा (अस्थमा), एक्जिमा, या त्वचा की बार-बार होने वाली अत्यधिक संवेदनशीलता। 2.ऑटोइम्यून विकार- संधिवात (रूमेटाइड अर्थराइटिस), टाइप 1 मधुमेह, सीलिएक रोग, मल्टीपल स्केलेरोसिस, या सोरायसिस। 3. रेनाउड रोग / ठंडे हाथ-पैर- सीमित परिधीय रक्त प्रवाह के कारण हाथों या पैरों का अत्यधिक ठंडा होना। 4. निरंतर पाचन संबंधी समस्याएं- दीर्घकालिक अतिसार (दस्त), कब्ज, या आंत के सूक्ष्मजीवों का असंतुलन। 5. शुष्क आंखें और पुरानी थकान- शुष्क श्लेष्मा झिल्ली के साथ अकारण अत्यधिक थकान। 6. बार-बार हल्का बुखार होना- बार-बार हल्का बुखार या अकारण सिरदर्द होना। 7. त्वचा पर चकत्ते और धूप के प्रति संवेदनशीलता- त्वचा पर अकारण दाने या धूप के प्रति असामान्य संवेदनशीलता। 8. जोड़ों में लगातार दर्द -बिना किसी चोट के मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों में सूजन। 9. त्वचा का रंग उड़ना / बालों का झड़ना- एलोपेसिया (चकत्ते में बाल झड़ना) या विटिलिगो (त्वचा पर सफेद दाग)। 10. बार-बार संक्रमण होना- बार-बार सर्दी-जुकाम होना, साइनस का संक्रमण, या घावों का धीरे-धीरे भरना। 11. तंत्रिका संवेदनाएं- हाथों और पैरों में लगातार झुनझुनी या सुन्नता महसूस होना। 12. निगलने में कठिनाई (डिस्फेजिया)- भोजन या तरल पदार्थ निगलते समय दर्द या कठिनाई होना। 13. वजन में अकारण बदलाव- आहार में बदलाव किए बिना तेजी से वजन घटना या बढ़ना। 14. पीलिया (जॉन्डिस)- यकृत (लिवर) या लाल रक्त कोशिकाओं की समस्याओं के कारण आंखों या त्वचा का पीला पड़ना। 15. उच्च सूजन दर (इन्फ्लेमेशन)- रक्त जांच में उच्च सूजन संकेतक (सी.आर.पी./ ई.एस.आर.)। 16. अंगों की कार्यक्षमता में कमी-लसीका, प्लीहा या श्लेष्मा ऊतकों की कार्यप्रणाली का कमजोर पढ़ना।

रोग प्रतिरोधक क्षमता से जुड़े 6 सामान्य भ्रम- प्रतिरोधक क्षमता के विषय में भ्रामक जानकारी गलत स्वास्थ्य विकल्पों और सुरक्षा के झूठे अहसास की ओर ले जा सकती है। चिकित्सा दृष्टिकोण से मुख्य भ्रमों की सत्यता इस प्रकार है- भ्रम 1- पूरक आहार (सप्लीमेंट्स) लेने से तुरंत रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

सत्य- पोषक पूरक आहार पोषण की कमी को पूरा करते हैं, परंतु वे कोई जादुई गोली नहीं हैं। ताजे फल, सब्जियों और साबुत अनाज से युक्त संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद कहीं अधिक प्रभावी हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### मातृ-भक्ति

भारतीय जन-समुदाय चाणक्य के नाम को भलीभांति जानते हैं। वह बड़े कठोर राजनीतिज्ञ थे। लोकनीति के आचार्य थे। उनकी मां की इच्छा थी कि वह संसार के बहुत बड़े आदमी बनें और इसके लिए वह उन्हें नसीहत देती रहती थी।

एक दिन चाणक्य के घर कोई ज्योतिषी आय। चाणक्य कहीं बाहर गये थे। मां ने ज्योतिषी को अपने पुत्र की जन्मपत्री दिखाई और उनके भविष्य के बारे में पूछा। ज्योतिषी ने जन्मपत्री देखकर कहा, मां, तेरे पुत्र के ग्रह बड़े ही प्रबल हैं। आजतक ऐसी जन्मपत्री मेरे देखने में नहीं आई। तेरा बेटा एक दिन चक्रवर्ती सम्राट बनेगा। यदि मेरी बात का विश्वास न हो तो देख लेना, उसके सामने के दांत पर नागराज का निशान है।

ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी सुनकर मां अवाक रह गई। वह अपने बेटे को बेहद प्यार करती थी और हर घड़ी अपने पास रखना चाहती थी, चक्रवर्ती सम्राट होने पर तो वह उससे बिछुड़ जायगा! राजकाज में इतना लीन हो जायगा कि उसे मेरा ध्यान ही नहीं रहेगा! अपनी बात कहकर ज्योतिषी तो चला गया, पर मां सोच में पड़ गई। हाय, आगे क्या होगा ?

थोड़ी देर में चाणक्य लौटे तो मां को उदास पाया। बोले, मां क्या बात है ?

मां ने उन्हें सारी बात बता दी और अंत में अवरुद्ध कण्ठ से कहा, मैं जानती हूं, तू चकवर्ती सम्राट बनकर मुझे भूल जायगा। बेटा, मेरे लिए तेरे पास समय ही कहां रहेगा ?

चाणक्य विचलित हो गये। बोले, मां, ऐसा नहीं होगा। पर तुम कैसे कहती हो कि मैं चक्रवर्ती सम्राट बनूंगा। मां ने कहा, देख, तेरे सामने के दांत पर नाग का चिन्ह है।

चाणक्य ने आइने में देखा तो मां की बात सही थी। इसके बाद उन्होंने जो किया, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था। एकान्त में जाकर पत्थर से उस दांत को निकाल दिया। फिर मां के सामने उसे रखते हुए बोले, यह ले मां, तेरे सामने मेरे लिए चक्रवर्ती सम्राट के पद का कोई मूल्य नहीं है।

## आपका पत्र मिला

### लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला

अवसरहीनता से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी', 'विकसित भारत', या 'विश्व गुरु' जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। एक मंत्री को इस्तीफा देने पर मजबूर करने की कॉकरोच आंदोलन की सफलता से जनमत के एक हिस्से में 'लोकतंत्र के जिंदा होने' का बना अहसास यही बताता है कि हालिया वर्षों में 'लोकतंत्र की स्थिति' लेकर इस दायरे में कितनी मायूसी छायी रही है। यह भावना जवाबदेही तय करने वाली संस्थाओं के पंगु होने और लोकतांत्रिक अधिकारों के सिकुड़ते जाने की धारणा से पैदा हुई है। कॉकरोच आंदोलन दरअसल, इन सबसे ही गहराती हताशा एवं बढ़ते आक्रोश की सामूहिक अभिव्यक्ति का जरिया बना। इस दौरान दिखी खासकर युवा वर्ग की उत्साही भागीदारी एवं जोश भरी प्रतिक्रियाओं ने कुछ ठोस संकेत दिए। मसलन, यह कि हवाई कथानकों के जरिए जमीनी नाकामियों को छिपाने में सत्ता पक्ष को मिली कामयाबियों का दौर अब ठहर चुका है। अवसरहीनता और अंधकारमय भविष्य से जूझ रही नई पीढ़ी 'अतीत के गौरव की वापसी', 'विकसित भारत', या 'विश्व गुरु' जैसी कहानियों से प्रभावित नहीं है। वह नरेंद्र मोदी सरकार से उसके 12 साल के कार्यकाल का हिसाब मांग रही है। इस अर्थ में कहा जा सकता है कि नैरेटिव कंट्रोल की मोदी की क्षमता पहली बार चूकती नज़र आई। मध्य एवं उच्च मध्यम वर्ग से आए पढ़े-लिखे एवं नई संचार तकनीक के इस्तेमाल में माहिर नौजवानों ने जो किताबों में पढ़ा और सरकारी प्रचार-तंत्र से सुना, उसका परीक्षण वे हकीकत के बरक्स कर रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक पहल का नया दरवाजा खुला है। लेकिन हमें सचेत रहना चाहिए कि अक्सर स्वतःस्फूर्त, असंगठित, एवं नेतृत्व-विहीन आंदोलन ऐसा अवसर पैदा करने के बाद बिखराव का शिकार हो जाते हैं।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# कैसे हुई नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना?



सनातन धर्म में सावन के महीने को बेहद खास माना जाता है। इस पूरे महीने में विधिपूर्वक से शिव परिवार की पूजा-अर्चना की जाती है और महादेव का अभिषेक किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सावन में जलाभिषेक करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से मनचाही मुराद पूरी होती है। इसके अलावा शिव मंदिरों को बेहद सुंदर तरीके से सजाया जाता है। साथ ही भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि देश में भगवान शिव को समर्पित एक ऐसा भी मंदिर है, जहां महादेव के दर्शन करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। आइए, इस मंदिर के बारे में जानते हैं-



**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की कथा** - पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन समय में दारूका नाम की एक राक्षस कन्या थी। उसने तपस्या के द्वारा माता पार्वती को प्रसन्न वरदान प्राप्त किया था।

दारुका ने कहा कि मैं वन नहीं जा सकती हूं। वहां पर कई तरह की दैवीय औषधियां हैं। सत्कर्म के लिए हम राक्षसों को उस वन में जाने की अनुमति दें। माता पार्वती ने यह वरदान दे दिया। इसके बाद दारूका ने वन में बहुत उत्पात मचाया और वन को देवी-देवताओं से छीन लिया। साथ ही सुप्रिया को बंदी बना लिया। वह शिवभक्त थीं।

ऐसी स्थिति में सुप्रिया ने भगवान शिव की तपस्या शुरू की और प्रभु से खुद के बचाव के लिए वरदान मांगा। महादेव उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट हुए और उनके साथ ही चार दरवाजों का एक बेहद सुंदर मंदिर प्रकट हुआ। मंदिर के बीच में ज्योतिर्लिंग प्रकाशित हुआ। सुप्रिया ने सच्चे मन से महादेव की पूजा-अर्चना की और शिव जी वरदान में राक्षसों का नाश मांग लिया। इसके अलावा महादेव से इसी जगह पर स्थित होने के लिए कहा। शिव जी ने इस बात को स्वीकार कर उसी स्थल पर विराजमान हो गए। इसी तरह यह ज्योतिर्लिंग स्वरूप भगवान शिव 'नागेश्वर' कहलाए।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है** - गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कौन से नंबर पर आता है? देशभर में शिव जी के बारह ज्योतिर्लिंग हैं। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग का दसवां स्थान है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग क्यों प्रसिद्ध है** - गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर यह मंदिर स्थित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव और माता पार्वती नाग-नागिन के रूप में प्रकट हुए थे। इसलिए इसे नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से जाना जाता है।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दर्शन टाइम** -नागेश्वर मंदिर से सुबह 06 बजकर 30 मिनट से लेकर दोपहर में 12 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। वहीं, शाम को 05 बजे से लेकर रात 09 बजकर 30 मिनट तक खुला रहता है। भक्त इस दौरान नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सकते हैं।

**नागेश्वर ज्योतिर्लिंग कैसे पहुंचे**

अगर आप नागेश्वर ज्योतिर्लिंग जाना चाहते हैं, तो मंदिर के सबसे पास द्वारका रेलवे स्टेशन है। यहां से मंदिर 18 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा सड़क के बस या टैक्सी के दवारा भी जा सकते हैं।

# पत्नी-पति के साथ न करें ऐसा बर्ताव प्यार और रिश्ता दोनों खो सकती हैं आप



पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान पर टिका होता है। लेकिन कभी-कभी अनजाने में की गई गलतियां रिश्ते में दूरियां पैदा कर सकती हैं। अगर पत्नी कुछ खास बातों का ध्यान नहीं रखती हैं, तो इससे न केवल पति का प्यार कम हो सकता है, बल्कि रिश्ता भी कमजोर पड़ सकता है। एक अच्छा रिश्ता तभी टिकता है जब दोनों एक-दूसरे को समझें और सम्मान दें। छोटी-छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लिया जाए, तो रिश्ते को मजबूत बनाया जा सकता है।

**पति का अपमान करना**

किसी भी रिश्ते में सम्मान बहुत जरूरी होता है। अगर पत्नी बार-बार पति का अपमान करती है, उसकी बातों को नजरअंदाज करती है या उसे दूसरों के सामने नीचा दिखाती है, तो इससे पति को बुरा लग सकता है और वह धीरे-धीरे दूरी बनाने लग सकता है।

**दूसरों से तुलना करना**

अगर पत्नी अपने पति की दूसरों से तुलना करने लगती है, तो यह उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचा सकता है। हर इंसान अलग होता है और उसकी अपनी खूबियां होती हैं। तुलना करने से रिश्ते में कड़वाहट आ सकती है और पति को लग सकता है कि वह अपनी पत्नी की नजरों में कमतर है।

**हर बात पर लड़ाई झगड़ा करना**

रिश्ते में कभी-कभी नोकझोंक होना आम बात है, लेकिन अगर छोटी-छोटी बातों पर बार-बार झगड़ा होता है, तो इससे पति को घर में सुकून महसूस नहीं होगा। लगातार झगड़े से प्यार कम होने लगता है और रिश्ते में दरार आ सकती है।

**पति की भावनाओं की अनदेखी**

कई बार पत्नियां अपनी बातों और जरूरतों पर ज्यादा ध्यान देती हैं, लेकिन पति की भावनाओं और जरूरतों को नजरअंदाज कर देती हैं। अगर पत्नी अपने पति की परेशानियों को नहीं समझेगी और उसकी बातों को अहमियत नहीं देगी, तो इससे पति को अकेलापन महसूस हो सकता है।

**ससुराल वालों की आलोचना**

पति अपने माता-पिता और परिवार से भावनात्मक रूप से जुड़ा होता है। अगर पत्नी बार-बार उसके परिवार की बेजा आलोचना करती है या उन्हें अपमानित करती है, तो इससे पति को दुख पहुंच सकता है। इससे न केवल रिश्ते में तनाव बढ़ेगा, बल्कि पति को यह भी लग सकता है कि उसकी पत्नी उसकी भावनाओं की कद्र नहीं करती।

# क्या बारिश के मौसम में लगानी चाहिए सनस्क्रीन?



सनस्क्रीन लगाना गर्मियों की स्किन केयर रूटीन का सबसे खास हिस्सा होता है। क्योंकि सनस्क्रीन ही वह चीज है, जो आपकी स्किन को तेज धूप और यूवी-रेडिएशन के डैमेज से सुरक्षित रखने का काम करती है। गर्मियों में बिना सनस्क्रीन लगाए घर से बाहर निकलने से मना किया जाता है। लेकिन, बरसात के मौसम में जब लोग बार-बार बारिश में भीग जाते हैं ऐसे में स्किन पर मेकअप और अन्य स्किन केयर प्रॉडक्ट्स का टिक पाना मुश्किल हो पाता है। गर्मी के मौसम में सनस्क्रीन लगाना कितना जरूरी है ये तो हम जानते ही हैं, लेकिन सर्दी और बरसात के सीजन में सनस्क्रीन की अहमियत को लेकर थोड़े कंफ्यूज हो जाते हैं। ये कम लोगों को ही पता है कि जितना गर्मियों में सनस्क्रीन जरूरी है, बारिश के मौसम में भी सनस्क्रीन लगाना उतना ही आपकी स्किन को प्रोटेक्ट करने का काम करता हैं। आइए जानते हैं, **क्या बारिश के मौसम में लगानी चाहिए सनस्क्रीन?**

**स्किन एक्सपर्ट्स के मुताबिक**

स्किन एक्सपर्ट्स के मुताबिक यूवी किरणें मौसम की परवाह किए बिना हमारी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। मानसून के मौसम में भी, यूवी किरणें बादलों से गुजर सकती हैं और नुकसान पहुंचा सकती हैं। त्वचा विशेषज्ञ बताते हैं कि सूरज की किरणें, जिनमें हानिकारक यूवी और इंफ्रारेड रेज़ होती हैं, समय से पहले बुढ़ापा, टैनिंग, झाइयां, लेंटिगिन्स और सनबर्न जैसी स्किन से जुड़ी की कई समस्याओं का कारण बन सकती हैं। बादल हमें यूवी किरणों से नहीं रोक पाते, यही वजह है कि मानसून के मौसम में भी अपनी स्किन को प्रोटेक्ट करने के लिए सनस्क्रीन लगाना जरूरी है।

**बारिश के मौसम में ऐसे करें सनस्क्रीन का इस्तेमाल**

बाहर जाते समय अपने बैग में सनस्क्रीन जरूर कैरी करें। हर 3 घंटे बाद फिर से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। बरसात के मौसम में हाई एसपीएफ सनस्क्रीन की जरूरत नहीं होती। बरसात के मौसम में जेल बेस्ड सनस्क्रीन चूज़ करें। जेल बेस्ड सनस्क्रीन बारिश के मौसम में होने वाली चिपचिपाहट से आपको बचाती है।

# सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं, भारत में कहां-कहां हैं टाइगर रिजर्व



बाघों की संख्या के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके संरक्षण के प्रयासों को मजबूत करना है। बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, साथ ही जंगलों के पारिस्थितिक संतुलन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि जंगलों में बाघ सुरक्षित हैं, तो इसका अर्थ है कि वहां का पूरा इकोसिस्टम स्वस्थ और संतुलित है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने बाघ संरक्षण के क्षेत्र में सफलता हासिल की है। सरकार की प्रोजेक्ट टाइगर जैसी पहल, आधुनिक मॉनिटरिंग तकनीक, एंटी-पोचिंग अभियान और स्थानीय समुदायों की भागीदारी के कारण देश में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। यही वजह है कि आज दुनिया के अधिकांश जंगली बाघ भारत में पाए जाते हैं। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों के टाइगर रिजर्व न केवल संरक्षण के केंद्र हैं, बल्कि वन्यजीव पर्यटन के लिए भी बेहद लोकप्रिय हैं। अगर आप जानना चाहते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं, भारत में कितने टाइगर रिजर्व हैं, किन राज्यों में बाघों की संख्या सबसे अधिक है और कौन-कौन से टाइगर रिजर्व पर्यटकों के बीच सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं।

**दुनिया में सबसे ज्यादा बाघ किस देश में हैं-** आज दुनिया में सबसे ज्यादा जंगली बाघ भारत में पाए जाते हैं। भारत में वैश्विक जंगली बाघों की आबादी का लगभग 75त्न हिस्सा है। भारत के बाद रूस, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे देशों में भी बाघ पाए जाते हैं, लेकिन उनकी संख्या भारत की तुलना में काफी कम है। भारत में बाघ संरक्षण के लिए 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया गया था। इसके बाद संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार, वैज्ञानिक निगरानी और अवैध शिकार पर सख्ती से बाघों की संख्या में लगातार सुधार देखने को मिला।

**भारत में कितने टाइगर रिजर्व हैं?**

भारत में वर्तमान में 58 टाइगर रिजर्व हैं, जो देश के विभिन्न राज्यों में फैले हुए हैं। ये रिजर्व बाघों के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, प्रजनन और संरक्षण के लिए बनाए गए हैं। इनका प्रबंधन राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (ह्ल्रञ्जष्ट) और संबंधित राज्य सरकारें मिलकर करती हैं।

**भारत के प्रमुख टाइगर रिजर्व**

भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय टाइगर रिजर्व हैं, **जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, उत्तराखंड-** भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान।
**रणथंभौर टाइगर रिजर्व, राजस्थान** - बाघों की आसान साइटिंग के लिए प्रसिद्ध।
**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश** - उच्च टाइगर डेंसिटी के लिए जाना जाता है।
**कान्हा टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश** - समृद्ध जैव विविधता और सफारी के लिए लोकप्रिय।
पेंच टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश/महाराष्ट्र - द जंगल बुक से जुड़ा क्षेत्र।
**ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व, महाराष्ट्र,** - वन्यजीव फोटोग्राफी का पसंदीदा स्थान।
नागरहोल टाइगर रिजर्व, **कर्नाटक** - दक्षिण भारत के प्रमुख टाइगर आवासों में से एक।
**बांदीपुर टाइगर रिजर्व, कर्नाटक** - नीलगिरि बायोस्फीयर का महत्वपूर्ण हिस्सा।
**काजीरंगा टाइगर रिजर्व, असम** - एक सींग वाले गैंडे के साथ बाघों के लिए भी प्रसिद्ध।
**सुंदरबन टाइगर रिजर्व, पश्चिम बंगाल** - दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन और रॉयल बंगाल टाइगर का घर।

**किस राज्य में सबसे ज्यादा बाघ हैं?**

हाल के राष्टीय बाघ आकलन के अनुसार मध्य प्रदेश में सबसे अधिक बाघ दर्ज किए गए हैं।

इसके बाद कर्नाटक, उत्तराखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्य भी बाघों की बड़ी आबादी वाले राज्यों में शामिल हैं। इन राज्यों में फैले संरक्षित जंगल और टाइगर रिजर्व संरक्षण की सफलता का उदाहरण माने जाते हैं।

**पर्यटक कब करें टाइगर रिजर्व की यात्रा?**

अधिकांश टाइगर रिजर्व अक्टूबर से जून के बीच पर्यटकों के लिए खुले रहते हैं। मार्च से मई के दौरान पानी के स्रोतों के पास बाघ दिखने की संभावना अपेक्षाकृत अधिक रहती है। यात्रा से पहले संबंधित टाइगर रिजर्व की आधिकारिक वेबसाइट पर सफारी की उपलब्धता और नियमों की जानकारी जरूर जांच लें।

# हरे रंग की साड़ी पहनते वक्त रखें इन बातों का ध्यान



हर साल श्रावण के महीने का इंतजार लोग सच्चे मन और श्रद्धा से करते हैं। इस माह का आरंभ होते ही भगवान शिव की भक्ति में हर कोई जुट जाता है। ऐसा माना जाता है कि श्रावण माह में अगर सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा की जाए तो हर मनोकामना पूरी होती है। इसी के चलते महिलाएं भगवान शिव की पूजा-अर्चना करती हैं। ऐसी मान्यता है कि हरा रंग भगवान शिव को अति प्रिय है, इसी वजह से महिलाएं हरे रंग की साड़ी पहनकर सावन में पूजा करती हैं। अगर आप भी सावन में हरे रंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो कुछ बातों का ख्याल अवश्य रखें। कुछ सिंपल सी बातों का ध्यान रखकर आप अपने सादगी भरे साड़ी लुक से लोगों का भी दिल जीत सकती हैं।

**ज्वेलरी देगी खूबसूरत लुक**

हरा रंग अपने में ही आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में इसके साथ आपको ज्यादा हैवी ज्वेलरी कैरी करने की जरूरत नहीं है। आप हल्के ईयररिंग्स और गले में हल्का सा चोकर पहनकर भी अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। अपने साड़ी लुक को पूरा करने के लिए उंगलियों में अंगूठी जरूर पहनें।

**ब्लाउज हो खास-** हरे रंग की साड़ी का ब्लाउज बनवाते वक्त बस इस बात का ख्याल रखें कि आपको इसे पूजा में पहनना है। इसलिए आपका ये साड़ी लुक सादगी भरा होना चाहिए। ग्लैमरस लुक कैरी करके पार्टी में तो जाना अच्छा लगता है, लेकिन पूजा में ये आपको ही असहज कर सकता है। ऐसे में खूबसूरत सा ब्लाउज अपने लिए तैयार करें, ताकि आपका लुक प्यारा दिखे।

**हेयर स्टाइल और मेकअप का रखें ध्यान-** बारिश का मौसम है, ऐसे में खुले बाल आपको परेशान कर सकते हैं। इसलिए चाहें तो ऐसा जूड़ा बनाकर आप बालों में गजरा लगा सकती हैं। ये गजरा लुक आपको खूबसूरत दिखाएगा। इसके साथ ही मेकअप करते वक्त भी मौसम का खास ध्यान रखें। पसीने से कहीं आपका मेकअप खराब न हो जाए। ऐसे में हल्का मेकअप ही करें।

**हरी चूड़ियां हैं जरूरी**

जिस तरह से हरे रंग की साड़ी पहनना सावन में शुभ होता है, ठीक उसी तरह से अपने लुक को खूबसूरत सी हरे रंग की चूड़ियों और कड़े से पूरा करें। ये ही आपके लुक को पूरा करेगा। हरी चूड़ियां अगर कांच की होंगी, तो ज्यादा बेहतर रहेगा।

# चेहरे पर बेसन लगाने से होता है कई नुकसान

बेसन को कई अन्य चीजों के साथ मिक्स करके चेहरे या स्किन लगाने से स्किन निखरती है, पर क्या आप जानते हैं कि बेसन लगाने से आपके चेहरे को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बेसन के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी पहले त्वचा पर पैच टेस्ट करने के बाद ही बेसन का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आप त्वचा पर होने वाली परेशानियों से बच सकते हैं। **ड्राई स्किन वाले रखें ध्यान :** सर्वे में ऐसा देखा गया है कि बेसन के इस्तेमाल से चेहरा स्किन को रूखा और बेजान बना सकता है। ऐसे में अगर आपकी स्किन पहले से ही ड्राई है तो बेसन के इस्तेमाल से दूर करें। इसके ज्यादा इस्तेमाल से त्वचा की नमी भी खत्म होती है। ऐसे में रोजाना इसके इस्तेमाल से दूर रहें। **एलर्जी का रखें ध्यान :** अगर आपकी त्वचा पर किसी तरह की एलर्जी है तो कोशिश करें कि पहले पैच टेस्ट कर लें। अगर आपको इससे कोई परेशानी नहीं हो रही है, तो आप इसका आराम से इस्तेमाल कर सकते हैं। **हो सकते हैं मुंहासे** : अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तो बेसन के इस्तेमाल के आपके चेहरे पर मुंहासे हो सकते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल से पहले अपनी त्वचा का टाइप जरूर पता करें। **छिल सकती है त्वचा :** अगर आप रोजाना बेसन का इस्तेमाल करेंगे तो हो सकता है कि आपकी त्वचा छिल जाए। इसलिए बेसन का ज्यादा इस्तेमाल करने से दूर रहें। **त्वचा में आ सकती है सूजन :** अगर आप पहले से ही मुंहासों की समस्या से जूझ रही हैं तो बेसन से दूर रहें। इसके इस्तेमाल से हो सकता है कि त्वचा में सूजन आ जाए।

**पीएच लेवल को करता है असंतुलित :** बेसन में एसिड की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में इसके ज्यादा इस्तेमाल से आपके चेहरे पर जलन की परेशानी सामने आ सकती है।

# कामकाज का तरीका बना रहा लोगों को अकेला



जिंदगी की भागदौड़ से वक्त निकालकर सभी दोस्तों ने हामी भर दी सिवाय एक को छोड़कर। कारण पूछने पर उसने बताया कि काम का इतना ज्यादा प्रेशर है कि टाइम मैनेज कर पाना मुश्किल है और दूसरा नाइट शिफ्ट भी है। दोनों वजहें वाजिब थीं, लेकिन फिर भी हमने लगभग हर कोशिश की, उसे प्लान में शामिल करने की, लेकिन मामला सेट नहीं हो पाया। वहीं एक दूसरी दोस्त को हमने तीज सेलिब्रेशन के लिए सोसाइटी में इन्वाइट किया, तो उसने भी बिना एक मिनट देरी किए साफ ना कह दिया ऑफिस के वर्कलोड के बारे में बताकर। दोनों दोस्तों के ना आने की ये वजहें बहाना नहीं, बल्कि सच्चाई है। जिससे आजकल ज्यादातर वर्किंग प्रोफेशनल्स जूझ रहे हैं। कामकाज का ऐसा तरीका प्रोफेशनल लाइफ में भले ही उन्हें तरक्की दिला दे, लेकिन पर्सनल लाइफ में ऐसे लोग अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं।

**कामकाज का तरीका बना रहा लोगों को अकेला**

कभी न पूरे होने वाले टारगेट्स और बेवक्त की शिफ्ट्स ने वर्किंग प्रोफेशनल्स के पर्सनल लाइफ की बैंड बजा रखी है। टारगेट्स पूरा करने के चक्कर में अपनी शिफ्ट से कई-कई घंटे ऑफिस में रूकना पड़ता है और अगर कहीं नाइट शिफ्ट है, तो दिन का समय नींद पूरी करने में निकल जाता है। न समय से खाना-पीना हो पाता है, न ही किसी तरह की एक्टिविटी और सोशल लाइफ तो लगभग खत्म ही हो जाती है। इस वजह से लोगों में अकेलापन बढ़ रहा है। अकेलेपन के फायदे व नुकसान दिन में कुछ देर का अकेलापन जरूरी होता है, जिसे मी टाइम भी कहा जाता है। जो बॉडी और माइंड रिचार्ज करने का काम करता है, लेकिन लगातार बने रहने वाला अकेलापन व्यक्ति को तनाव और डिप्रेशन की ओर धकेलने लगता है। पर्सनल लाइफ तो वैसे ही खत्म हो चुकी होती है, धीरे-धीरे प्रोफेशनल लाइफ पर भी इसका असर पड़ने लगता है। प्रोडक्टिविटी गिरने लगती है। काम में बोरियत का एहसास होने लगता है और जब अपना 100त्न देने के बाद भी प्रमोशन नहीं मिलता, तो झुंझलाहट भी बढ़ने लगती है।

**कैसे दूर करें अकेलेपन की समस्या?**

अपनी क्षमता जितना ही काम करें। ऑफिस में खुद को साबित करने के चक्कर में हर काम के लिए हां न कहें।शिफ्ट पूरी करने के बाद खुद को वक्त दें। अपनी पसंदीदा चीजों के लिए वक्त निकालें। दोस्तों से मिलना नहीं हो पा रहा, तो फोन या वीडियो कॉल पर बात करें। वीकेंड वाले दिन घर पर सोकर या टीवी देखकर बिताने के बजाय सोशल गैदरिंग करें। इन सारी एक्टिविटीज से अकेलेपन से निपटना आसान हो जाता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

## सोमवार, 3 अगस्त 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वर्षा ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, पंचमी तिथौ सोम वासरे 22/55/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 22/01/ सुकर्मा योग 21/14/ कौलव करणे 11/09/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक। नागपंचमी व्रत। (मरुस्थल व बंगाल में)। श्रावण सोमवार व्रत।

**मेष :** उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है। किसी की सूचना से हर्ष होगा।

**वृष :** भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक कष्ट की पूर्ति के लिए लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी हैं। अचानक लाभ संभव है। व्यापार व्यवसाय के परिवर्तन से लाभ होगा।

**मिथुन :** आलस्य तथा प्रमाद से दूर रहें। दूसरों को आरोपित करना उचित नहीं होगा। निवास व्यवस्था का परिवर्तन संभावित है। यौन सुख में कमी होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** बुद्धि और धन का दुरुपयोग नहीं करें। आलस और लक्ष्य निर्धारण में त्रुटि के कारण नवीन योजनाओं में स्वल्प लाभ ही मिल सकता है।

**कुंभ :** कुछ संक्षिप्त यात्राएं भी होंगी। प्रातःकाल से ही शुभ समाचार मिलेंगे और विशिष्ट जन की प्रतीक्षा भी खत्म होगी। नए काम के प्रसंग बनेंगे।

**मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे। किसी से बहस या तकरार ना करें।

# सावन मास का प्रथम सोमवार आज, महादेवा मेले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** सावन मास का पहला सोमवार होने के कारण उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेवा धाम में दर्शन पूजन एवं जलाभिषेक के लिए लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत मेला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के अभूतपूर्व प्रबंध किए गए हैं। पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया। मेला क्षेत्र को चार जोन और नौ सेक्टरों में बांटा गया है ?रविवार शाम से ही श्रद्धालुओं के जत्थे पहुंचने लगे थे। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर शिवमय हो उठा। जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का पैदल, बाइक, कार और बसों से पहुंचना शुरू हो गया था। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।भगौली घाट से जल भरकर आए श्रद्धालुओं का जत्था रविवार शाम लगभग पांच बजे लोधेश्वर धाम पहुंचा। अखिलेश, सुशीला, ममता, सरोजनी, अर्चना, चांदनी, मोहित कुमार, अंकित, विनीत, सौरभ, प्रदीप और छोटू सहित श्रद्धालु पिछले पांच वर्षों से पैदल कांवड़ यात्रा कर जलाभिषेक करने की परंपरा निभा रहे हैं। श्रद्धालुओं के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात के व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला परिसर में



अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा पुलिस और पीएसी के जवान तैनात हैं। मेला क्षेत्र को चार जोन और नौ सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। लखनऊ, कानपुर,बिठूर, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच और सीतापुर से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग डायवर्जन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। गोंडा-बहराइच की ओर से आने वाले वाहनों को लोहटी जई बाग, सीतापुर की ओर से आने वालों को लोधौरा चौराहा तथा लखनऊ बाराबंकी की ओर से आने वाले वाहनों को ऑडिटोरियम के समीप पार्क कराया जा रहा है।गनेशपुर स्थित घाघरा नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय स्वयं व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत और तहसीलदार विपुल कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मेला क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर दुकानों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं, जिससे जलाभिषेक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो संपन्न कराया जा सके।

**डीएम के निर्देशों के बाद भी नहीं सुधरी विधुत आपूर्ति**

जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद मेला परिसर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था नहीं सुधरी। रविवार की शाम 8 बजे तक बिजली नहीं थी जिससे मंदिर के अंदर अंधेरा हो गया था रिसीवर हर प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि हर आधे घंटे के बाद लाइट कट जाती है जिसके कारण बहुत दिक्कत हो रही है। ज्ञात हो कि जिलाधिकारी ईसान प्रताप सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को रविवार और सोमवार को निर्बाध गति से विधुत आपूर्ति करने के निर्देश दिए थे। लेकिन लगातार हो रही कटौती से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से लेकर दुकानदारों में नाराजगी फैली हुई है।

**.....लेकिन अभी तक नहीं हो सकी पटरियों की सफाई**

लोधेश्वर महादेवा मेला आने वाले मार्गों पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा झाड़ियों की सफाई अभी तक नहीं कराई गई है जिससे परिक्रमा लगाकर आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सावन मेले में लोधेश्वर महादेवा के दर्शन के लिए लेटकर परिक्रमा करते हुए आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार ग्रामीण मार्गो के सड़क पटरी पर फैली झाड़ियों से परेशानी उठानी पड़ सकती है। महादेवा को जोड़ने वाले अधिकांश मार्गों पर झाड़ियां पटरी ही नहीं सड़क तक फैल गई हैं लेकिन उनकी व्यापक स्तर पर कटाई-छंटाई नहीं कराई गई है। परिक्रमा लगाकर सबसे ज्यादा आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या महादेवा से मीतपुर होते हुए गनेशपुर जाने वाले मार्ग पर रहती है बहराइच से आने वाले श्रद्धालु भी इसी मार्ग से आते हैं लेकिन लोक निर्माण के द्वारा झाड़ियां साफ नहीं कराई गई है जबकि जिलाधिकारी के द्वारा सभी विभागों को व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिये गए थे।यही हाल लैन गांव होते हुए घाघरा नदी जाने वाले मार्ग महादेवा से कडाकापुर मार्ग, सूरतगंज मार्ग, बख्तरपुर मार्ग तथा बिंदौरा-परसपुर मार्ग,पांचू पुरवा मार्ग का है। कई स्थानों पर झाड़ियां सड़क की पटरी तक आ गई हैं जिससे लेटकर परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही पैदल यात्रियों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सावन मेले में श्रद्धालुओं की संख्या रविवार व सोमवार को काफी रहती है , जंगल झाड़ी के कारण विषैले जीव जंतुओं का खतरा पैदा हो गया है ऐसे में दुर्घटनाओं से बचाव और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रमुख मार्गों पर तत्काल झाड़ियों की कटाई-छंटाई कराकर रास्तों को साफ कराया जाना आवश्यक है। जिस किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# फंदे से लटकता मिला पीएसी जवान का शव



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी।** 10 वीं वाहिनी पीएसी परिसर स्थित बैरक में 2021 बैज के सिपाही ने आज तड़के एक पीएसी जवान का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पीएसी अधिकारियों और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान 10वीं वाहिनी पीएसी में तैनात सिपाही दीपक सिंह (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आज सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो साथी जवानों को संदेह हुआ। दरवाजा खोलने पर दीपक सिंह का शव फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि जवान द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मृतक के परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच में जुट गई है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि आत्महत्या का कारण ऑनलाइन गेमिंग खेलना है।प्रभारी निरीक्षक मसौली अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। आत्महत्या के कारणों की जानकारी की जा रही है। मृतक मेरठ जिले के थाना रोहतक निवासी है।

# कलेक्ट्रेट में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट में कार्यरत आशुलिपिक शिवकुमार वर्मा तथा चपरासी किशोर बीती 31 जुलाई को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह ने दोनों कर्मचारियों द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा केवल दायित्वों के निर्वहन तक सीमित नहीं होती, बल्कि अपने कार्यों एवं व्यवहार से संस्थान की गरिमा बढ़ाना भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) निरंकार सिंह तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राजकुमार सिंह सहित उपस्थित अधिकारियों ने भी दोनों कर्मचारियों के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके अनुशासन, कार्यकुशलता एवं सहयोगात्मक व्यवहार को प्रेरणादायी बताया तथा सेवानिवृत्ति के उपरांत स्वस्थ एवं सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं।समारोह के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके साथ बिताए गए कार्यकाल के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए चिकित्सा शिविर एवं फलाहार शिविर का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्रभारत, बाराबंकी। श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी श्री ईशान प्रताप सिंह के निर्देशों के क्रम में असेनी मोड़ पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी, नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल के नेतृत्व में चिकित्सा शिविर एवं भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी(वित्त एवम राजस्व) निरंकार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम नवाबगंज सुश्री गुंजिता अग्रवाल व जॉइंट मजिस्ट्रेट श्री विद्यांशु शेखर झा द्वारा किया गया।चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकीय टीम ने कांवड़ यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया जा रहा है तथा जरूरतमंद श्रद्धालुओं को निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जा रहा है। वहीं श्रद्धालुओं को फल, पेयजल एवं अन्य आवश्यक जलपान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें यात्रा के दौरान राहत एवं आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो सकें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाएं पूरी संवेदनशीलता एवं सतर्कता के साथ संचालित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मार्गों पर स्वच्छता, पेयजल, प्राथमिक उपचार, चिकित्सा सहायता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।जिला प्रशासन द्वारा श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है। प्रशासन सेवा, सुरक्षा और सुविधा के संकल्प के साथ श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए सतत रूप से कार्यरत है।



## पुलिस कप्तान ने देर रात लिया जायजा

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने देर रात वाहनों के रूट डायवर्जन पुलिस पिकेट एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था का जायजा लिया और मातहतों को आदेशों निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें जाने के निर्देश दिए। लोधेश्वर महादेवा में चल रहे सावनी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत एवं मार्ग की व्यवस्था को देखने के लिए पुलिस कप्तान देर रात भ्रमण पर निकले और उन्होंने रूट डायवर्जन पुलिस पिकेट पेट्रोलिंग का जायजा लिया तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सभी मार्गों में निरीक्षण किया।



# महिलाओं को स्वावलम्बन के लिए किया जागरुक

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर जागरूक किया गया।प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति फेज- 05' द्वितीय चरण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरुक कर उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से




सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108) व जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## 17 लाख के 83 मोबाइल फोन हुए बरामद

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए करीब 17 लाख रुपये कीमत के 83 मोबाइल फोन बरामद किये गये। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आज मोबाइलों को उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आम जनता के मोबाइल फोन गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व समस्त थानों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, सीईआईआर पोर्टल (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) का उपयोग करके तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से गुमशुदा हुए 83 मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 17 लाख रुपये है। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर आलोक कुमार पाठक द्वारा आज बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन व अपना महत्वपूर्ण डाटा वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए बाराबंकी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।बाराबंकी पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं या सीधे सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें, यह पोर्टल खोए हुए मोबाइल फोन को शीघ्रता से ट्रैक करने, ब्लॉक करने और बरामद करने में मदद करता है।

# शिक्षा के द्वारा समाज के कोने कोने में दीपक स्थापित करने का कार्य करते हैं : पीएल पुनिया

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** सांसद आवास ओबरी पर शिक्षक प्रकोष्ठ की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद तनुज पुनिया एवं पूर्व सांसद पीएल पुनिया उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा कि, शिक्षक समाज का वह आइना है कि, जो समाज में नये नये वातावरणों को शिक्षा के द्वारा समाज के कोने कोने में दीपक स्थापित करने का कार्य करते हैं। साथ ही समाज के हर क्षेत्र में एक नई किरण के साथ शिक्षा, स्वास्थ, व्यवस्था, एग्रीकल्चर निर्माण कार्य सामाजिक व्यवस्था एवं संवैधानिक व्यवस्था को स्थापित करने का कार्य करते है। बैठक में मुख्य रूप से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि, शिक्षक समाज की वह रोशनी है जो अन्धकारों को मिटा के एक नई रोशनी में आने वाले भविष्य को सही रास्ता दिखाती है और वह रास्ते के, एक एक शिष्य समाज को जागृत करते है एवं समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर समाज को एक स्वच्छ वातावरण बनाने का कार्य करता है। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि, गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागू पांए बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताये। शिक्षक के बिना जीवन पशु के समान होता है। जिस जीवन में अभिभावक एवं शिक्षक के रूप में मार्गदर्शन ना हो वह जीवन नरक के भांति होता है जो समाज वा देश के लिये हानिकारक होता है। बैठक में शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र बैसवार समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि, वर्तमान सरकार शिक्षकों पर जिस तरह अत्याचार किया है एवं समाज का सबसे बुद्धिजीवी वर्ग को पीछे की ओर ढकेलने का कार्य वर्तमान सरकार के द्वारा किया गया है वहां आने वाले समय में इसका खामियाजा योगी या मोदी सरकार को भुगतना पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार राय, वाइस चेयरमैन संगठन प्रभारी श्रवण कुमार गुप्ता, प्रदेश सचिव डॉ0 आरिफ खान, कार्यालय प्रभारी बीपी सिंह, पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया सांसद तनुज पुनिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, मोहम्मद इरफान कुरैशी, वीरेन्द्र यादव, के0सी0 श्रीवास्तव, शिव बहादुर वर्मा, योगन्द्र प्रसाद उपाध्यक्ष, सईद अहमद उपाध्यक्ष, उदय शंकर वर्मा उपाध्यक्ष, अवध शरण वर्मा उपाध्यक्ष, गंगा बक्स सिंह उपाध्यक्ष, रघुनाथ प्रसाद तिवारी उपाध्यक्ष, जावेद हुसैन महासचिव, लीला रमन वर्मा महासचिव, रहीमुद्दीन महासचिव, हरिओम वर्मा महासचिव, राम सुरेश वर्मा महासचिव, कृष्ण कुमार शर्मा महासचिव, राम लखन वर्मा, कमाल अहमद, विनोद कुमार वर्मा, अरुण कुमार वर्मा, हरे लाल वर्मा, उमानाथ शुक्ल, गुरुदीन मौर्य विजय पाल गौतम, आर0डी0 राव, अवनीश, अभय, जीशान, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# के जीबीवी में नशा मुक्त युवा कार्यक्रम सम्पन्न



**स्वतंत्रभारत, हैदरगढ (बाराबंकी)** रविवार को माय भारत केंद्र के तत्वाधान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनिकपुर व हैदरगढ़ में नशा मुक्त युवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सभी बालिकाओं को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल उद्बोधन को उत्साह पूर्वक सुना गया। उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं को देश की बड़ी पूंजी बताया। कहा युवा शक्ति ही विकसित भारत का आधार है। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी सिद्ध होगा जब हमारी युवा पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप स्वस्थ एव जागरूक होगी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आदर्श सिंह ,प्रभात सिंह , देवेश गुप्ता ने किया इस अवसर पर विद्यालय वार्डन शकुंतला वर्मा , कंचन सिंह, ज्योति गुप्ता, प्रशांत तिवारी , नितेश सिंह

# देवर-देवरानी पर घर में घुसकर जानलेवा हमले का आरोप

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र के गुलामाबाद निवासी महिला ने अपने देवर देवरानी पर घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए थाना सुबेहा में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पीड़िता क्षमा बाजपेई पत्नी रिंकू बाजपेई ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पति दिल्ली में नौकरी करते हैं। वह अपनी पुत्रियों के साथ गांव में रहती हैं। आरोप लगाया कि 31 जुलाई की रात करीब आठ बजे उनका देवर दीपू शराब के नशे में धुत होकर घर में घुसा और लोहे के चिमटे से हमला कर दिया। बताया कि शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उनकी दिव्यांग ननद के साथ भी मारपीट की गई। वहीं पति का साथ देने पहुंची देवरानी कल्पना पर भी गला दबाकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है।तहरीर में यह भी कहा गया है कि घटना के दौरान पीड़िता ने डायल-112 पर सूचना दी। आरोप है कि पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज करते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बेहोशी की हालत में लाई गई वृद्धा रेफर

**स्वतंत्रभारत,हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाई गई वृद्ध महिला को हालत में सुधार न होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।कोतवाली हैदरगढ़ के हरिपालपुर गांव निवासी राम प्रवेश की 62 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी रविवार शाम 6:00 बजे खेतों में काम कर रही थी जहां पर अचानक बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा उन्हें निजी वहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि खेत में काम करते हुए किसी जन्तु द्वारा काट लिया गया है जिसके कारण वह बेहोश हो गई । इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात फार्मासिस्ट अमरीश मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा लाने के पहले एक घंटा महिला बेहोशी की हालत में थी और यहां लाने के बाद आवश्यक उपचार के बाद भी होश ना आने पर हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

# श्री राम लीला सेवा समिति की कैबिनेट बैठक सम्पन्न! लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की सुप्रसिद्ध रामलीला का शुभारंभ होना सुनिश्चित हुआ है जिसके क्रम में समिति के अध्यक्ष अनिल



अग्रवाल की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक सम्पन्न हुई, कैबिनेट बैठक में विगत वर्ष रामलीला में आयोजन के आय और व्यय की चर्चा के साथ विवरण महामंत्री शिव कुमार वर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया, समिति ने आय व्यय के विवरण से सहमति जताई, बैठक में अग्रिम आम सभा की बैठक के बारे में निर्णय लिया गया, आम सभा में आगामी दशहरा मेला में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रम के बारे में रूप रेखा भी तय की जानी है। इस दौरान समिति के समक्ष प्रस्ताव रखा गया कि दशहरा मैदान में नवनिर्मित ऑडिटोरियम का उद्घाटन कार्यक्रम भी सम्पन्न किया जाएगा, साथ ही ऑडिटोरियम में समिति से जुड़े पूर्व सहयोगियों, समिति के सदस्यों के चित्र लगाए जाने विषयक चर्चा भी सम्पन्न हुई। इस कैबिनेट बैठक में प्रमुख रूप से श्री रामलीला सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रबंधक राम लखन श्रीवास्तव, महामंत्री शिवकुमार वर्मा, सरदार भूपेंद्र सिंह, प्रचार मंत्री संतोष कुमार जायसवाल, उप प्रबंधक राजेश गुप्ता कृष्णा,0सांस्कृतिक मंत्री राजू पटेल, अंकित गुप्ता गोलू सहित सुशील गुप्ता, सुधीर जैन, राकेश वर्मा व राजेश मौर्या खन्नू आदि मौजूद रहे।

# नागेश्वरनाथ मंदिर में पहले सोमवार पर प्रशासन की तैयारियां हुईं पूरी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में सावन के पहले सोमवार से अयोध्या में प्रशासन की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। नयाघाट समेत कई प्रमुख घाटों पर पुरोहितों के छप्पर व तख्त हटाये जा रहे हैं। नगर निगम और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से कार्यवाही कर रहे हैं। कार्यवाही के दौरान कुछ तख्त और अन्य सामान नगर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुरोहितों का कहना है कि हर वर्ष सावन मेले में अस्थायी छप्पर लगाये जाते हैं जिसमें श्रद्धालुओं और पुरोहितों को बारिश व तेज धूप से बचाने का



प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि बिना छाया के घाटों पर बैठकर पूजा-पाठ करना मुश्किल होता है। पुरोहित का आरोप है कि इस कार्यवाही से उनकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। छप्पर हटाये जाने के बाद उन लोगों ने जिला प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद भी चम्पत राय का मंदिर प्रबंधन के फैसले पर बना है दबदबा : सपा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय ने आज कहा कि मंदिर के चढ़ावे चोरी के मामले में भारतीय जनता पार्टी की भूमिका संदिग्ध है और तुरन्त छोटे लोगों पर कार्यवाही की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तत्कालीन महामंत्री चम्पत राय अब भी परोक्ष रूप से मंदिर प्रबंधन में प्रभाव बनाये हुए हैं तथा उन्हीं की इच्छा के अनुसार फैसले हो रहे हैं। पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय उर्फ पवन पाण्डेय ने आज शाने अवध होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह लोग चोरी भी करते हैं और सीनाजोरी भी। संसद में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मुद्दे पर हुए प्रदर्शन के बाद अयोध्या में सियासी बयानबाजी तेज हो गयी। संतों के



प्रदर्शन के अगले दिन श्री पाण्डेय ने कहा कि सांसद पप्पू यादव ने भगवा वस्त्र राम मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरी के संदर्भ में पहने थे। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव से गलती हुई क्योंकि प्रदर्शन के दौरान भगवान राम का चित्र जमीन पर गिर गया था। पवन पाण्डेय ने कहा कि इस गलती के लिये उन्होंने अयोध्या की जनता से माफी मांगी और पप्पू यादव को भी माफी मांगनी चाहिये। संतों के प्रदर्शन के दौरान सांसद अवधेश प्रसाद के पोस्टर पर कालिख पोतने और जूते मारने की घटना को समाजवादी पार्टी ने कड़ी निंदा की है। पाण्डेय ने इसे फैजाबाद अयोध्या की 18 लाख जनता और देश की 140 करोड़ जनता का अपमान बताया है। उन्होंने तीखी आवाज में कहा कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर पूरे प्रकरण में भाजपा की भूमिका संदिग्ध है और केवल छोटे लोगों पर कार्यवाही की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया निवर्तमान ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय अब भी परोक्ष रूप से चम्पत राय की इच्छानुसार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, हामिद जाफर मीसम, शावेज जाफरी, ओरौनी पासवान, संजय चौधरी, सुनील कुमार, मीडिया प्रभारी राकेश सिंह उपस्थित थे।

# भाजपा समर्थकों द्वारा कांग्रेस नेताओं के चित्र जलाने की घटना लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला : जिलाध्यक्ष

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** कांग्रेस जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम तथा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से भाजपा समर्थकों द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध लगाए गए कथित निराधार आरोपों तथा उनके चित्र जलाए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब अयोध्या में चढ़ावे की चोरी की घटना सामने आई, जिससे पूरे विश्व में अयोध्या की छवि




धूमिल हुई, तब भाजपा और स्वयंभू सनातन धर्म के ठेकेदार मौन रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के रोड शो में भगवान हनुमान का अभिनय कर रहे कलाकारों का प्रदर्शन कराया गया तथा हनुमान जी की छवि का विभिन्न आयोजनों में अनुचित ढंग से उपयोग किया गया, तब भी इन लोगों ने सनातन धर्म के सम्मान की बात नहीं की। उन्होंने कहा कि आज एक नाट्य मंचन को आधार बनाकर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। यदि वास्तव में ये लोग सनातन धर्म के प्रति आस्था रखते हैं, तो उन्हें चढ़ावे की चोरी और धार्मिक प्रतीकों के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दों पर भी समान रूप से आवाज उठानी चाहिए थी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता रखने वाले लोगों को प्रभु श्रीराम और हनुमान जी सद्बुद्धि प्रदान करें। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के रवैये पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब विपक्षी दल किसी प्रकार का प्रदर्शन करते हैं, तो प्रशासन तत्काल सक्रिय होकर रोक-टोक करता है। किंतु आज भाजपा समर्थकों द्वारा विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं के चित्र जलाए गए और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। उन्होंने इसे प्रशासन का दोहरा मापदंड बताते हुए इसकी निंदा की और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक विरोध के नाम पर इस प्रकार की उकसाऊ और अशोभनीय गतिविधियां लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध हैं।

# प्रसिद्ध सावन झूला मेला की तैयारियां पूरी जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या के प्रसिद्ध सावन झूला मेला की तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। मेले में मण्डलायुक्त राजेश कुमार के साथ डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। कल से शुरू हो रहे मेले में श्रावण मास के दौरान आयोजित होने वाले राम की पैड़ी एवं मणिपर्वत झूला मेले के सफल सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने सभी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को सभी व्यवस्थायें निर्धारित समय के भीतर पूर्ण करने के आदेश दिये जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक वातावरण में मेले में आकर आनंद उठा सकें। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त के साथ डीआईजी सोमेने वर्मा, जिलाधिकारी शशांक



त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता, अपर जिलाधिकारी नगर योगेन्द्र पाण्डेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य विक्रम अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मण्डलायुक्त ने राम की पैड़ी, मणिपर्वत और आसपास मेला क्षेत्र में स्वच्छता,




पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरीकेडिंग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, चिकित्सा सुविधाओं, नियंत्रण कक्ष, आपदा प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने कहा कि श्रावण मेला में बड़ी संख्या में कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रत्येक विभाग पूर्ण सतर्कता



एवं समन्वय के साथ कार्य करे। डीआईजी सोमेन वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण को सुनिश्चित कराने के लिये बल दिया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि तैयारियों में कोई कमी न हो जिससे श्रद्धालु मेले के दौरान दर्शन पूजन कर सकें।

## वरिष्ठ पत्रकार अजेन्द्र पाण्डेय के बाबा महीपति 101 वर्ष के आयु में हुआ देहान्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** अयोध्या के वरिष्ठ पत्रकार अजेन्द्र पाण्डेय के बाबा महीपति पाण्डेय का आज प्रातः 9 बजकर 10 मिनट पर 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे रामघाट अयोध्या के निवासी थे। समाचार मिलते ही शुभचिन्तकों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनका अंतिम संस्कार पारिवारिक रीति रिवाज के अनुसार आज किया गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

# ऑपरेशन के बाद युवक की मौत, विधायक ने जताया शोक

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के शुजागंज पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बिचाला गांव निवासी युवक मुकेश रावत की कथित रूप से एक निजी अस्पताल में हाइड्रोसील ऑपरेशन के बाद हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक के परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉ. विनोद कुमार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्जकर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मृतक के भाई सर्वेश कुमार ने कोतवाली रूदौली में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है। कि मुकेश को हाइड्रोसील की शिकायत थी। जिसके इलाज के लिए शुजागंज स्थित एक निजी अस्पताल में डॉ. विनोद कुमार से ऑपरेशन कराया गया। ऑपरेशन के बाद भी दर्द कम नहीं हुआ, बल्कि लगातार बढ़ता गया। परिजनों का यह भी आरोप है। कि डॉ. ने बार-बार आश्वासन देकर मरीज को घर भेज दिया। बाद में अचानक तबीयत अधिक बिगड़ने पर दूसरे चिकित्सक



को दिखाया गया। जहां ऑपरेशन में गंभीर गड़बड़ी होने की बात सामने आई। इसके बाद मरीज को आनन फानन में उच्च चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। लेकिन जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही रूदौली विधायक रामचंद्र यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। श्री विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन, बच्चों को बाल सेवा योजना, परिवार को पारिवारिक सहायता योजना, पात्रता के अनुसार किसान दुर्घटना सहायता तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम रुदौली विनोद कुमार गुप्ता, सीओ रुदौली अरविंद सोनकर, अपराध निरीक्षक रुदौली शत्रुधन यादव, शुजागंज चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह, उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## कृषि उपज की गुणवत्ता बनाये रखें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अयोध्या श्री सौरभ वर्मा ने किसान भाईयों को सूचित किया है कि कृषि उपज (उत्पाद) को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिये एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन (आई0पी0एम0) अपनाने की सलाह दी जाती है, जिसके अन्तर्गत गर्मी में खेतो की मिट्टी पलट हल से जुताई, फसल चक, हरी खाद की पलटाई, मेड़ बंधी, संस्तुत मात्रा में उवर्रक का प्रयोग, समय से बुआई, मित्र-शत्रु कीट की पहचान, बॉयोपेस्टीसाइड/बॉयोऐजेन्ट का प्रयोग, उचित दूरी पर बुआई, लॉइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप, रंगीन स्ट्रीकी ट्रैप इत्यादि प्रबन्ध का अवश्य प्रयोग करे, जिससे विषैले भोज्य प्रदार्थों के उत्पादन से बचा जा सके। फसल को हानि पहुंचाने वाले कीड़ो को आकर्षित करने हेतु प्रकाश प्रपन्च (लॉइट ट्रैप) एवं गन्धपास (फेरोमोन ट्रैप), 8 ट्रैप प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग करे।

# चेहल्लुम त्यौहार में मजिस्ट्रेटों की होगी तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष चेहल्लुम चन्द्रदर्शन के अनुसार इस्लामिक माह सफर की 20वीं 4 अगस्त को तारीख (हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन के सहादत के 40वें दिन) मनाया जाना सम्भावित है। ऐसे में सभी महत्वपूर्ण व संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता/चौकसी करते हुए पूर्व से ही समुचित प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिया जाय और सभी असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनकी गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाय, जिससे जनपद में कानून/लोक/शांति व्यवस्था व सामाजिक सौहार्द अक्षुण्ण रहें। नगर मजिस्ट्रेट तथा रेजीडेण्ट मजिस्ट्रेट अपने-अपने आवंटित क्षेत्र एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारियों व अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) अपने-अपने सम्पूर्ण नगरीय/ग्रामीण क्षेत्र में अपने काउन्टर पार्ट अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य से समन्वय बनाकर आवश्यक शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु उत्तरदायी होंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई नयी परम्परा प्रारम्भ न हों। साथ ही सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसील क्षेत्र में चेहल्लुम के दृष्टिगत जुलूसों/ कार्यक्रमों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अपने स्तर से अधीनस्थ की आवश्यकतानुसार ड्यूटी लगायेंगे। समस्त क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट, जनपद अयोध्या अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस क्षेत्राधिकारियों से समन्वय करते हुए मुस्लिम धर्म गुरूओ मौलानाओं/ सम्बन्धित कमेटियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से सम्पर्क व सुझाव करके समस्त थाना क्षेत्रों में समस्त सम्बन्धित विभागाधिकारियों की उपस्थिति में ससमय पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करेंगे तथा ससमय समस्याओं का निराकरण करायेंगे। नगर निगम अयोध्या एवं स्थानीय नगर निकाय तथा जिला पंचायत विभाग अपने-अपने क्षेत्रो में सभी आवश्यक स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, चूना छिड़काव, प्रकाश, शुद्ध पेयजल आदि को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग अयोध्या सभी सम्बन्धित मार्गो/स्थलों पर स्थित वृक्षों की लटकी डालों व लटके पेड़ों की कटाई-छटाई ससमय करायेंगे। समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, विकास प्राधिकरण अयोध्या आदि अपने से सम्बन्धित मोहल्लो/ जुलूस के मार्गो पर पड़ने वाली विभागीय सडकों की आवश्यकतानुसार मरम्मत/पैचिंग समय से कराकर उसको समतल कराकर चलने योग्य बनवायेंगे। समस्त अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, जनपद अयोध्या विद्युत लाइनो के ढीले तारों एव जर्जर खम्भों को समय से ठीक कराने, मोबाइल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था के साथ-साथ निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करेंगें। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), अयोध्या द्वारा सीवर लाइन डालने हेतु शहर के विभिन्न मार्गो पर खोदी गयी सड़कों/गलियों की ससमय मरम्मत कराकर चलने योग्य बनाया जाय। उक्त के अतिरिक्त अन्य सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी द्वारा उक्त पर्व के दृष्टिगत अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आवश्यक कार्यों/दायित्वों का निर्वहन सम्बन्धित क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट एवं आयोजको से समन्वय स्थापित कर ससमय कराया जायेगा। सभी सम्बन्धित अधिकारी चेहल्लुम माह सफर में निकाले जा वाले जुलूसों ने सकुशल संपन्न कराने के लिए उत्तरदायी होगें।

# नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान शुरू

**स्वतंत्र भारत टांडा (सं.)** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, अंबेडकर नगर में प्रधानाचार्य के निर्देशन में मानसिक रोग विभाग द्वारा 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण करते हुए जागरूकता रैली द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य द्वारा एल.टी.1 में सामूहिक रूप से एकत्रित होकर नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के जन आंदोलन कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उपस्थित सभी जन ने कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक देखा तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम से सभागार में एकत्रित जन को यह प्रेरणा मिली कि युवाओं को नशे से दूर रखना, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपना, और समाज में सकारात्मक बदलाव का दूत बनाना है। युवाओं का मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है, नशे की लत युवाओं को उनके बनाए गए लक्ष्य से भटकाती है, यदि परिवार में



कोई इस लत का शिकार हो जाए, तो उसे छिपाने के बजाय खुलकर बात करें और उसका सही इलाज तथा काउंसलिंग करवाएं। तत्पश्चात चिकित्सालय के प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, काउंसलिंग सेवाओं तथा नशा मुक्ति के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार गुप्ता एवं डॉ. पारुल यादव (सहायक आचार्य) द्वारा की गई एवं कार्यक्रम में मौजूद डॉ मुकुल सक्सेना विभागाध्यक्ष टी.सी.सी., डॉ. रितेश राय डॉ. अनिल सिंह यादव सहायक आचार्य माइक्रोबायोलॉजी, डॉ. शिवरतन, डॉ. राणा प्रताप, डॉ. प्रियंका यादव (एस. आर.) मानसिक रोग विभाग, अध्यनरत छात्र-छात्राएं ए.टी.एफ. कार्यरत कर्मचारी विनोद कनौजिया काउंसलर, प्रियम खरे काउंसलर, अनुराग त्रिपाठी स्टाफ नर्स, स्वीटी शर्मा डाटा मैनेजर, शादाब क्लीनिंग सुपरवाइजर इत्यादि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी नागरिकों से नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी दूसरों को भी जागरूक करनें की अपील किया है।

# जूनियर हाईस्कूल गोसाईगंज में महिला शिक्षक विदाई समारोह हुआ संपन्न

**स्वतंत्र भारत गोसाईंगंज (सं.)** स्कूल के शिक्षकों ने संस्थान में शिक्षा के स्तर को ऊंचाइयों पर ले जाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनका अनुशासन, समर्पण और बच्चों के प्रति स्नेह हमेशा याद रखा जाएगा। यहाँ के शिक्षकों ने बच्चों को न केवल अच्छी तालीम दी। बल्कि बच्चों को बेहतर इंसान बनने के लिए अच्छे संस्कार भी दिए। उक्त बातें शनिवार को गोसाईगंज स्थित अंसार जू0 हाई स्कूल में बीते डेढ दशक से अध्यापन कार्य कर रहीं महिला शिक्षक रागिनी वर्मा एवं सुनीता गुप्ता के विदाई समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे पधारी गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल ने कहीं !इससे पूर्व सभासद श्रीमती जायसवाल का विद्यालय की प्रधानाचार्या जीना सुल्तान तथा अन्य अध्यापिकाओ द्वारा माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया !विद्यालय प्रबंधक इकबाल हुसैन की अध्यक्षता तथा प्रधानाचार्या जीनत





सुल्तान के संचालन में संपन्न हुए कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन,सहकर्मियों और छात्र- छात्राओं ने विदा हो रहीं इन दोनों महिला अध्यापिकाओं के उत्कृष्ट योगदान की सराहना कर उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए इनके सम्मान में सम्मान पत्र,धन्यवाद भाषण और भावुक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह के अंत में स्कूल प्रबंधक द्वारा सभासद आरती जयसवाल के साथ- साथ दोनों महिला शिक्षकों को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो), उपहार और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।विदाई ले रहीं दोनों महिला अध्यापिका रागनी वर्मा, सुनीता गुप्ता ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा कर कहा कि स्कूल में बिताया गया समय उनके जीवन के सबसे यादगार और अमूल्य पलों में से एक रहेगा तथा स्कूल के सहकर्मियों और बच्चों से मिला प्यार व सम्मान वे कभी नहीं भूलेंगी। कार्यक्रम मे तहसीन कौसर, सुनीता यादव, आरती मौर्य, रितू दुबे, मंतशा बानो, कहकसा बानो, अरबिया नाज, समाजसेवी इश्तियाक अंसारी, मो0 सहनवाज उर्फ़ सालू सहित कई लोग मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद द्वारा अध्यक्ष एकता अग्रवाल के नेतृत्व में होटल क्रिनोस्को में बहुप्रतीक्षित वार्षिक प्रदर्शनी 'अमाया - सीज़न 9' का भव्य आयोजन किया गया। महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में यह प्रदर्शनी प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। प्रदर्शनी में कृत्रिम आभूषण, आकर्षक परिधान, चिकनकारी, राखियां, भगवान जी की पोशाकें सहित लगभग 31 स्टॉल लगाए गए, जहाँ शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी कर प्रदर्शनी को शानदार सफलता दिलाई। समाज के वंचित वर्गों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कुछ चैरिटी स्टॉल भी लगाए गए, जिन्हें लोगों ने सराहा। मुख्य अतिथि शहर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमिता वर्मा रहीं। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष रेणु रस्तोगी अपनी पूरी टीम–विधि अग्रवाल, किरण सक्सेना, नीता आचार्य एवं मोनिका अग्रवाल–के साथ उपस्थित रहीं। इसमें रीता खत्री, स्नेहलता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीरा अग्रवाल, बीना अग्रवाल, सपना रस्तोगी, स्वाति टंडन,आशा केडिया, मंजरी मिश्रा, उषा मिश्रा, डिंपल बंसल, रूबी बंसल, ममता सिंह, अंजू विकास आदि उपस्थित रहे।

# केरलम और कर्नाटक में बारिश-भूस्खलन का तांडव

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में इस वक्त आसमान से आफत बरस रही है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण हालात बेकाबू हो गए हैं और आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। दक्षिण में केरल से लेकर उत्तर में जम्मू-

■ नौ लोगों की मौत; उत्तराखंड में हाईवे धंसे

कश्मीर और उत्तराखंड तक बाढ़ और लैंडस्लाइड ने भारी तबाही मचा रखी है। कुदरत के इस भयानक प्रकोप के चलते अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है और पहाड़ों पर दहशत का माहौल है। केरल में बारिश ने विकराल रूप ले लिया है। राज्य के कई हिस्सों में लैंडस्लाइड और बाढ़ की वजह से अब तक छह लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि छह अन्य लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। प्रशासन युद्ध स्तर पर बचाव कार्य में जुटा है। बेघर हुए लोगों की मदद के लिए सरकार ने



65 राहत शिविर स्थापित किए हैं, जहां अब तक 1,465 लोगों को सुरक्षित निकालकर पहुंचाया गया है। कुदरत का सबसे क्रूर चेहरा कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में देखने को मिला है। रविवार सुबह यहां एक पहाड़ी खिसकने से हुए भारी लैंडस्लाइड में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय मल्लिकार्जुन, उनकी 28 साल की पत्नी नागवेणी और महज 3 साल के मासूम बेटे संतोष के रूप में हुई है। दिल दहला देने वाली बात यह है कि जब यह हादसा हुआ, उस वक्त तीनों पहाड़ी की तलहटी में बने अपने घर में गहरी नींद में सो रहे थे। पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मीर में भी सैलाब ने लोगों की सांसें अटका दी हैं। किश्तवाड़ जिले के छतरू इलाके में शनिवार को अचानक बादल फटने से भयानक बाढ़ आ गई। पानी के तेज बहाव ने कई मकानों और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सड़कों पर मलबे का अंबार लग गया है और दो कारें तिनके की तरह बह गईं। किसी भी तरह के खतरे को टालने के लिए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर किश्तवाड़, डोडा और रामबन के सभी स्कूलों को बंद रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। देवभूमि उत्तराखंड में भी लगातार हो रही बारिश से पहाड़ों का दरकना जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर भयानक लैंडस्लाइड हुआ है, जिसने तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उधर, चमोली के गौचर के पास कमेड़ा में बद्रीनाथ हाईवे का करीब 20 मीटर लंबा हिस्सा अचानक धंस गया। इसके चलते हाईवे पर गाड़ियों की रफ्तार थम गई है और फिलहाल यातायात को वन-वे कर दिया गया है। मौसम विभाग ने सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 7 अगस्त तक मौसम का मिजाज इसी तरह खतरनाक बना रहेगा।

# दिल्ली के ईवी चार्जिंग स्टेशन में भीषण आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में शनिवार को इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने पूरे चार्जिंग स्टेशन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां खड़ी एक

■ इलेक्ट्रिक बस समेत 11 बाइकें जलकर राख

इलेक्ट्रिक बस, 11 बाइकें, दो हाई-कैपेसिटी चार्जिंग यूनिट, दो पावर डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड और एक सब-स्टेशन जलकर खाक हो गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की सात गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया।

गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। शुरुआती जांच में शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की आशंका है। पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों के पता लगाने में जुटी है। दमकल विभाग के अनुसार, सुबह करीब 8:55 बजे राधा स्वामी



आश्रम गेट नंबर-2 सोनिया विहार बस अड्डे के पास स्थित फॉर्टम चार्ज एंड ड्राइव इंडिया लिमिटेड के चार्जिंग स्टेशन में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की सात गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची।

आग करीब 360 किलोवाट क्षमता वाले चार्जिंग पॉइंट में लगी थी, जिसने कुछ ही देर में दूसरे चार्जिंग पॉइंट को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद आग तेजी से फैली और 630 एंपियर क्षमता वाले दो पावर डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड और 1250 केवीए के सब-स्टेशन तक पहुंच गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिजली आपूर्ति बंद कर आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 10.50 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हादसे के दौरान चार्जिंग स्टेशन की पार्किंग में खड़ी एक इलेक्ट्रिक बस और 11 दोपहिया वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है।

# बारिश के बाद पटरी पर लौटी अमरनाथ यात्रा

## हाईवे खुलते ही श्रद्धालुओं का काफिला रवाना

**जम्मू।** लगातार बारिश के कारण दो दिन तक बंद रहे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के आंशिक रूप से बहाल होने के बाद रविवार तड़के अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई। भगवती नगर आधार शिविर से 3,886 श्रद्धालुओं का 25वां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 177 वाहनों के काफिले में बालटाल के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू से यात्रा



शनिवार को राजमार्ग पर उधमपुर के झखानी से लेकर रामबन के बनिहाल तक कई स्थानों पर भारी बारिश से हुए नुकसान के कारण एक दिन के लिए स्थगित कर दी गई थी। अब सबसे अधिक प्रभावित उधमपुर के समरोली स्थित देवाल पुल क्षेत्र में सड़क को एक तरफ से यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है, जिससे यात्रा दोबारा शुरू हो सकी। हालांकि, राजमार्ग पर मरम्मत का काम अभी भी जारी है। फिलहाल हल्के वाहनों को जम्मू से कश्मीर की ओर जाने की अनुमति दी गई है, जबकि काजीगुंड से जम्मू की ओर यातायात अमरनाथ यात्रा का काफिला गुजरने के बाद बहाल किया जाएगा। वहीं, भारी वाहनों की आवाजाही फिलहाल एक दिन छोड़कर एक दिन की व्यवस्था के तहत होगी। यातायात पुलिस ने अगले कुछ दिनों के लिए मौसम खराब रहने की संभावना को देखते हुए यात्रियों और आम लोगों से अपील की है कि वे यात्रा पर निकलने से पहले सड़क और यातायात की ताजा स्थिति की जानकारी अवश्य लें।

# मानसून में बाइक पर्यटकों के भरोसे पर्यटन कारोबार

**कुल्लू।** मानसून के दौरान विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुल्लू-मनाली का पर्यटन कारोबार इन दिनों मुख्य रूप से लेह-लद्दाख जाने वाले बाइक पर्यटकों के सहारे चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग-3 के किनारे स्थित ढाबों, रेस्टोरेंट और छोटे होटलों में सबसे अधिक रौनक बाइक सवार समूहों की वजह से बनी हुई है। हालांकि, कुछ सामान्य पर्यटक भी घाटी पहुंच रहे हैं लेकिन उनकी संख्या काफी कम है। पर्यटन कारोबारियों



का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण कई पर्यटक अपनी यात्रा टाल रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर सोलंगनाला और अटल टनल के आसपास सड़क पर पानी भरने और मलबा आने के वायरल वीडियो से भी लोगों में भ्रम की स्थिति बनी है। इसके चलते कई पर्यटक कुल्लू-मनाली आने से परहेज कर रहे हैं, जबकि अधिकांश समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सामान्य रहता है और प्रशासन सड़क को जल्द बहाल करने में जुटा रहता है। हाईवे किनारे ढाबा संचालकों का कहना है कि लेह जाने और वहां से लौटने वाले बाइक राइडरों की वजह से उनका कारोबार किसी तरह चल रहा है। उनका कहना है कि यदि बाइक पर्यटकों की संख्या भी कम हो गई तो मानसून के दौरान पर्यटन कारोबार पर और अधिक असर पड़ेगा।

## एक नजर

### 'मेरा नंबर लीक किया, दुष्कर्म की धमकियां मिल रहीं'

**पीएम को गाली देने वाली छात्रा का छलका दर्द**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने के बाद चर्चा में आई 15 वर्षीय छात्रा ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रा का कहना है कि उसका मोबाइल नंबर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक कर दिया गया, जिसके बाद उसे लगातार दुष्कर्म और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। उसने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उसके साथ किसी बड़े अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। छात्रा ने कहा कि अज्ञात नंबरों से लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं। उसके मुताबिक, कॉल करने वाले अश्लील और हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे वह और उसका परिवार बेहद डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मोबाइल नंबर लीक कर दिया गया है। लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि जहां भी मिलूंगी, दुष्कर्म करेंगे और मार देंगे। मैं बहुत डरी हुई हूं। छात्रा का आरोप है कि पुलिस लगातार उसके घर पहुंच रही है और उसे ऐसे तलाश रही है, जैसे उसने कोई गंभीर अपराध किया हो। उसने कहा कि मामला दर्ज होने के बाद से परिवार पर भी दबाव का माहौल है।

### सेल्फी लेते पैर फिसला, खाई में गिर कर युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के उमरानाला चौकी क्षेत्र के कुकड़ीखापा वॉटरफॉल में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे एक युवक की सेल्फी लेने के दौरान दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। युवक का पैर फिसलने से वह गहरी खाई और पानी में जा गिरा। देर शाम अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान शुरू नहीं हो सका। एनडीआरएफ टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक का शव बरामद किया। मृतक राहुल बरकड़े (21) पिता गलीत बरकड़े, निवासी ग्राम भाजीपानी (चांद), बैंगलुरु में मजदूरी करता था। वह छुट्टियां बिताने अपने गांव आया हुआ था। शुक्रवार को राहुल अपने तीन दोस्तों के साथ कुकड़ीखापा वॉटरफॉल घूमने और पिकनिक मनाने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि वॉटरफॉल के किनारे राहुल मोबाइल से सेल्फी ले रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह गहराई में जा गिरा। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

### इंदौर की बेटी शिवानी शाह ने दिल्ली में गाड़ा झंडा

**मिला नेशनल इन्क्लूजन अवॉर्ड**

**इंदौर।** इंदौर की शिवानी शाह को नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित वर्ल्ड इन्क्लूजन कॉन्फ्रेंस इंडिया में आईएफआईपी नेशनल इन्क्लूजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह नेशनल अवॉर्ड उन्हें ऑटिज्म, एडीएचडी, इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी और दिमागी विकास से जुड़ी दूसरी चुनौतियों वाले बच्चों और लोगों के लिए उनकी जरूरतों के मुताबिक माहौल तैयार करने और उनके जीवन को आसान बनाने वाली नई पहल करने के लिए दिया गया। वर्ल्ड इन्क्लूजन कॉन्फ्रेंस का आयोजन इंटरनेशनल फोरम ऑफ इन्क्लूजन प्रैक्टिशनर्स (आईएफआईपी) ने अफेयर्स एग्जीबिशन्स एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया। सम्मेलन में शिक्षा, दिव्यांगजन अधिकार और हर व्यक्ति को बराबर अवसर दिलाने की दिशा में काम करने वाले भारत और विदेश के कई विशेषज्ञ शामिल हुए। इस मौके पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, सांसद डॉ. हर्षवर्धन श्रृंगला, आईएएस अधिकारी इरा सिंघल सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हस्तियां मौजूद रहीं।

### प्रशांत किशोर का पटना एसएसपी पर गंभीर आरोप

**कहा बीजेपी के कहने पर कार्यकर्ताओं को उठाया**

**पटना।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को बताया कि उनकी पार्टी ने चुनाव आयोग में पटना पुलिस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान भाजपा के कहने पर पुलिस ने जन सुराज के नेताओं और कार्यकर्ताओं को गलत तरीके से पकड़ा और बंद किया। किशोर ने कहा कि गुरुवार को वोटिंग शुरू होने से पहले दो दिनों में पुलिस ने 54 लोगों को पकड़ा, जिनमें कई स्थानीय लोग शामिल थे। प्रशांत किशोर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पटना के एसएसपी कार्तिकेय के. शर्मा का यह दावा बिल्कुल गलत है कि पुलिस ने बाहरी लोगों को पकड़ा था। उन्होंने कहा, 'हमने चुनाव आयोग को सबूत दिए हैं कि पकड़े गए कई लोग यहीं के रहने वाले थे और उन्होंने कोई नियम नहीं तोड़ा था।' प्रेस कॉन्फ्रेंस में किशोर के साथ ऐसे लोग भी मौजूद थे, जिन्हें या जिनके परिवार को पुलिस ने रात में घर से उठा लिया था। प्रशांत किशोर ने कहा कि पकड़े गए 54 लोगों में से 18 से ज्यादा लोग बांकीपुर के ही रहने वाले थे। वे कोई गड़बड़ी नहीं कर रहे थे। उन्होंने सवाल उठाया कि रात में अपने घर में सो रहा इंसान भला कानून-व्यवस्था कैसे बिगाड़ सकता है?

### अभिजीत दीपके के परिवार की संपत्ति जांचने की मांग

**आरटीआई कार्यकर्ता ने पूछा- पिता जूनियर इंजीनियर, उनकी सैलरी में बेटे की अमेरिका में पढ़ाई कैसे हुई**

**सूरत।** सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके के परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच की मांग की है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (एमआईडीसी) को शिकायत भेजी है। तिवारी का दावा है कि अभिजीत दीपके के पिता भगवानराव दीपके महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में जूनियर इंजीनियर (जेई) थे। उनकी मासिक सैलरी करीब रु. 60-65 हजार थी। ऐसे में यह जांच होनी चाहिए कि उन्होंने अपने बच्चों की अमेरिका में उच्च शिक्षा का खर्च कैसे उठाया। अमित तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार से भगवानराव दीपके की आय और संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है, लेकिन उसका चुनाव आयोग में पंजीकरण नहीं है और वह चंदा भी जुटा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि अगर सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है और चंदा ले रही है, तो उसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए।

# महामंडलेश्वर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस

**उज्जैन।** उज्जैन में निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर ज्ञान दास पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महाकाल थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। एफआईआर की भनक लगते ही आरोपी महामंडलेश्वर आश्रम छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। एडिशनल एसपी आलोक शर्मा के अनुसार, युवती एक सांस्कृतिक ग्रुप से जुड़ी है। आरोप है कि सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान सदावल मार्ग स्थित दादूराम आश्रम के संचालक ज्ञान दास महाराज से उसकी मुलाकात हुई। इसके बाद महाराज ने उसे फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और व्हाट्सएप पर चैटिंग शुरू की। युवती का आरोप है कि लगभग एक वर्ष तक उसका आश्रम आना-जाना रहा। इसी दौरान महामंडलेश्वर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया। जब उन्होंने शादी से इनकार किया, तो युवती ने सबूतों के साथ एसपी कार्यालय और महाकाल थाने में शिकायत दर्ज कराई।

■ एफआईआर के बाद आश्रम छोड़ फरार हो गया ज्ञान दास

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि युवती ने एसपी प्रदीप शर्मा को दी शिकायत में दावा किया है कि वह दो बार गर्भवती हुई। पहली बार अक्तूबर 2025 में और दूसरी बार जून 2026 में। दोनों मामलों की मेडिकल रिपोर्ट भी शिकायत के साथ संलग्न की गई है। युवती ने ऑडियो रिकॉर्डिंग और व्हाट्सएप चैटिंग जैसे साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे हैं। साथ ही आईजी, एडीजी, कलेक्टर और एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस मामले में महाकाल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ी 'लुटेरी' दुल्हन

**लोगों को ठगने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश**

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले की जैसीनगर पुलिस ने शादी के नाम पर लोगों को ठगने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर 1.20 लाख रुपये ऐंठने और शादी के तीन दिन बाद घर से नकदी व जेवर लेकर फरार होने वाली कथित 'लुटेरी दुल्हन' समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार शाम तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी जे.पी. ठाकुर के अनुसार, महुआखेड़ा पेगवार निवासी नोनीराम पटेल की पहली पत्नी का निधन हो चुका था। इसके बाद उन्होंने दूसरी शादी के लिए प्रयास शुरू किए। इसी दौरान उनका संपर्क एक गिरोह से हुआ। गिरोह ने 1.20 लाख रुपये लेकर बिलासपुर निवासी रुक्मणी चतुर्वेदी से उनकी शादी कराई। शादी के महज तीन दिन बाद रुक्मणी मौका पाकर घर में रखे 30 हजार रुपये नकद, चांदी के जेवर और मंगलसूत्र लेकर फरार हो गई। पीड़ित की शिकायत पर जैसीनगर पुलिस ने 26 जून को धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# मातृशक्तियों ने निकाली बम बोल कांवड़ यात्रा



**इंदौर।** सावन मास के पावन पर्व पर श्री मालवीय रजक समाज संत गाडगे बाबा पैनल द्वारा भव्य बोल बम कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों मातृशक्तियों के साथ पुरुषों ने भी आस्था की कावड़ उठाई। यह यात्रा श्री राम मंदिर कोयला बाखल से शुरू होकर बाबा महाकाल उज्जैन पहुंचेगी। समाज की कावड़ यात्रा की शुरुआत कोयला बाखल स्थित श्री राम मंदिर से भगवान श्री राम दरबार व कावड़ का वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन करके हुई। उसके बाद राजवाड़ा पहुंचकर मां अहिल्या का माल्यार्पण कर सुख-समृद्धि की कामना की गई, कावड़ यात्रा में पुरुषों के साथ हजारों महिलाएं भी कावड़ में मां नर्मदा का जल लेकर उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल बाबा का अभिषेक करने के लिए निकली। हजारों मातृशक्तियों का उत्साह बरकार रहा। पूरे रास्ते भर बोल बम के जयकारों से मार्ग गूंज उठा। यात्रा में महिलाएं भगवान भोलेनाथ के भजनों पर झूमती हुई चल रही थी। बैंड बाजों के बीच निकली कावड़ यात्रा का विभिन्न मंचों से गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर स्वागत किया। कावड़ यात्रा में भोले की भक्ति में डूबे समाज जनों का उत्साह देखते ही बन रहा था 5 साल के बच्चे से लेकर 70 साल तक के बुजुर्ग कावड़ लेकर चल रहे थे। यात्रा में प्रतीकानंद महाराज भी सम्मिलित हुए।

# कुलगाम में श्रमिकों की हत्या लश्कर आतंकी लतीफ ने की

**श्रीनगर।** कुलगाम जिले के केलम में शुक्रवार शाम छत्तीसगढ़ के दो श्रमिकों की हत्या लश्कर-ए-ताइबा के स्थानीय आतंकी मोहम्मद लतीफ भट ने की है। लतीफ ने ही गत 22 जुलाई को अनंतनाग के लाल चौक पर अमरनाथ यात्रा में तैनात पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन को गोली मारी थी। उसने अकेले ही दोनों वारदातों को अंजाम दिया और भाग निकला। सुरक्षाबलों ने अब इस आतंकी को ढेर करने के लिए पूरे दक्षिण कश्मीर में व्यापक तलाशी अभियान छेड़ दिया है। केलम में आतंकियों ने ईंट भट्ठे पर काम करने वाले दो श्रमिकों 28 वर्षीय भूपेंद्र और 24 वर्षीय दीपक रात्रे पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दी थीं। हमले में दीपक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूपेंद्र ने शनिवार सुबह स्किम्स श्रीनगर में दम तोड़ दिया। उसने कथित तौर पर दोनों का नाम पूछकर गोली मारी थी। दोनों श्रमिकों का अंतिम संस्कार केलम के पालपोरा में स्वजन, पुलिस अधिकारियों और नागरिक प्रशासन की मौजूदगी में किया गया। वारदात को अंजाम देने वाले आतंकियों को दबोचने व मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों ने शुक्रवार रात से ही व्यापक तलाशी अभियान चला रखा है। अभियान में शनिवार को अतिरिक्त सुरक्षाबलों को शामिल कर घटनास्थल और आसपास के बड़े इलाके को सील कर दिया गया है। सामान्य आवाजाही रोक दी गई है ताकि आतंकी बचकर निकल न सकें। अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस का स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी), सेना के विशेष दस्ते और खोजी कुत्ते लगाए गए हैं। आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों और लोगों की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। हमले के बाद न केवल कुलगाम, बल्कि श्रीनगर समेत पूरे कश्मीर और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई है। श्रीनगर के प्रवेश और निकास द्वारों, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त नाके लगाए गए हैं। महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील प्रतिष्ठानों की निगरानी बढ़ा दी गई है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने कई संदिग्ध ओवर ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। डीजीपी नलिन प्रभात और पुलिस तथा अन्य सुरक्षाबलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का भी दौरा किया और सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया है। सूत्रों ने बताया कि लश्कर आतंकी लतीफ ने उसने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया और एके-47 का इस्तेमाल किया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मोहम्मद लतीफ करीब 21 साल है और कुलगाम जिले में ही नई बस्ती (खेवन चद्दर) का रहने वाला है। आतंकी लतीफ पिछले साल 19 नवंबर को अपने घर से लापता हो गया था। परिवार के लोगों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार लापता होने के बाद वह पिछले साल ही आतंकी संगठन में शामिल हो गया। जम्मू-कश्मीर में पिछले 10 दिनों में यह दूसरा बड़ा आतंकी हमला है। इससे पहले 22 जुलाई को अनंतनाग के लाल चौक पर अमरनाथ यात्रा ड्यूटी में तैनात जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने करीब 5000 ओजीडब्ल्यू हिरासत में लिए थे। मृतकों के परिवार को 16-16 लाख रुपये की मदद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रमिक की टारगेट किलिंग की कड़ी निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का एलान किया है। इसके अलावा जिला प्रशासन की ओर छह लाख रुपये की तत्काल राहत राशि भी दी गई है।

# सीजेपी की विदेशी फंडिंग की जांच

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन को लेकर जांच एजेंसियां विदेशी फंडिंग समेत कई बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। एजेंसियां पता



लगा रही हैं कि किन माध्यमों से फंड जुटाए गए। जांच एजेंसियों के रडार पर पांच से ज्यादा कंपनियां हैं। इनमें

■ एजेंसियों के रडार पर पांच कंपनियां
■ चार शहरों में छापा

कुछ डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के लिए काम करने वाली कंपनियां भी हैं।

बीते तीन दिनों में कंपनियों के मुंबई, बंगलूरू, गुरुग्राम व दिल्ली के कई ठिकानों पर छापे मारे गए। कंपनियों के वित्तीय लेन-देन, कैंपेन, इंफ्लूएंसर के बीच एग्रीमेंट समेत कई दस्तावेज खंगाले गए। कुछ डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, जांच में कई संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की बात भी सामने आई है। इसके जरिये सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर को भी जांच के दायरे में लाया जा रहा है। पुख्ता सबूत और लिखित, डिजिटल रिकॉर्ड जुटाने के बाद मामले में एफआईआर भी दर्ज होगी। जांच में पता चला कि एआई एडिटेड वीडियो और गलत पोस्ट प्रसारित करवाए गए, ताकि पीएम और मंत्रियों की छवि खराब हो सके। करीब दो हजार से ज्यादा संदिग्ध अकाउंट की पहचान हुई है। जिनमें कई अकाउंट विदेश से, तो करीब 700 अकाउंट भारत में चलाए जा रहे थे। एजेंसियां उनसे जुड़े डिजिटल डाटा सुरक्षित रखने संबंधी जानकारी भी जुटा रहीं हैं।

# ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के प्रमुखों की बैठक

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक भारत की अध्यक्षता में 3 से 4 अगस्त 2026 को भारत के राज्य उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित होने वाली है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। वर्ष 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता ÷सुदृढ़शीलता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण (ब्रिक्स)÷ के व्यापक विषय द्वारा निर्देशित है। ब्रिक्स सांख्यिकी ट्रैक के अंतर्गत, भारत ने ÷परिवर्तन के प्रेरक के रूप में गुणवत्तापूर्ण सांख्यिकी÷ विषय को अपनाया है। यह डेटा की गुणवत्ता, नवाचार, प्रभावी प्रसार और जन-केंद्रित सांख्यिकीय प्रणालियों के लिए अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह तीव्र तकनीकी प्रगति, उच्च आवृत्ति एवं विस्तृत डेटा की बढ़ती मांग और साक्ष्य-आधारित, टिकाऊ और समावेशी विकास का समर्थन करने के लिए आधिकारिक सांख्यिकी पर बढ़ती निर्भरता के प्रति उत्तरदायी हैं।




आधुनिक ब्रिक्स नीति निर्माण विकास पर नज़र रखने, निर्णयों का मार्गदर्शन करने और आपसी समझ बनाने के लिए मज़बूत आंकड़ों पर निर्भर करता है। वर्ष 2010 से, सदस्य देशों ने सुलभ, सामंजस्यपूर्ण डेटा प्रदान करने के लिए संयुक्त सांख्यिकी प्रकाशन (जेएसपी) और स्नैपशॉट ब्रिक्स जेएसपी (2020 में प्रस्तुत) प्रकाशित किए हैं। समय के साथ, ब्रिक्स सांख्यिकी सहयोग बुनियादी डेटा संग्रह से आगे बढ़कर नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और आम जनता के लिए डेटा मानकों, सामंजस्य और नवाचार पर गहन समन्वय की ओर विकसित हुआ है। सांख्यिकी मामलों पर दो मुख्य कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित किए जाते हैं, इसके साथ ही निम्नलिखित सहायक कार्यक्रम भी होते हैं-

**- एनएसओ की तकनीकी बैठक**

**- एनएसओ के प्रमुखों की बैठक**

तकनीकी बैठक 16 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2026 के दौरान हुई। यह बैठक मुख्य रूप से ब्रिक्स जेएसपी और स्नैपशॉट ब्रिक्स जेएसपी के अध्यायों पर चर्चा को सुविधाजनक बनाने के लिए आयोजित की गई थी। चर्चा का केंद्र बिंदु जेएसपी और स्नैपशॉट 2026 के लिए पारस्परिक रूप से सहमत ढांचा विकसित करना था। इसके साथ ही प्रत्येक राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) से जिम्मेदारियों का आवंटन निर्धारित करना और उनके योगदान के लिए समयसीमा तय करना भी इसका उद्देश्य था ब्रिक्स सांख्यिकी ट्रैक का उद्देश्य निम्नलिखित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अंतर्गत परिणाम प्रदान करना है-

- ब्रिक्स के प्रमुख सांख्यिकीय उत्पादों (जेएसपी और स्नैपशॉट) को सुदृढ़ बनाना
- राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणालियों में नवाचार और सुधार। - डेटा प्रसार और पहुंच।
- व्यापक आर्थिक एवं क्षेत्रीय सांख्यिकी को सुदृढ़ बनाना।

ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों के प्रमुखों की बैठक में ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। इसका उद्देश्य ब्रिक्स जेएसपी के माध्यम से सांख्यिकी के प्रसार, सांख्यिकी प्रणालियों में नवाचार और ज्ञान एवं सर्वोत्तम परिपाटियों के आदान-प्रदान के क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करना है। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों, नीति निर्माताओं, शिक्षाविदों, थिंक टैंकों, नागरिक समाज संगठनों और तकनीकी विशेषज्ञों की भागीदारी के साथ, ब्रिक्स राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयों (एनएसओ) के प्रमुखों की बैठक के साथ-साथ निम्नलिखित विषयों पर आधे दिन के दो सह-कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं- प्रशासनिक डेटा की क्षमता को उजागर करना (3 अगस्त 2026)

- विकसित होते डेटा पारिस्थितिकी तंत्र में एआई की तैयारी (04 अगस्त 2026)।

## इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पहली बार 15 हजार यूनिट के पार

**नई दिल्ली।** ऑटो सेक्टर में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए जुलाई 2026 के बिक्री आंकड़े सकारात्मक संकेत लेकर आए हैं। लगातार दूसरे महीने 60 हजार से अधिक यात्री वाहनों की बिक्री दर्ज होने से बाजार में मांग मजबूत रहने के संकेत मिले हैं। हालांकि, केवल मासिक बिक्री के आधार पर निवेश का निर्णय लेने के बजाय निवेशकों को कंपनी के वित्तीय नतीजों, लाभप्रदता और उद्योग की स्थिति पर भी नजर रखनी चाहिए। जुलाई 2026 में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल 63,760 यात्री वाहनों की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 40,175 यूनिट की तुलना में 59 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बाजार में बिक्री 62,611 यूनिट रही, जबकि निर्यात बढ़कर 1,149 यूनिट पर पहुंच गया। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कारोबार ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। जुलाई में घरेलू और निर्यात बाजारों में कुल 15,217 इलेक्ट्रिक यात्री वाहन बिके, जो एक वर्ष पहले की तुलना में 114 प्रतिशत अधिक हैं।

## निवेशकों की नजर, जुलाई में घरेलू बिक्री 5 प्रतिशत बढ़ी, निर्यात भी रहा मजबूत

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के निवेशकों की नजर ऑटो सेक्टर की कंपनियों के मासिक बिक्री आंकड़ों पर बनी हुई है, क्योंकि ये भविष्य के कारोबारी प्रदर्शन का संकेत माने जाते हैं। इसी क्रम में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने जुलाई 2026 के बिक्री आंकड़े जारी किए हैं, जिनमें की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर



30,516 यूनिट रही। एक वर्ष पहले इसी महीने यह आंकड़ा 29,159 यूनिट था। निर्यात सहित कंपनी की कुल बिक्री 32,516 यूनिट दर्ज की गई। इससे पहले जून 2026 में भी कंपनी ने सकारात्मक प्रदर्शन किया था। उस महीने घरेलू और निर्यात बाजार में बढ़ोतरी के साथ कुल 31,016 वाहनों की बिक्री हुई थी। जून में घरेलू बिक्री 8 प्रतिशत बढ़कर 28,441 यूनिट और निर्यात 7 प्रतिशत बढ़कर 2,575 यूनिट रहा था। अनुसार, एसयूवी श्रेणी में बनी मांग और मॉडल पोर्टफोलियो के विस्तार का बिक्री पर असर देखने को मिला। हाल ही में नई हिलक्स को पोर्टफोलियो में शामिल किया गया है, जबकि इनोवा क्रिस्टा सहित अन्य मॉडलों की मांग भी बनी रही। विशेषज्ञों का कहना है कि मासिक बिक्री के आंकड़े ऑटो कंपनियों की मांग और बाजार की स्थिति का संकेत देते हैं। हालांकि, किसी भी निवेश निर्णय से पहले तिमाही वित्तीय परिणाम, लाभप्रदता और उद्योग की समग्र स्थिति का आकलन करना आवश्यक है।

## बाजार की तेजी में फाइनेंस सबसे बड़ा लाभार्थी, बैंकिंग शेयर भी चमके

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में आई तेजी ने निवेशकों की संपत्ति में बड़ा इजाफा किया है। पिछले सप्ताह देश की शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 2.51 लाख करोड़ से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बाजार में मजबूती के बीच वित्तीय, टेलीकॉम और आईटी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 2,034.87 अंक यानी 2.67 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि एनएसई निफ्टी 616.15 अंक यानी 2.59 प्रतिशत चढ़ा। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, वैश्विक तनाव में कमी, कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजे और विदेशी संस्थागत निवेशकों की खरीदारी लौटने से निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ। टॉप-10 कंपनियों में सबसे ज्यादा बढ़त बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्य में दर्ज की गई। कंपनी का मार्केट कैप 80,345.97 करोड़ बढ़कर 7,10,817.51 करोड़ पहुंच




गया। कंपनी के शेयरों में शुक्रवार को 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 44,959.50 करोड़ की बढ़ोतरी हुई और यह 12,30,005.63 करोड़ पहुंच गया। आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस का मार्केट कैप ?40,414.03 करोड़ बढ़कर 8,55,894.78 करोड़ हो गया। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण ?39,447.35 करोड़ बढ़कर 17,69,108.79 करोड़ पहुंच गया। वहीं, लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्य 21,096.80 करोड़ बढ़ा। बैंकिंग क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक का मार्केट कैप ?10,845.97 करोड़ बढ़कर 9,47,799.81 करोड़ हो गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्य में 8,164.73 करोड़ और आईसीआईसीआई बैंक में 1,660.37 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारतीय जीवन बीमा निगम का बाजार पूंजीकरण भी 4,427.49 करोड़ बढ़ा। इस दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर टॉप-10 कंपनियों में एकमात्र ऐसी कंपनी रही, जिसके बाजार पूंजीकरण में गिरावट दर्ज की गई। कंपनी का मार्केट कैप 10,326.46 करोड़ घटकर 4,93,602.13 करोड़ रह गया। मार्केट कैप के आधार पर रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले समय में कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन, वैश्विक संकेतों और विदेशी निवेश की दिशा से बाजार की चाल तय होगी।

## कमजोर मानसून ने बदला ईंधन बाजार का रुख, पेट्रोल-डीजल की बिक्री में तेज बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों के लिए जुलाई 2026 के ईंधन बिक्री आंकड़े कई संकेत दे रहे हैं। देश की प्रमुख सरकारी तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन , भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पेट्रोल और डीजल बिक्री में जुलाई के दौरान अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस बढ़ोतरी के पीछे कमजोर मानसून और कृषि क्षेत्र में बढ़ी सिंचाई जरूरतों को प्रमुख कारण माना जा रहा है। आमतौर पर मानसून के सक्रिय होने के बाद डीजल की मांग में कमी आने लगती है, क्योंकि खेतों में सिंचाई के लिए पंपों का इस्तेमाल कम हो जाता है और सड़क परिवहन गतिविधियों पर भी असर पड़ता है। लेकिन इस बार सामान्य से कमजोर और देरी से आई बारिश के कारण किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए डीजल पंपों का अधिक इस्तेमाल करना पड़ा। इससे जुलाई में डीजल की खपत में सालाना आधार पर तेज वृद्धि देखने को मिली। प्रारंभिक उद्योग आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2026 में पेट्रोल की बिक्री 9.7 प्रतिशत बढ़कर 34.5 लाख टन



पहुंच गई। पिछले साल जुलाई में पेट्रोल की बिक्री 31.4 लाख टन रही थी। जुलाई 2024 की तुलना में पेट्रोल बिक्री 15.1 प्रतिशत और जुलाई 2023 के मुकाबले 36.1 प्रतिशत अधिक रही। हालांकि, जून 2026 के मुकाबले जुलाई में पेट्रोल बिक्री में मामूली 1.1 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। डीजल की मांग में सबसे ज्यादा मजबूती देखने को मिली। जुलाई में डीजल की बिक्री 10.7 प्रतिशत बढ़कर 71.2 लाख टन हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 64.3 लाख टन थी। डीजल का इस्तेमाल मुख्य रूप से माल ढुलाई, कृषि मशीनरी और सिंचाई उपकरणों में होता है। कमजोर बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई गतिविधियां बढ़ीं, जिसका सीधा असर डीजल खपत पर पड़ा।

**परिवहन और हवाई यात्रा से एटीएफ मांग को मिला सहारा-** विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री में भी जुलाई के दौरान वृद्धि दर्ज की गई। एटीएफ की खपत 2.9 प्रतिशत बढ़कर 6.59 लाख टन रही। जुलाई 2025 के मुकाबले इसमें 2.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि जुलाई 2023 की तुलना में यह 16.5 प्रतिशत अधिक रही। हालांकि, जून 2026 के मुकाबले एटीएफ बिक्री में 4.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों के अनुसार, हवाई यात्रा की मांग में सुधार और घरेलू विमानन गतिविधियों में बढ़ोतरी से एटीएफ खपत को समर्थन मिला है। हालांकि, महीने-दर-महीने उतार-चढ़ाव का असर पर्यटन गतिविधियों और मौसमी मांग पर भी पड़ता है।

**एलपीजी की खपत में गिरावट, क्क्ष्ल की ओर बढ़े उपभोक्ता-** जहां पेट्रोल और डीजल की मांग बढ़ी, वहीं एलपीजी बिक्री में गिरावट का दौर जारी रहा। जुलाई 2026 में एलपीजी की बिक्री 17.4 प्रतिशत घटकर 23.7 लाख टन रह गई। पिछले साल जुलाई में यह आंकड़ा अधिक था। उद्योग अधिकारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया में आपूर्ति संबंधी चिंताओं के दौरान कई औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने पाइप्ड नेचुरल गैस का इस्तेमाल बढ़ाया था। अब एलपीजी आपूर्ति सामान्य होने के बावजूद कई उपभोक्ता क्क्ष्ल पर बने हुए हैं, जिससे एलपीजी की मांग में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है।

**ईंधन मांग से अर्थव्यवस्था के संकेत-** जुलाई के आंकड़े बताते हैं कि कृषि गतिविधियों और परिवहन जरूरतों ने पेट्रोल-डीजल की खपत को बढ़ावा दिया, जबकि ऊर्जा उपयोग के तरीके में बदलाव के कारण एलपीजी क्षेत्र दबाव में रहा। आने वाले महीनों में मानसून की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतें और औद्योगिक गतिविधियां ईंधन मांग की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक रहेंगे।

## बाजार और औद्योगिक दृष्टिकोण क्षेत्रीय पहुंच और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित

**नई दिल्ली।** देश के 2 और 3-व्हीलर टायर उद्योग में अपनी पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट में बड़ा विस्तार देखने को मिल रहा है।



प्रमुख टायर ब्रांड ने उत्तर प्रदेश और गुजरात के प्रमुख शहरों–नोएडा, बरेली और मेहसाणा–में तीन नए एक्सक्लूसिव रिटेल स्टोर शुरू किए हैं। इसके साथ ही एक्सक्लूसिव स्टोर्स की कुल संख्या बढ़कर 19 हो गई है। नए आउटलेट्स के खुलने से क्षेत्र के दोपहिया वाहन चालकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद, एक्सपर्ट सलाह और प्रोफेशनल सर्विसेज एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। इन स्टोर्स पर स्कूटर, रोज़मर्रा की कम्यूटर बाइक, मिड-रेंज परफॉर्मेंस बाइक और एडवेंचर टूरिंग बाइक्स के लिए विभिन्न पैटर्न व साइज के टायरों की पूरी रेंज उपलब्ध कराई गई है।नेतृत्व का कहना है कि प्रमुख क्षेत्रीय बाजारों में एक्सक्लूसिव नेटवर्क बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों तक सीधी पहुंच बनाना और उन्हें प्रीमियम सर्विसेज प्रदान करना है। यह विस्तार टीवीएस श्रीचक्र के प्रमुख 2 और 3-व्हीलर टायर ब्रांड यूरोग्रिप टायर्स द्वारा किया गया है। इस अवसर पर टीवीएस श्रीचक्र लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर टी.के. रवि और अन्य प्रमुख अधिकारी व बिजनेस पार्टनर उपस्थित रहे।

## लॉजिस्टिक्स सेक्टर में तेजी की उम्मीद ऑटोमेशन में निवेश बढ़ाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन समाधान प्रदाता, ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने 30 जून, 2026 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अपने वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस अवधि में कंपनी का समेकित राजस्व 9.1प्रतिशत की मजबूती के साथ 12,548 मिलियन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 11,506 मिलियन



था। इस दौरान 5.2प्रतिशत बढ़कर 1,599 मिलियन दर्ज किया गया, जो बीते वर्ष की पहली तिमाही के 1,520 मिलियन की तुलना में बेहतर स्थिति दर्शाता है। हालांकि, कर पश्चात लाभ में मामूली 0.6प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह 1,066 मिलियन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,072 मिलियन था। प्रदर्शन पर बात करते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत अग्रवाल ने बताया कि तिमाही के दौरान ऑटोमोटिव, कंज्यूमर गुड्स और क्विक-कॉमर्स फुलफिलमेंट में मजबूत बढ़त देखने को मिली, हालांकि केमिकल, टाइल्स और पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों पर वैश्विक तनावों का असर पड़ा। उन्होंने कहा कि डीजल और बंकर ईंधन की ऊंची कीमतों से लागत पर दबाव बना, लेकिन संविदात्मक मूल्य वृद्धि तंत्र और मजबूत मल्टीमॉडल ऑपरेटिंग मॉडल के चलते कंपनी कामकाज में स्थिरता बनाए रखने में सफल रही। आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए मांग में तेजी की उम्मीद जताई जा रही है, और कंपनी रूट ऑप्टिमाइजेशन, ऑटोमेशन व सर्विस क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए एआई और आधुनिक तकनीकों में अपने निवेश को तेजी से बढ़ा रही है।

## महंगे कच्चे तेल के बीच रुपये ने संभाला मोर्चा, विदेशी निवेश से मिली मजबूती

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक बाजार में अस्थिरता के बीच भारतीय रुपये ने जुलाई 2026 में अपेक्षाकृत मजबूती दिखाई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे आयात लागत बढ़ने का दबाव बना। इसके बावजूद भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले केवल 0.8 प्रतिशत कमजोर हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा (क्ष्भक्र) की शोध रिपोर्ट के अनुसार, डॉलर में नरमी, विदेशी निवेश में बढ़ोतरी और भारतीय रिजर्व बैंक के सक्रिय हस्तक्षेप ने रुपये को स्थिर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश का प्रवाह 22 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में करीब 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया, जिसमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी



इक्विटी बाजार की रही। इसके अलावा डेट मार्केट में भी निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। रिपोर्ट में कहा गया कि की ओर से उठाए गए विशेष कदमों के माध्यम से करीब 40.8 अरब डॉलर का पूंजी प्रवाह आकर्षित हुआ, जिससे विदेशी मुद्रा बाजार में स्थिरता बनी रही।

**डॉलर की कमजोरी से भी मिला सहारा-** बैंक ऑफ बड़ौदा के अनुसार, जुलाई में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में 1.3 प्रतिशत की गिरावट आई। डॉलर के कमजोर होने से रुपये पर दबाव कुछ कम हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भारत के लिए चुनौती बनी रहीं, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर तेल आयात करता है। इसके बावजूद मजबूत विदेशी पूंजी प्रवाह और ॠद्ध की रणनीति से रुपये पर इसका असर सीमित रहा।

**विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत, बाहरी मोर्चे पर स्थिति बेहतर-** रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापार घाटे में बढ़ोतरी के बावजूद भारत की बाहरी आर्थिक स्थिति फिलहाल मजबूत बनी हुई है। इसके पीछे प्रवासी भारतीयों से मिलने वाला रेमिटेंस, सेवा क्षेत्र से होने वाली आय और विदेशी मुद्रा भंडार का ऊंचा स्तर प्रमुख कारण हैं। 24 जुलाई तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 682.4 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था, जो करीब 10 महीने के आयात खर्च को पूरा करने के लिए पर्याप्त माना जाता है।

**आगे रुपये पर कच्चे तेल और वैश्विक घटनाओं का असर-** बैंक ऑफ बड़ौदा का अनुमान है कि पश्चिम एशिया में तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आने वाले समय में रुपये की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक रहेंगे। हालांकि, विदेशी निवेश का लगातार प्रवाह और ॠद्ध की नीतिगत तैयारियां रुपये को अधिक कमजोर होने से रोक सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, निकट अवधि में रुपया 95.25 से 95.75 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के दायरे में कारोबार कर सकता है।

# ग्लास्गो में भारत का स्वर्णिम समापन, 39 पदकों के साथ रचा नया इतिहास




**नई दिल्ली।** ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का अभियान 39 पदकों के शानदार प्रदर्शन के साथ समाप्त हो गया। भारतीय दल ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर कुल 39 पदक अपने नाम किए। अंतिम दिन जूडो, ट्रैक साइकिलिंग और पैरा साइकिलिंग में पदक की उम्मीदें पूरी नहीं हो सकीं, लेकिन पूरे अभियान में भारतीय खिलाड़ियों ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर देश का गौरव बढ़ाया। देर रात होने वाले समापन समारोह में भारतीय दल की ध्वजवाहक विश्व चैंपियन मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया रही। इसी समारोह में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का औपचारिक हस्तांतरण भारत को भी किया गया।

भारत की सबसे बड़ी ताकत इस बार मुक्केबाजी रही, जहां सात स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल 10 पदक आए। प्रीति पवार, जैस्मिन लंबोरिया, साक्षी चौधरी, अरुंधति चौधरी, प्रिया घंघास, सचिन सिवाच और अंकुश ने स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय मुक्केबाजी को नई ऊंचाई दी। जादूमणि सिंह, लवलीना बोरगोहेन और नरेंद्र बेरवाल ने रजत पदक जीतकर इस सफलता को और मजबूत बनाया। राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में पहली बार भारत ने मुक्केबाजी में सात स्वर्ण पदक जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया।

एथलेटिक्स में भी भारत ने यादगार प्रदर्शन किया। हालांकि कोई स्वर्ण नहीं मिला, लेकिन पांच रजत और पांच कांस्य सहित कुल 10 पदक हासिल हुए। गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर में रजत और 5,000 मीटर में कांस्य जीतकर इतिहास रचा। वह एक ही राष्ट्रमंडल खेल में एथलेटिक्स के दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। नीरज चोपड़ा ने भालाफेंक में रजत, यशवीर सिंह ने कांस्य, प्रवीण चित्रावेल ने ट्रिपल जंप में रजत, सेल्वा प्रभु तिरुमरन ने कांस्य, सरवेश कुशारे ने हाई जंप में रजत, मुरली श्रीशंकर ने लंबी कूद में रजत, तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन में कांस्य और सीमा कालीरामना ने डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता।

पैरा एथलेटिक्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शर्मिला धनखड़, दिलीप महादू गावित और सोमन राणा ने स्वर्ण पदक जीते। मोहम्मद बासिल और शुभम जुयाल ने रजत जबकि शिल्पा के. शायला ने कांस्य पदक हासिल किया। पैरा पावरलिफ्टिंग में झंडू कुमार ने कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

जूडो में भारत ने पहली बार दो स्वर्ण पदक जीतकर नया अध्याय लिखा। अस्मिता डे और हर्ष सिंह स्वर्ण पदक विजेता बने, जबकि यामिनी मौर्य ने रजत और उन्नति शर्मा ने कांस्य पदक जीता। अंतिम दिन ईशरूप नारंग कांस्य पदक मुकाबले में कनाडा की कोरोली गॉडबाउट से हार गईं। अवतार सिंह और यश घंघास भी शुरुआती दौर में बाहर हो गए, जिससे भारत 40वें पदक से चूक गया।

भारोत्तोलन में भारत ने एक स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित आठ पदक जीते। मीराबाई चानू ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी बादशाहत कायम रखी। ऋषिकांत सिंह, राजा मुथुपांडी, ज्ञानेश्वरी यादव, वल्लुरी अजया बाबू, हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह ने रजत पदक हासिल किए, जबकि बिंदियारानी देवी ने कांस्य पदक जीता।

अंतिम दिन ट्रैक साइकिलिंग में भी भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। हर्षवीर सिंह सेखों और दिनेश कुमार पुरुषों की 40 किमी प्वाइंट्स रेस में क्वालिफाइंग दौर से आगे नहीं बढ़ सके। रोनाल्डो सिंह लैतोंजाम पुरुषों की 1000 मीटर टाइम ट्रायल में एक मिनट 4.191 सेकेंड के समय के साथ 20वें स्थान पर रहे। पैरा साइकिलिंग में भी भारत को सफलता नहीं मिली। भारत ने इस बार कुश्ती, बैडमिंटन और हॉकी जैसी पारंपरिक मजबूत स्पर्धाओं के बिना भी 39 पदक जीतकर अपनी खेल क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। मुक्केबाजी में रिकॉर्ड सात स्वर्ण, जूडो में पहली बार दो स्वर्ण, एथलेटिक्स में ऐतिहासिक उपलब्धियां और पैरा एथलेटिक्स में दमदार प्रदर्शन ने इस अभियान को विशेष बना दिया।

भारत के 39 पदक विजेताओं में झंडू कुमार (कांस्य), ऋषिकांत सिंह (रजत), मीराबाई चानू (स्वर्ण), राजा मुथुपांडी (रजत), ज्ञानेश्वरी यादव (रजत), बिंदियारानी देवी (कांस्य), शर्मिला धनखड़ (स्वर्ण), सरवेश कुशारे (रजत), शिल्पा के. शायला (कांस्य), वल्लुरी अजया बाबू (रजत), हरजिंदर कौर (रजत), गुलवीर सिंह (10,000 मीटर रजत और 5,000 मीटर कांस्य), मुरली श्रीशंकर (रजत), दिलीप महादू गावित (स्वर्ण), मोहम्मद बासिल (रजत), लवप्रीत सिंह (रजत), सीमा कालीरामना (कांस्य), अस्मिता डे (स्वर्ण), हर्ष सिंह (स्वर्ण), यामिनी मौर्य (रजत), नीरज चोपड़ा (रजत), यशवीर सिंह (कांस्य), तेजस्विन शंकर (कांस्य), प्रीति पवार (स्वर्ण), जैस्मिन लंबोरिया (स्वर्ण), प्रवीण चित्रावेल (रजत), सेल्वा प्रभु तिरुमरन (कांस्य), जादूमणि सिंह (रजत), सोमन राणा (स्वर्ण), शुभम जुयाल (रजत), साक्षी चौधरी (स्वर्ण), अरुंधति चौधरी (स्वर्ण), प्रिया घंघास (स्वर्ण), सचिन सिवाच (स्वर्ण), अंकुश (स्वर्ण), लवलीना बोरगोहेन (रजत), नरेंद्र बेरवाल (रजत) और उन्नति शर्मा (कांस्य) शामिल रहे। खेलवार प्रदर्शन पर नजर डालें तो भारत ने भारोत्तोलन में 8, एथलेटिक्स में 10, पैरा एथलेटिक्स में 6, पैरा पावरलिफ्टिंग में 1, जूडो में 4 और मुक्केबाजी में 10 पदक जीतकर कुल 39 पदकों के साथ ग्लास्गो अभियान का समापन किया। यह प्रदर्शन भारतीय खेलों की बढ़ती गहराई और नए खेलों में उभरती ताकत का स्पष्ट संकेत माना जा रहा है।

## अभिषेक शर्मा ने बल्ले से बरपाया कहर, 91 गेंदों में 25 छक्कों की मदद से ठोक दिए 233 रन

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे दौरे पर बल्ले से लगातार नाकाम रहने के बाद आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने ऐसा विस्फोटक जवाब दिया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया है। पंजाब इंटर-डिस्ट्रिक्ट सीनियर वनडे टूर्नामेंट में अभिषेक ने गेंदबाजों पर ऐसा कहर बरपाया कि चौकों-छक्कों की बारिश हो गई।

उन्होंने महज 91 गेंदों में 233 रन ठोककर न सिर्फ अपनी फॉर्म में वापसी के संकेत दिए, बल्कि विरोधी टीम के गेंदबाजों की भी जमकर खबर ली। 2 अगस्त को खेले गए पंजाब स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर वनडे लिमिटेड ओवर्स टूर्नामेंट 2026-27 के मुकाबले में अमृतसर सीनियर टीम की ओर से खेलते हुए अभिषेक शर्मा ने तरनतारन के खिलाफ यह यादगार पारी खेली। 25 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी 233 रन की पारी में 15 चौके और 25 छक्के जड़े। उनका स्ट्राइक रेट 256.04 का रहा। अभिषेक ने पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और पहले विकेट के लिए अभय चौधरी के साथ 305 रन की विशाल साझेदारी की। अभय ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 85 गेंदों में 93 रन बनाए। अभिषेक 25वें ओवर की चौथी गेंद पर आशीष लॉरेंस का शिकार बने, लेकिन तब तक वह विपक्षी टीम की उम्मीदें लगभग खत्म कर चुके थे। उनकी इस ऐतिहासिक पारी की बदौलत अमृतसर सीनियर ने निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 533 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम में सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज सलील अरोड़ा भी शामिल थे, जिन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों में 29 रन का योगदान दिया।

## श्रीलंका दौरे से पहले भारत को लगा झटका, बुमराह टेस्ट सीरीज से बाहर





**नई दिल्ली।** भारत को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बड़ा झटका लगता दिख रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और इसी वजह से उनका इस दौरे का हिस्सा नहीं होना तय है। बीसीसीआई सूत्रों के मुताबिक, बुमराह अभी भी 'इम्पैक्ट इंजरी' से रिकवरी कर रहे हैं और मेडिकल टीम उन्हें जल्दबाजी में मैदान पर उतारने के पक्ष में नहीं है। हालांकि, ये चौंकाने वाली खबर है क्योंकि, दो दिन पहले यानी 31 जुलाई को न्यूज एजेंसी पीटीआई ने रिपोर्ट दी थी कि बुमराह ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और वह श्रीलंका में खेलने के लिए तैयार हैं। अब इस रिपोर्ट ने भारतीय फैंस को काफी निराश किया है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को हर हाल में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतनी जरूरी है।

सूत्रों के मुताबिक, बुमराह के घुटने की सूजन शुरुआती अनुमान से अधिक गंभीर है। वह फिलहाल बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। हालांकि उम्मीद थी कि वह दो सप्ताह के भीतर फिट होकर वापसी कर लेंगे, लेकिन अभी भी उन्हें घुटने में असहजता महसूस हो रही है। बीसीसीआई की स्पोर्ट्स साइंस टीम बुमराह की वापसी को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती। आगामी महीनों में भारतीय टीम का व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है, ऐसे में मेडिकल टीम किसी भी तरह का जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। अगर बुमराह पहले टेस्ट से पहले फिट भी हो जाते हैं, तब भी उन्हें टेस्ट क्रिकेट में उतारने पर अंतिम फैसला उनकी कार्यक्षमता और फिटनेस को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। श्रीलंका के सपाट विकेटों पर लंबे स्पेल फेंकने पड़ सकते हैं, जिससे बुमराह के कार्यभार में काफी बढ़ोतरी होगी। इसी कारण मेडिकल टीम फिलहाल उन्हें आराम देने के पक्ष में दिखाई दे रही है। बुमराह की गैरमौजूदगी भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। नई गेंद से विकेट लेने और लंबे स्पैल में विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाने की उनकी क्षमता टीम के लिए बेहद अहम रहती है। श्रीलंका की परिस्थितियों में भी उनका अनुभव भारत के काफी काम आ सकता था। अब चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन को उनकी जगह किसी दूसरे तेज गेंदबाज पर भरोसा करना होगा। इससे युवा गेंदबाजों के लिए खुद को साबित करने का मौका भी मिलेगा। अगर बुमराह उपलब्ध नहीं होते हैं तो चयनकर्ता जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी या विदर्भ के यश ठाकुर में से किसी एक को टीम में शामिल कर सकते हैं। दोनों घरेलू क्रिकेट में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर चुके हैं।

पहले से चोटों से जूझ रही है टीम इंडिया भारतीय टीम पहले ही चोटों से परेशान है। नीतीश कुमार रेड्डी (हैमस्ट्रिंग), हर्षित राणा (हैमस्ट्रिंग) और वॉशिंगटन सुंदर (हैमस्ट्रिंग) कम से कम पहले टेस्ट से बाहर रहेंगे। ऐसे में बुमराह की गैरमौजूदगी भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के लिए बड़ा झटका साबित हो सकती है।

## महिला एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान जिसने लॉर्ड्स में जमाया शतक उसी को किया बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने महिला एशिया कप 2026 के भारतीय टीम का ऐलान कर दिया. टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत कौर के हाथों में सौंपी गई है, जबकि लेग स्पिन ऑलराउंडर प्रेमा रावत ने भी अपनी जगह बरकरार रखी है. चयनकर्ताओं ने टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए हैं और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ संतुलित संयोजन पर भरोसा जताया है. नई दिल्ली. महिला एशिया कप 2026 के लिए भारत ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. चयनकर्ताओं ने पिछली टीम में सिर्फ एक बदलाव किया है. चोटिल श्रेयंका पाटिल को टीम में जगह नहीं मिली है और उनकी जगह लेग स्पिन ऑलराउंडर प्रेमा रावत को बरकरार रखा गया है. श्रेयंका अभी तक टखने की लिगामेंट चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाई हैं. इसी वजह से वह एशिया कप से बाहर रहेंगी. दूसरी ओर, महिला टी20 विश्व कप में मौका पाने वाली प्रेमा रावत ने टीम में अपनी जगह बनाए रखी है. हरमनप्रीत कौर टीम की कमान संभालती नजर आएंगी.

लॉर्ड्स टेस्ट में शानदार शतक लगाकर सुर्खियां बटोरने वाली यास्तिका भाटिया को एक बार फिर टीम इंडिया में जगह नहीं मिली. चयनकर्ताओं ने अनुभवी यास्तिका की बजाय 18 वर्षीय विकेटकीपर जी कमालिनी पर भरोसा कायम रखा है. एशिया कप के लिए घोषित स्क्वॉड में सिर्फ एक बदलाव किया गया है, जबकि बाकी टीम लगभग वही है जो अगले महीने होने वाले एशियन गेम्स के लिए चुनी गई थी। भारतीय चयनकर्ताओं ने लगातार दूसरी बार यास्तिका भाटिया को नजरअंदाज किया है. लॉर्ड्स टेस्ट में शतक लगाने के बावजूद उन्हें टी20 टीम में मौका नहीं मिला. चयन समिति ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए 18 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमालिनी पर भरोसा बरकरार रखा है. टीम में सबसे बड़ा बदलाव श्रेयंका पाटिल का बाहर होना है. टखने की लिगामेंट चोट के कारण वह अभी पूरी तरह फिट नहीं हो सकी हैं. इसी वजह से उनका नाम एशिया कप टीम में शामिल नहीं किया गया।

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमलिनी (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, राधा यादव, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह, श्री चरणी और नंदनी शर्मा.

रिजर्व खिलाड़ीः प्रतिका रावल, उमा छेत्री (विकेटकीपर), वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे और मिन्नू मणि।

## भारत ने पाकिस्तान को 2 विकेट से रौंदा

**नई दिल्ली।** एशियन लीजेंड्स लीग 2026 का छठा मैच इंडियन रॉयल्स और पाकिस्तान पैंथर्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में इंडियन टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए पाकिस्तान पैंथर्स को 2 विकेट से मात दी। इस मुकाबले में इंडियन रॉयल्स टीम के लिए ऋषि धवन और सरुल कंवर ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया। वहीं गेंदबाजी में शादाब जकाती और सुबोध भाटी ने 2-2 विकेट लिए। ऋषि धवन ने इस मैच में बल्ले से 50 रन की बेहतरीन पारी खेली। वहीं गेंदबाजी में भी उन्होंने 1 विकेट हासिल किए। यह इस टूर्नामेंट में इंडियन रॉयल्स टीम की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने बांग्लादेश टाइगर्स को हराया था।

इंडियन रॉयल्स की टीम ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान पैंथर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद यासिर 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान इमरान नजीर ने 29 बॉल पर 47 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं इबरार अह्वा और तौफीक उमर ने 39-39 रन बनाए। यासिर शाह ने 10 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान पैंथर्स की टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 167 रन बना सकी। शादाब जकाती और सुबोध भाटी ने दो-दो विकेट लिए। टारगेट का पीछा करने उतरी इंडियन रॉयल्स की टीम ने 17.4 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाकर दो विकेट से जीत हासिल की। कप्तान नमन ओझा का बल्ला इस मैच में भी नहीं चला और वह 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। अभिषेक जलोटा ने 19 बॉल पर 30 रन की पारी खेली। ऑलराउंडर ऋषि धवन ने 33 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। धवन ने अपनी पारी में 5 चौके और दो छक्के लगाए। वहीं सरुल कंवर ने 29 गेंदों में 46 रन का योगदान दिया।

## पंड्या भाइयों में सुलह! पिघल गई रिश्तों पर पड़ी बर्फ?



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अपने भाई क्रुणाल पंड्या से रिश्ते में अनबन को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं. दोनों भाइयों को कई मौकों पर साथ में नहीं देखा गया, जहां अक्सर वह पहले एक साथ नजर आते थे. इतना ही नहीं, टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद क्रुणाल ने हार्दिक पंड्या के लिए कोई पोस्ट भी नहीं किया, जिसके बाद रिश्ते में घटास की अटकलों का बाजार और गर्म हो गया. अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक हो चुका है. चलिए जानते हैं इस वीडियो की सच्चाई क्या है? दरअसल, वायरल वीडियो मुंबई एयरपोर्ट का है, जहां दोनों भाई हंसते-बात करते नजर आ रहे हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि पंड्या ब्रदर्स एयरपोर्ट से निकलते हुए बेहद खुश मिजाज हैं. इसी के बाद सोशल मीडिया पर दावा किया जाने लगा कि दोनों भाइयों के बीच चल रही अनबन खत्म हो गई है. हालांकि, जब इस वीडियो की पड़ताल की गई तो इसकी सच्चाई कुछ और ही निकली.

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो हाल का नहीं है. जांच में पता चला कि यह काफी पुराना वीडियो है, जिसे किसी यूजर ने दोबारा शेयर कर दिया. इसके बाद कई लोगों ने इसे हाल का वीडियो समझ लिया और दोनों भाइयों के रिश्ते को लेकर तरह-तरह के दावे करने लगे. यानी इस वीडियो के आधार पर यह कहना सही नहीं होगा कि हार्दिक और क्रुणाल के बीच सब कुछ ठीक हो गया है. फिलहाल दोनों के रिश्ते को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. कुछ महीने पहले भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद क्रुणाल पंड्या ने सोशल मीडिया पर अपने भाई हार्दिक को बधाई नहीं दी थी. इसके बाद दोनों भाइयों के बीच मतभेद की खबरों ने जोर पकड़ लिया.

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटार नाथ व राजपुर गांव में रविवार को एसआई रमाशंकर व कांस्टेबल हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया।



पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर ( आईजीआरएस) - 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन नंबर 102, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101,आशा ज्योति केंद्र 181 आदि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में प्रतिदिन दो स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओ व बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शासन के द्वारा बनाये गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेला का आयोजन 215 मरीजों का हुआ उपचार



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 51 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 39 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 43 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 45 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूडपेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 37 मरीजों का उपचार किया कुल 215 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया। सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, निःशुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मेले को सफल बनाने के लिए दिनभर सेवाएं दीं। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल आदि मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी ड्रमंडगंज के अध्यक्ष बने आशीष केशरी



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार स्थित रामलीला मंच पर शनिवार की रात रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष केशरी (गुड्डू) को आदर्श श्रीराम लीला कमेटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी ने बताया कि बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आशीष केशरी के नाम पर सर्वसम्मति से अपनी सहमति जताई। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आशीष केशरी ने रामलीला कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। आगामी रामलीला के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु सभी के सहयोग से कार्य करेंगे। बैठक में रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी, लवकुश केशरी, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, शत्रुघ्न केशरी, तारकेश्वर केशरी, शिवम केशरी, अनिल केशरी, दिलीप चौरसिया, ओंकार केशरी, विजय पाल, अनूप केशरी, बाबा केशरी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना से ग्रामीणों को मिली बेहतर आवागमन सुविधा, सड़कों पर दौड़ रही बसें

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को आसान और सुलभ

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन की बस के संचालन से डग्गामार वाहनों के मालिकों की बढ़ी बेचैनी

बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना धरातल पर असर दिखा रही है। योजना के तहत संचालित बस ग्रामीण मार्ग पर यात्रियों को लेकर जाती नजर आ रही है।बस के अगले हिस्से पर मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना है, जो ग्रामीणों के लिए शुरू की गई इस सुविधा को दर्शाता है। योजना के तहत छोटे और दुर्गम गांवों को मुख्य सड़कों और कस्बों से जोड़ने के लिए निजी ऑपरेटरों को सब्सिडी पर बसें उपलब्ध कराई जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले ग्रामीणों को स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने के लिए साधन की भारी दिक्कत होती थी। अब नियमित बस सेवा शुरू होने से छात्र, किसान और महिलाएं आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और अंतिम छोर तक परिवहन सुविधा पहुंचाना है। बस संख्या न्65 छ्ज4103 जैसी कई बसें विभिन्न क्षेत्र से संचालित हो रही हैं।बसों के संचालन से प्राइवेट डग्गामार वाहनों के मालिकों की मुश्किले बढ़ गयी है वहीं ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न सिर्फ समय की बचत हो रही है, बल्कि आवागमन का खर्च भी कम हुआ है।

# ड्रमंडगंज घाटी में बोरी में फेंका मिला संदिग्ध मांस

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के

### पुलिस ने चार किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में बोरी को जांच के लिए ढंककर रखवाया

बड़का मोड़ घुमान के पास शनिवार शाम को बोरी में बंद संदिग्ध मांस मिलने पर राहगीरों में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में बोरी को एक आटो पर लदवाकर ड्रमंडगंज घाटी के ऊपर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में चार किलोमीटर दूर ढंककर रखवा दिया। पुलिस द्वारा बोरी को जंगल में ले जाने पर क्षेत्रीय लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मौके पर मौजूद राहगीरों व स्थानीय लोगों ने बताया कि बोरी से आ रही दुर्गंध से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बोरी में बंद मांस दो तीन पहले का है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस को संदिग्ध बोरी को थाने पर ले जाकर जांच करवानी चाहिए थी। लेकिन पुलिस ने बोरी को एक आटो पर लदवाकर नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह जंगल में फिंकवा दिया। पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगों में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि बोरी में किस जानवर का मांस फेंका गया है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पुलिस का कहना है कि बोरी में बंद मांस जंगली सुअर का लग रहा है। जिसे किसी के द्वारा बड़का मोड़ घुमान के पास फेंक दिया गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में बंद बोरी में मिला मांस सुअर का लग रहा है जिसे खराब होने पर बोरी में बंद कर किसी के द्वारा ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास फेंक दिया गया था।बोरी को नेशनल हाईवे किनारे लहुरियादह गांव में जांच के लिए ढंककर रखवाया गया है।

# बारिश में पैर फिसलने से छात्रा घायल हाथ में फ्रैक्चर, ट्रामा सेंटर रेफर

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनगढ़ा में शनिवार को बारिश के दौरान फिसलकर गिरने से एक छात्रा घायल हो गई। हादसे में उसके बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा सात की 13 वर्षीय छात्रा शिल्पा बारिश के दौरान शौचालय की ओर जा रही थी। इसी बीच विद्यालय परिसर में फर्श पर पानी जमा होने के कारण उसका पैर फिसल गया और वह गिर पड़ी। हादसे में उसके बाएं हाथ की कलाई के पास गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने परिजनों को सूचना दी और छात्रा को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक डा. विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# सावन के पहले रविवार को कोटार नाथ शिव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, हुआ जलाभिषेक

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** पवित्र सावन माह के प्रथम रविवार को अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर बाबा कोटार नाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित किए। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना भी करवाई।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि सावन के हर सोमवार और रविवार को यहां विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बैठने और प्रसाद वितरण की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि कोटार नाथ मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें पूरी होती हैं, इसी कारण सावन माह में दूर-दूर से भक्त यहां दर्शन करने आते हैं। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन माहौल भक्तिमय रहा और भजन-कीर्तन के साथ शिव भक्तों ने सावन का आनंद लिया।

# स्कूल जाने के लिए घर से निकली तीन छात्राएं रहस्यमय ढंग से हुई लापता, पुलिस जांच में जुटी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन छात्राएं शनिवार को रहस्यमय ढंग से लापता हो गईं। वे अपने घरों से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। ये तीनों किशोरियां लालगंज थाना क्षेत्र के एक ही गांव की रहने वाली हैं और स्थानीय राजकीय हाईस्कूल में पढ़ती हैं। शनिवार को स्कूल के बाद जब वे घर नहीं पहुंचीं, तो परिजनों को चिंता हुई। देर रात तक खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। रात भर जागने के बाद, रविवार सुबह परिजनों ने लालगंज थाने में पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक को गुमशुदगी दर्ज करने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया और लापता छात्राओं की खोजबीन में जुट गई।इस संबंध में लालगंज प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि तीनों छात्राओं की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीम लगातार सुराग लगा रही है।दावा किया की छात्राओं को ट्रेस कर लिया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि लापता छात्राओं को जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

# वज्रपात की चपेट में आने से 17 वर्षीय किशोर की मौत


**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में शनिवार दोपहर करीब एक बजे के करीब बज्रपात होने से 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सिलहटा गांव निवासी रामदयाल का 17 वर्षीय पुत्र सचिन अपनी 15 वर्षीय चचेरी बहन करीना के साथ घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर सिवान में गाय चरा रहा था। इसी दौरान तेज गरज-चमक के बीच बज्रपात हो जाने से सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीना भी अचेत होकर गिर पड़ी। कुछ देर बाद होश आने पर वह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही दादा चिंता एवं अन्य परिजन सचिन को निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां चिकित्सक डा. विवेक खरे ने परीक्षण के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सचिन दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसके पिता रामदयाल रोजगार के सिलसिले में मुंबई में रहते हैं, जबकि बड़ा भाई भी एक दिन पहले ही रोजगार के लिए मुंबई गया था। चिकित्सक की सूचना पर पहुंची हलिया पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

# रवि यादव के परिवार को हाईकोर्ट से राहत, ध्वस्तीकरण पर लगी रोक

**स्वतंत्र भारत खेतासराय जौनपुर।** खेतासराय चर्चित दूल्हा हत्याकांड में

### प्रशासनिक कार्यवाही पर उठे सवाल, राज्य सरकार व नगर पंचायत से छह सप्ताह में मांगा जवाब

पुलिस मुठभेड़ में मारे गए रवि यादव के परिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। न्यायालय ने मकान ध्वस्तीकरण और बेदखली की प्रशासनिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाते हुए अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई एक अक्टूबर को होगी। रवि यादव के पिता की ओर से दायर याचिका में प्रशासन की कार्यवाही को चुनौती देते हुए दावा किया गया कि परिवार जिस भूमि पर निवास कर रहा है, वह भूमिधरी गाटा संख्या-625 है, जबकि बेदखली की कार्यवाही गाटा संख्या-624 को आधार बनाकर की गई, जो राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग की भूमि के रूप में दर्ज है। याचिका में यह भी कहा गया कि सीमांकन कराए बिना और पर्याप्त अवसर दिए बिना बेदखली व हर्जाने का आदेश पारित कर दिया गया। मामले की



सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति चन्द्र कुमार राय ने प्रथम दृष्टया याचिका में उठाए गए बिंदुओं को विचारणीय माना। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर पंचायत से छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है, जबकि याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में प्रत्युत्तर देने की छूट दी गई है। तब तक ध्वस्तीकरण और बेदखली संबंधी आदेशों के क्रियान्वयन पर रोक प्रभावी रहेगी। उधर, इसी प्रकरण में रवि यादव की पुलिस मुठभेड़ में मौत को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान लिया है। आयोग ने कलेक्टर जौनपुर से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब कर पूरे घटनाक्रम की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉक्टर गजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर आपराधिक आरोप होने से उसके परिवार के संवैधानिक और वैधानिक अधिकार समाप्त नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश विधिक प्रक्रिया के तहत महत्वपूर्ण आदेश है।

# युवा ठान लें तो नशा हो सकता है खत्म : कुलपति

**स्वतंत्र भारत जौनपुर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभागों के निर्देश के क्रम में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में ‘नशा मुक्त युवा इ विकसित भारत संकल्प अभियान’ का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में एक साथ प्रारंभ हुए इस 100 सप्ताह राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की बुराइयों से दूर रखते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी), नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक ने उपस्थित युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। नाटक में यह दर्शाया गया कि किस प्रकार युवा नशे की गिरफ्त में आते हैं, उनका जीवन और परिवार प्रभावित होता है तथा जागरूकता एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के माध्यम से इस समस्या से मुक्ति पाई जा सकती है।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संदेश के लाइव प्रसारण से हुआ। इसके उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज का दिन भारतीय युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक संकल्प का दिन है। यदि युवा ठान लें तो समाज से नशे की बुराई को समाप्त करना कठिन नहीं है। देशभर के विश्वविद्यालयों में एक साथ आयोजित यह अभियान विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का संकल्प केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

# नंद बाबा टीले को पर्यटन स्थल बनाने की उठी मांग

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** सम्राट अशोक क्लब की ओर से गोठा स्थित नंद बाबा के टीले पर धम्म चक्र पवत्तन दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। वक्ताओं ने स्थल के ऐतिहासिक व बौद्ध महत्व पर प्रकाश डालते हुए, इसके संरक्षण, विकास और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की मांग की। कार्यक्रम में ध्वजारोहण, पूजा-वंदना और संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन भी किया गया।

# रेलवे सर्वर ठप होने से तत्काल टिकट को लेकर यात्री परेशान

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर रविवार को सर्वर रुक-रुक कर चलने से तत्काल टिकट लेने पहुंचे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण टिकट नहीं मिल पाने से उनकी यात्रा प्रभावित हो रही है। वहीं रेलवे के वरिष्ठ आरक्षण लिपिक ने कहा कि सर्वर समस्या तकनीकी कारणों से होती है, फिर भी नियमों के अनुसार यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।

# बदहाली का शिकार टडियांव कोल्ड स्टोरेज किसानों ने उठाई पुनरोद्धार की मांग

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** कभी क्षेत्र की कृषि व्यवस्था की पहचान रहा टडियांव कोल्ड स्टोरेज आज जर्जर होकर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। एक समय यहां आलू भंडारण के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और बैलगाड़ियों की लंबी कतारें लगती थीं, लेकिन अब खाद-बीज वितरण भी पूरी तरह बंद हो चुका है। खाद न मिलने से आसपास के गांवों के किसानों को कोपागंज और घोसी तक भटकना पड़ रहा है। किसानों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी संपत्ति बदहाल हो रही है, लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। किसानों ने कोल्ड स्टोरेज के शीघ्र जीर्णोद्धार और यहां खाद-बीज वितरण केंद्र दोबारा शुरू करने की मांग की है।

# राष्ट्रीय पत्रकार संघ ने पत्रकारों का किया सम्मान

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत ने गृहस्थ प्लाजा में सम्मान समारोह आयोजित कर पत्रकारों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह ने पत्रकारों से निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता का आह्वान करते हुए संगठन की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम में पत्रकारों के अधिकारों पर चर्चा हुई तथा 9 अगस्त को चार सूत्रीय मांगपत्र शासन को भेजने की घोषणा की गई। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खड़े कंटेनर में पीछे से दूसरा कंटेनर टकराया, दो घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय मार्ग 135 पर स्थित राजापुर पेट्रोल पंप के पास शनिवार शाम खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरे कंटेनर ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया। जिससे कंटेनर में बैठे दो लोग घायल हो गए। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ ने आगे खड़े कंटेनर को सड़क किनारे करवाया और दूसरे कंटेनर में फंसे दोनों व्यक्तियों को गंभीरावस्था में निकाल कर एंबुलेंस सेवा 1033 से अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश की तरफ से आ रही कंटेनर राजापुर पेट्रोल पंप के सामने एकाएक ब्रेक लगाकर खड़ा कर दिया। वहीं पीछे से आ रही तेज रफ्तार दूसरा कंटेनर भी अनियंत्रित होकर खड़ी कंटेनर में टकरा गई। घायलों में पवन पुत्र गुल्ले सिंह निवासी रागोपुरा जिला गुना मध्य प्रदेश व शिवाकांत पुत्र रघुवीर निवासी आदमपुर हरदोई को एंबुलेंस 1033 से अस्पताल भेजा गया।

# महिला ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला गांव निवासी संतरा देवी ने शनिवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी दो लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है दी गयी तहरीर मे बताया है की 27 जुलाई को पुरानी रंजिस की बात को लेकर गांव निवासी श्यामजीत व बबलू गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया मामले की जांच एसआई घनश्याम सिंह द्वारा किया जा रहा है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर दो लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# विशेष अभियान में 54 वाहनों का ई-चालान

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मोहम्मदाबाद गोहना क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 54 वाहनों का ई-चालान किया गया। पुलिस ने हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र, वाहन के कागजात और यातायात नियमों की जांच की। कोतवाल कमलकांत वर्मा ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करने की अपील की।

# रतनपुरा स्टेशन की सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** रतनपुरा के युवा साहू नेता अंगद साहू ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर रतनपुरा रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव, कंप्यूटरीकृत आरक्षण काउंटर, वाराणसी के लिए मेमू/डेमू ट्रेन संचालन तथा दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन मऊ, बलिया और गाजीपुर के हजारों यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए जनहित में आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

# वारंटी अभियुक्ता गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर पुलिस ने वारंटी अभियुक्ता उषा देवी, निवासी मर्यादपुर, को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया।

# परिवार परामर्श समिति ने 8 दंपतियों में कराया समझौता

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस कार्यालय में आयोजित परिवार परामर्श समिति की बैठक में 49 मामलों की सुनवाई हुई। इनमें 16 मामलों का निस्तारण किया गया, जबकि समिति के प्रयास से आठ दंपति आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को राजी हो गए। शेष मामलों की अगली सुनवाई 9 अगस्त को होगी।

# दो युवक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, मऊ।** दक्षिण टोला पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत रामपुर चकिया एफसीआईओवर के पास से दो युवकों को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

स्थानीय संपादक : (विष्णु मोहन*)

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# ट्रंप ने किया ईरान युद्ध खत्म होने का ऐलान

## दावा- पश्चिम एशियाई देशों के बीच लड़ाई खत्म करने पर बनी सहमति, नए हमले भी रोके



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने चौंकाते हुए ईरान युद्ध खत्म करने का एलान कर दिया है। एपी की रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि पश्चिम एशिया के देशों के बीच ईरान युद्ध खत्म करने पर सहमति बन गई है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका अब ईरान पर नए हमले भी नहीं करेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार शाम सोशल मीडिया पर दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने ईरान के साथ जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा (आउटलाइंस) पर सहमति बना ली है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति को देखते हुए फिलहाल पांच महीने पुराने इस संघर्ष में नए सैन्य हमलों के आदेश नहीं दिए जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि प्रस्तावित समझौते में हॉर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और पूरी तरह से खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे का अंत शामिल होगा। ट्रंप ने लिख, 'मैंने दुनिया के हित और एक सफल एवं समृद्ध ईरान के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए फिलहाल हमला रद्द करने पर सहमति दी है, बशर्ते जल्द समझौता हो सके।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि इस्राइल ने भी अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के साथ ये समझौता पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे युद्ध समाप्त हो सके। इससे पहले शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रंप से फोन पर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ईरान के खिलाफ अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर चिंता जताई और ट्रंप से लड़ाई आगे नहीं बढ़ाने की अपील की थी। दोनों नेताओं की बातचीत ऐसे समय हुई जब ट्रंप ने सेना को ईरान पर नए हमलों के निर्देश दिए थे। दरअसल सऊदी अरब को आशंका थी कि अगर अमेरिका ईरान के ऊर्जा ढांचे या अन्य प्रमुख बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमला करता है, तो तेहरान जवाबी कार्रवाई में सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकता है। इस सप्ताह की शुरुआत में सऊदी अरब ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के कई लॉजिस्टिक और हथियार ठिकानों पर अमेरिकी कार्रवाई में साथ दिया था। हालांकि, रियाद लगातार अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत से विवाद का समाधान करने पर जोर दे रहा था। इसी क्रम में सऊदी रक्षा मंत्री और क्राउन प्रिंस के भाई खालिद बिन सलमान बुधवार को वॉशिंगटन पहुंचे थे। उन्होंने ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अलग-अलग मुलाकात कर ईरान रणनीति पर चर्चा की।

# इस्राइल को ईरानी हमले से बचा पाएगा अमेरिका?



**वाशिंगटन।** ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष के बीच अमेरिका की रक्षा तैयारियों को लेकर बड़ी चिंता सामने आई है। अमेरिकी यूरोपीय कमान के प्रमुख जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच ने पेंटागन को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना के पास अब इतने युद्धपोत और इंटरसेप्टर मिसाइलें नहीं बची हैं कि वह लंबे समय तक ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से इस्राइल की रक्षा करता रहे।

- युद्धपोत कम, मिसाइलें घटीं
- शीर्ष जनरल की पेंटागन को चेतावनी

**इस्राइल की तुलना में अमेरिका ने खर्ची ज्यादा मिसाइलें: रिपोर्ट**

वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, जनरल ग्रिनकेविच ने भूमध्य सागर में एक और अमेरिकी विध्वंसक तैनात करने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो अमेरिका को भविष्य में एक कठिन फैसला लेना पड़ सकता है। उसे यह तय करना होगा कि वह अपनी मातृभूमि की सुरक्षा को प्राथमिकता दे या फिर इस्राइल की रक्षा के लिए अपने संसाधन खर्च करता रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध के दौरान अमेरिका ने इस्राइल की तुलना में कहीं ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दागी हैं। इन मिसाइलों का इस्तेमाल ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने के लिए किया गया।

रक्षा मामलों से जुड़े थिंक टैंक सीएसआईएस और अमेरिकी रक्षा विभाग के आंतरिक आकलन के अनुसार, अमेरिका के कई अहम मिसाइल सिस्टम का बड़ा हिस्सा इस्तेमाल हो चुका है। इनमें थाड और पेट्रियट जैसे एयर डिफेंस सिस्टम के करीब 50 फीसदी इंटरसेप्टर खर्च हो चुके हैं। इसके अलावा प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल , टॉमहॉक क्रूज मिसाइल, जेएएसएसएम और एसएम-3/एसएम-6 जैसी मिसाइलों के भंडार में भी कमी आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इन अत्याधुनिक मिसाइलों का उत्पादन आसान नहीं है। युद्ध के दौरान खर्च हुए हथियारों की भरपाई करने और पुराने स्तर का स्टॉक तैयार करने में अमेरिकी सेना को कई साल लग सकते हैं। यही वजह है कि रक्षा विशेषज्ञ भविष्य में किसी नए बड़े संघर्ष की स्थिति में अमेरिका की तैयारियों को लेकर चिंता जता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर पश्चिम एशिया के अलावा दुनिया के किसी अन्य क्षेत्र में भी बड़ा सैन्य संकट पैदा होता है, तो अमेरिका के लिए एक साथ कई मोर्चों पर जवाब देना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में उसके सीमित मिसाइल भंडार और युद्धपोतों की उपलब्धता बड़ी चुनौती बन सकती है।


# अमेरिकी रेस्तरां के भीतर गोलीबारी, तीन की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के आइडाहो राज्य के ट्विन फॉल्स शहर में शनिवार दोपहर एक इन-एन-आउट बर्गर रेस्तरां के अंदर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर भी मारा गया है और फिलहाल समुदाय के लिए किसी तरह का खतरा नहीं बचा है। हालांकि, मरने और घायलों की सही संख्या अभी जारी नहीं की गई है। पुलिस के मुताबिक गोलीबारी शहर के सबसे व्यस्त कारोबारी इलाके में हुई। घटना के समय रेस्तरां और आसपास काफी लोग मौजूद थे। कई पुलिस एजेंसियां और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं। अधिकारियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर लोगों से इलाके से दूर रहने की अपील की। मेडिकल टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और इलाज शुरू किया। ट्विन फॉल्स पुलिस प्रमुख मैथ्यू हिक्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें भरोसा है कि अब समुदाय के लिए खतरा खत्म हो चुका है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध हमलावर घटनास्थल के पास ही मृत मिला। पुलिस उसकी पहचान और हमले के पीछे की वजह जानने की कोशिश कर रही है। हिक्स ने कहा कि घटनास्थल पर काफी अफरा-तफरी थी और मृतकों व घायलों की सही संख्या बताने से पहले उनके परिवारों को सूचना देना जरूरी है।

- दो घायल, हमलावर ढेर

**चेतावनी : सिंधु जल संधि पर भारत की दो टूक**

# पाक ने खुद गिराई अपनी साख, पहले खत्म करे आतंकवाद



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) सद्भावना और मित्रता की भावना के साथ की गई थी, लेकिन पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों में इस भावना को लगातार कमजोर किया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा संधि को स्थगित रखने का फैसला केवल उस वास्तविकता को स्वीकार करना है, जिसे पाकिस्तान के व्यवहार ने पहले ही नष्ट कर दिया था।

क्वात्रा ने यह बात न्यूजवीक पत्रिका में प्रकाशित अपने लेख में कही।

क्वात्रा ने लिखा, 'यह याद रखना चाहिए कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे 'सद्भावना और मित्रता की भावना' से संपन्न किया गया था। पाकिस्तान ने आधी सदी तक इस सद्भावना और मित्रता को खत्म करने का काम किया। संधि को स्थगित रखने का फैसला केवल उसी स्थिति को स्वीकार करता है, जिसे पाकिस्तान के आचरण ने पहले ही नष्ट कर दिया था।' 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सिंधु जल संधि के तहत भारत को सिंधु बेसिन की छह नदियों में से तीन पर नियंत्रण मिला, जिनमें कुल जल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा बहता है। वहीं, पाकिस्तान को उन नदियों पर अधिकार मिला, जिनमें करीब 80 प्रतिशत पानी बहता है।

क्वात्रा ने कहा कि इस असंतुलन के कारण भारत के कई क्षेत्रों का विकास लंबे समय तक प्रभावित रहा, फिर भी भारत ने संधि का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में पाकिस्तान ने 1965, 1971 और 1999 में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़े। इसके अलावा उसने सीमा पार आतंकवाद जारी रखा, जिसमें 2001 का संसद हमला, 2008 का मुंबई आतंकी हमला, 2016 के उरी और पठानकोट हमले, 2019 का पुलवामा हमला और 2025 का पहलगाम आतंकी हमला शामिल हैं। क्वात्रा ने कहा कि अगर पाकिस्तान वास्तव में भारत के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर सहयोग चाहता है, तो उसे सबसे पहले वर्षों में खड़े किए गए आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा।

## एक नज़र

### मॉस्को के रेस्तरां में बम धमाका

**विस्फोटक ले जा रही महिला समेत तीन की मौत**

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को के मध्य क्षेत्र में स्थित एक रेस्तरां में शनिवार को हुए बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों में विस्फोट करने वाली महिला भी शामिल है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, मॉस्को के कुद्रिन्स्काया स्क्वायर स्थित रेस्तरां में हुए इस विस्फोट में कम से कम 21 लोग घायल भी हुए हैं। आरआईए नोवोस्ती ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि एक अज्ञात महिला कथित तौर पर विस्फोटक उपकरण को रेस्तरां के भीतर ले जाने की कोशिश कर रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड ने महिला को अंदर जाने से रोक दिया। इसी दौरान विस्फोट हो गया। इस धमाके में महिला, सुरक्षा गार्ड और रेस्तरां में मौजूद एक ग्राहक की मौत हो गई। रूसी समाचार एजेंसी के मुताबिक, मॉस्को जांच समिति ने कहा है कि विस्फोट के कारणों और घटना की सभी परिस्थितियों की जांच की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक मॉस्को की मशहूर स्टालिन-युग की गगनचुंबी इमारतों में से एक में स्थित इस रेस्तरां में एक निजी समारोह आयोजित किया जा रहा था।

### पेरू में विमान हादसा, 13 मरे

**लीमा।** पेरू में शनिवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कम से कम 13 लोगों की जान चली गई। समाचार एजेंसी अल जज़ीरा ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। विमान यात्रियों को प्रसिद्ध नाजका लाइन्स दिखाने ले जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में अधिकतर पर्यटक थे। विमान दुर्घटना के बारे में स्थानीय पुलिस अधिकारी- मेजर जॉर्ज एंड्रेड ने कहा कि 11 यात्री और दो चालक दल के सदस्य मारे गए हैं। दुर्घटनास्थल पर पहुंची स्थानीय मीडिया के हवाले से आई खबरों में बताया गया कि विमान क्रैश होने के बाद तुरंत आग लग गई। तत्काल राहत और बचाव अभियान चलाना असंभव हो गया। विमान ने इका विभाग के पिस्को से उड़ान भरी थी। दुर्घटनाग्रस्त विमान पेरू के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने वाली ऑपरेटर एयरोडियाना के बेड़े का था। दुर्घटना के कारणों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। दरअसल, पेरू प्रमुख अंतरराष्ट्रीय यात्रा गंतव्य है, जो दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है। नाजका लाइन्स देश के दक्षिणी तट के पास रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित हैं, जो एंडीज पर्वत श्रृंखला के किनारे फैली हुई हैं। 500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वी के बीच की इन आकृतियों को यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल घोषित कर रखा है। यूनेस्को इन्हें 'पुरातत्व के सबसे बड़े रहस्यों में से एक' बताता है।

### नगालैंड में कूरियर से कोकीन तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**दीमापुर (नगालैंड)।** नगालैंड पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो कथित तौर पर व्यावसायिक कूरियर और पार्सल सेवाओं के जरिए कोकीन मंगाकर उसकी तस्करी करता था। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह कोकीन आपूर्तिकर्ताओं, संचालकों और वितरण एजेंटों की सुव्यवस्थित एवं संगठित श्रृंखला के माध्यम से संचालित हो रहा था। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच से संकेत मिले हैं कि यह गिरोह पूरी तरह सुनियोजित तरीके से काम करता था। इसमें मादक पदार्थों की खरीद, भुगतान की बहुस्तरीय व्यवस्था, अंतरराज्यीय परिवहन, कूरियर के माध्यम से आपूर्ति और स्थानीय स्तर पर वितरण के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय थीं। इस मामले के दो अन्य आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान गिरोह के अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्कों का भी पता चला है।

# 'समुद्री रक्षक': स्वदेशी डीएससी ए24 पानी में उतरा




**कोलकाता।** भारतीय नौसेना को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। नौसेना का नया पोत 'डीएससी ए24' पानी में उतर चुका है। इसे कोलकाता के टीटागढ़ शिपयार्ड में लॉन्च किया गया। यह पोत देश में ही तैयार किया गया है। इससे हमारी समुद्री सुरक्षा को नई ताकत मिलेगी। नौसेना के कार्मिक प्रमुख वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। उनके साथ कई बड़े सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पोत को हुगली नदी के पानी में उतारा गया। यह जहाज डीएससी (डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट) प्रोजेक्ट का पांचवां पोत है। यह इस पूरी श्रृंखला का आखिरी पोत भी है। इसे 'यार्ड 329' के नाम से भी जाना जाता है। इसका निर्माण टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने किया है। इस पोत को 'कैटामरन-हल' डिजाइन पर बनाया गया है। यानी इसमें एक की जगह दो समानांतर पतवार लगे हैं। इस वजह से यह पानी में तेजी से संतुलित रहता है। समुद्र की तेज लहरों में भी इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचता। इसका वजन लगभग 300 से 400 टन है। डीएससी ए24 पूरी तरह भारत में बने उपकरणों से लैस है। इसमें 70 प्रतिशत मुख्य उपकरण देश की अपनी कंपनियों के हैं।

- देश की समुद्री सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत

# ओमान के तट पर फंसे तेल टैंकर से रिसाव बढ़ा



**मस्कट।** ओमान के तट पर फंसे एक प्रतिबंधित तेल टैंकर से कच्चे तेल का रिसाव बढ़ने के संकेत मिले हैं। हाल की उपग्रह तस्वीरों में समुद्र की सतह पर तेल की परत फैलती दिखाई दी है। यह टैंकर समुद्री संरक्षित क्षेत्र के पास फंसा हुआ है, जिससे पर्यावरण को लेकर चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते टैंकर को नहीं हटाया गया और उसका ढांचा टूट गया तो बड़ा तेल रिसाव हो सकता है, जिससे समुद्री जीवों और तटीय इलाकों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। उपग्रह तस्वीरों के अनुसार तेल की पतली परत करीब 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल चुकी है। ओमान के धोफार क्षेत्र के किब्लियाह द्वीप के तट पर भी कच्चे तेल के धब्बे दिखाई दिए हैं। यह द्वीप हल्लानियात द्वीप समूह का हिस्सा है। पर्यावरण विशेषज्ञ विम ज़्वाइनेनबर्ग ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से टैंकर से कम मात्रा में लगातार तेल निकल रहा है और अब इसका फैलाव धीरे-धीरे बढ़ रहा है। उनके अनुसार हाल के दिनों में रिसाव की मात्रा पहले की तुलना में अधिक दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ा खतरा यह है कि तेज हवाओं और समुद्री लहरों के कारण टैंकर का ढांचा टूट सकता है। मई से सितंबर तक चलने वाले मानसून के दौरान इस इलाके में समुद्र काफी उग्र रहता है। विम ज़्वाइनेनबर्ग का अनुमान है कि टैंकर में आठ लाख बैरल से अधिक कच्चा तेल मौजूद है। यदि पूरा तेल समुद्र में फैल गया तो यह क्षेत्र बड़े पर्यावरणीय संकट का सामना कर सकता है।

- समुद्री संरक्षित क्षेत्र पर संकट मंडरा रहा


**शोध** | **रोमांचक यात्रा जरूरी नहीं, किसी पार्क में कुछ मिनट बिताना भी सुकूनदेह**

# मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए प्रकृति के बीच बिताएं कुछ पल





**रिचमंड (अमेरिका)।** आज की कामकाजी जिंदगी का अधिकांश हिस्सा चारदीवारी के भीतर गुजरता है। घंटों का सफर, लगातार बैठकें और कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता दिन- इन सबके बीच प्रकृति के लिए समय निकालना किसी विलासिता जैसा लगने लगता है। कई लोगों को लगता है कि प्रकृति का आनंद तभी मिलता है, जब लंबी छुट्टी लेकर पहाड़ों पर 'ट्रैकिंग' की जाए या जंगलों में 'कैंप' लगाया जाए। लेकिन अब शोध कुछ और ही कहानी कहते हैं। वे बताते हैं कि प्रकृति का लाभ उठाने के लिए किसी रोमांचक यात्रा पर जाना जरूरी नहीं है। घर या दफ्तर के आसपास मौजूद किसी पार्क या हरियाली के बीच रोज कुछ मिनट बिताना भी तनाव कम करने, मन को शांत रखने और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए काफी हो सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ रिचमंड के प्रोफेसर टॉड लुकिंगबिल बताते हैं कि साल 2026 की वसंत ऋतु में मुझे डेनमार्क में शहरी परिदृश्य के बारे में पढ़ाने और उनका अध्ययन करने का अवसर मिला। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में गिने जाने वाले डेनमार्क से मुझे पहले से ही सुंदर पार्क, खुले आंगनों और साइकिल चलाने के लिए बने रास्तों की उम्मीद थी। वहां यह सब तो मिला ही, लेकिन जिसने सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह यह था कि लोग इन हरित स्थानों का इस्तेमाल अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का स्वाभाविक हिस्सा मानते हैं। ये पार्क केवल छुट्टी बिताने या खास मौकों के लिए सुरक्षित जगहें नहीं थे। लोग यहां दोपहर का भोजन करते, दोस्तों से मिलते, दफ्तर से लौटते समय पैदल गुजरते या कुछ पल शांति से बैठकर सुकून महसूस करते थे। ऐसा लगता था जैसे खुले वातावरण में समय बिताना उनकी दिनचर्या का स्वाभाविक हिस्सा हो। डेनमार्क में यह संस्कृति केवल अच्छी योजना बनाकर बनाए गए उद्यानों की वजह से नहीं बनी, बल्कि इसलिए भी कि वहां हरियाली को लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में इस तरह पिरोया गया है कि प्रकृति उनके दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। रोज पार्क जाने से मिलने वाले फायदे : प्रकृति के बीच समय बिताने से स्वास्थ्य को होने वाले लाभों के प्रमाण अब इतने मजबूत हो चुके हैं कि दुनिया के कई देशों की सार्वजनिक नीतियों पर भी उनका असर दिखने लगा है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में नेशनल पार्क सर्विस की 'हेल्दी पार्क्स हेल्दी पीपल' और पार्कआरएक्स' जैसी पहलें इस सोच को बढ़ावा देती हैं कि पार्क तक आसान पहुंच लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हालांकि, अधिकतर अमेरिकी जब 'पार्क' शब्द सुनते हैं, तो उनके मन में सबसे पहले येलोस्टोन, योसेमिटी या ग्रैंड कैन्यन जैसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों की तस्वीर उभरती है। लेकिन सच यह है कि स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक लाभ उन पार्कों से मिलता है, जहां लोग जीवन में एक बार नहीं, बल्कि बार-बार जा सकें। यानी घर या दफ्तर के पास मौजूद छोटे-छोटे पार्क, हरित क्षेत्र और खुले स्थान कहीं अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। मेरे अपने शोध ने भी यही बात साबित की। मैंने अमेरिकी गृहयुद्ध के ऐतिहासिक युद्धस्थलों पर विकसित या संरक्षित पार्कों का अध्ययन किया।

## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085583

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089